राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 11
लखनऊ, सोमवार 26 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सरकार नेत्र देखभाल सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध : बृजेश पाठक 03

मन की बात से मिलती है समृद्ध भारत की प्रेरणा : पुष्कर सिंह धामी 12

### सूचना

सुधी पाठकों, वितरकों, विज्ञापनदाताओं को जनमाष्टमी की शुभकामनाएं। इस अवसर पर दिनांक 26 अगस्त 2024 को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 28 अगस्त को प्रकाशित होगा।

प्रधान संपादक

## सीएम योगी ने ब्रजवासियों को दी रोप-वे की सौगात

**मथुरा।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ब्रजवासियों को रोप-वे की सौगात दी। अब ब्रह्मांचल पर्वत पर विराजमान लाडली किशोरी राधा रानी के लिए भक्तों को 251 सीढ़ियां नहीं चढ़नी पड़ेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरसाना में 15.89 करोड़ रुपये की लागत से मथुरा- वृंदावन विकास प्राधिकरण के अधीन पीपीपी मॉडल पर रोप-वे प्रोजेक्ट की शुरुआत की है। योगी सरकार ब्रज में लगातार पर्यटन सुविधाओं में इजाफा कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने बरसाना आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को रोप-वे सेवा की सौगात दी। ब्रज की महारानी श्री राधा रानी की नगरी बरसाना के ब्रह्मांचल पर्वत पर लाडली जी मंदिर स्थित है। मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को करीब 251 सीढ़ियों को चढ़कर जाना पड़ता था, लेकिन अब रोप-वे से राधा रानी के मंदिर तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को आसानी होगी। बरसाने में बने 210 मीटर लंबे इस रोपवे में 12 ट्रॉली संचालित होंगी। प्रत्येक ट्रॉली में छह लोग बैठ सकेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन को किया संबोधित, कहा

# महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य

### पीएम ने सम्मेलन में 11 लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों के बारे में कड़ा संदेश देते हुए कहा कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप है और दोषी कोई भी हो, वह बचना नहीं चाहिए।

लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मैं एक बार फिर देश के हर राजनीतिक दल से कहूंगा और राज्य सरकार से कहूंगा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप है। दोषी कोई भी हो वह बचना नहीं चाहिए। उसको किसी भी रूप में मदद करने वाले बचने नहीं चाहिए। अस्पताल हो, स्कूल हो, दफ्तर हो या



फिर पुलिस व्यवस्था के किसी भी स्तर पर लापरवाही होती है, सबका हिसाब होना चाहिए। महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए हमारी सरकार कानून को भी लगातार सख्त बना रही है। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए सख्त कानून बनाए हैं। नई भारतीय न्याय संहिता में भी कई कड़े प्रावधान किए गए हैं। पहले की सरकारों के 7 दशक और मोदी सरकार के 10 साल की तुलना की जाए तो देश की बहन-बेटियों के लिए जितना काम उनकी सरकार ने किया है, आजादी के बाद किसी सरकार ने नहीं किया। प्रधानमंत्री मोदी ने लखपति दीदी सम्मेलन में 11 लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने ढाई हजार करोड़ रुपये का एक रिवाल्विंग फंड जारी किया। इससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूह के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा। उन्होंने 5000 करोड़ रुपये का बैंक ऋण भी वितरित किया। इसे 2.35 स्वयं सहायता समूह के 25.8 लाख सदस्यों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज समाज और राष्ट्र के विकास में मातृ शक्ति आगे आ रही है और अपना योगदान दे रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने वादा किया था कि वह 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे। इसका मतलब है कि महिलाएं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से सालाना 01 लाख से अधिक कमाएंगी। लखपति दीदी केवल बहन बेटियों की कमाई बढ़ाने का अभियान नहीं बल्कि पूरे परिवार और पीढ़ियों को सशक्त बनाने तथा गांव के अर्थतंत्र में बदलाव लाने का माध्यम है। उन्होंने इस दौरान नेपाल में हुए बस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के जलगांव के अनेक साथियों को इस दुर्घटना में हमने खोया है। वे विश्वास दिलाते हैं कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से पूरी मदद की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी हालिया पोलैंड यात्रा का भी जिक्र किया और कहा कि वहां की राजधानी में एक कोल्हापुर मेमोरियल है।

### न्याय को सरल व स्पष्ट बनाने की हम सबकी जिम्मेदारी

**जोधपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्याय को सरल एवं स्पष्ट बनाने के लिए सबकी सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा है कि राष्ट्रीय एकता न्याय व्यवस्था का नींव का पत्थर है और यह जितना मजबूत होगा, हमारे देश की व्यवस्थाएं उतनी ही मजबूत होगी। श्री मोदी रविवार को यहां उच्च न्यायालय जोधपुर के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित प्लेटिनम जुबली समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि न्याय हमेशा सरल और स्पष्ट होता है लेकिन कई बार प्रक्रियाएं इसे मुश्किल बना देती है। उन्होंने कहा कि हम सब की सामूहिक जिम्मेदीर है कि न्याय को ज्यादा से ज्यादा सरल एवं स्पष्ट बनाये। उन्होंने कहा कि उन्हें संतोष है कि देश में इस दिशा में कई ऐतिहासिक एवं निर्णायक कदम उठाये गये हैं और पूरी तरह अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को रद्द किया गया हैं और आजादी के इतने दशक बाद गुलामी की मानसिकता से उबरते हुए इंडियन पीनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता को अपनाया है। श्री मोदी ने कहा कि दंड की जगह न्याय, यह भारतीय चिंतन का आधार भी है। भारतीय न्याय संहिता इस मानवीय चिंतन को आगे बढाती है। भारतीय न्याय संहिता हमारे लोकतंत्र को कोलोनियल माइंडसेट से आजाद करती है। उन्होंने कहा कि न्याय संहिता की यह मूलभावना ज्यादा से ज्यादा प्रभावी बने, ये दायित्व अब हम सभी के सामने है। उन्होंने कहा कि आज देश के सपने भी बड़े है और देशवासियो की आकांक्षाएं भी बड़ी है, इसलिए यह जरुरी है कि हम नये भारत के हिसाब से नये नवाचार करे और अपनी व्यवस्थाओं को आधुनिक बनाये। यह जस्टिस फार ऑल के लिए भी उतना ही जरुरी है।

### फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने रविवार को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का मास्टर माइंड रविकेश लखनऊ से गिरफ्तार किया है। इस मामले में सात आरोपी पहले से जेल में है। एटीएस से मिली जानकारी के मुताबिक, अभियुक्त मूलरूप से बिहार राज्य के दरभंगा का रहने वाला है। उस पर पच्चीस हजार रुपये का इनाम था। उसने अपना जूर्म स्वीकारते हुए बताया कि फर्जी प्रमाण बनाने के लिए दो वर्ष पूर्व उसने दो वेबसाइड बनाया। इसके बाद फेसबुक के जरिए उत्तर प्रदेश और बिहार के कई लोगों को इस काम को करने के लिए शामिल किया। फर्जी प्रमाण पत्र से उसे तीन से चार हजार रुपये प्रतिदिन कमाई होने लगी। इस दौरान रायबरेली के ग्राम विकास अधिकारी की मूल आईडी व पासवर्ड का दुरूपयोग करके फर्जी प्रमाण पत्र बनाए जाने लगे।

### योगी सरकार का बड़ा फैसला, 18 आईपीएस के ट्रांसफर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर योगी सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 18 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए है। सरकार ने इन अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें 2021 बैच के 6 और बाकी सभी 2022 बैच के ट्रेनी आईपीएस अधिकारियों के नाम शामिल है। जिन ट्रेनी आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए है उनकी सूची जारी कर दी गई है। 2022 बैच के आईपीएस ऋषभ रुनवाल को सहायक पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में तैनाती दे दी गई है। आईपीएस सुमित सुधाकर 2022 सहायक पुलिस आयुक्त गाजियाबाद, आईपीएस भोसले विनायक 2022 सहायक पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर, आईपीएस अंकित जैन 2022 सहायक पुलिस अधीक्षक झांसी, आईपीएस मनोज कुमार यादव 2022 सहायक पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर, आईपीएस निजुल 2022 सहायक पुलिस अधीक्षक मेरठ , आईपीएस पिंकल जैन 2022 सहायक पुलिस अधीक्षक मथुरा, आईपीएस लिपि नागवच 2022 सहायक पुलिस अधीक्षक अलीगढ़, आईपीएस आलोक कुमार 2022 सहायक पुलिस अधीक्षक गोरखपुर, आईपीएस मयंक पाठक 2022 सहायक पुलिस अधीक्षक आगरा भेज दिया गया है।

## दो हिस्सों में बंटी किसान एक्सप्रेस, 13 बोगियां लेकर चार किमी आगे निकला इंजन



समृद्धि न्यूज

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में स्योहारा स्टेशन के पास किसान एक्सप्रेस ट्रेन (13308) दो हिस्सों में बंट गयी। इंजन 13 बोगियों को लेकर करीब चार किलोमीटर आगे निकल गया और आठ डिब्बे पीछे छूट गए। हादसे के वक्त ट्रेन की गति 85 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे थी। रेल अधिकारियों के मुताबिक मुरादाबाद रेल मंडल के स्योहारा स्टेशन से कुछ ही दूरी पर स्थित रायपुर रेलवे फाटक के पास रविवार तड़के दो हिस्सों में बट गयी।

किसान एक्सप्रेस लगभग सवा घंटा देरी से चल रही थी। उन्होंने बताया कि किसान एक्सप्रेस धामपुर स्टेशन से निकल कर जब स्योहारा क्षेत्र के गांव रायपुर के पास पहुंची तो अचानक बोगी नंबर एस-3 एवं एस-4 का कपलिंग टूट गया। इससे बोगी एस-4 सहित पीछे की आठ बोगी वहीं रुक गईं, जबकि 13 बोगी इंजन के साथ करीब चार किलोमीटर तक आगे चली गईं। फिरोजपुर से धनबाद जाने वाली 13308 डाउन किसान एक्सप्रेस ट्रेन धामपुर रेलवे स्टेशन पर रात्रि 02.22 पर पहुंचती है जो शनिवार देर रात को 1.13 मिनट की देरी से करीब 3.35 पर पहुंची थी। इसके बाद 3 मिनट रुक कर 3.38 पर वहां से स्योहारा स्टेशन के लिए चल दी थी। स्योहारा स्टेशन पहुंचने से पहले हादसा हो गया।

### तीन बसों से भेजे गए सिपाही भर्ती परीक्षा के 200 से अधिक अभ्यर्थी

फिरोजपुर से धनबाद जा रही किसान एक्सप्रेस से उप्र सिपाही भर्ती परीक्षा देने 200 से अधिक अभ्यर्थी मुरादाबाद व बरेली आ रहे थे?। धामपुर रेलवे स्टेशन से स्योहारा स्टेशन के लिए ट्रेन सही चली थी मगर स्योहारा स्टेशन पहुंचने से पहले हादसा हो गया और किसान एक्सप्रेस कपलिंग टूटने की वजह से दो हिस्सों में बंट गई। ट्रेन खराब होने से परीक्षा छूटने के डर के चलते परीक्षार्थियों ने हंगामा किया। इस पर पुलिस–प्रशासन के अधिकारियों ने लगभग 200 परीक्षार्थियों को गांव के बाहर से रोडवेज की तीन बसों में बैठाकर रवाना किया।



# दो हिस्सों में बटा गांव, शिक्षा से वंचित रहते हैं बच्चे

- एक दूसरे से मिलने के लिए पड़ती है नाव की जरूरत

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

निघासन तहसील के ग्राम पंचायत बरोठा के मंजरे लंघनियापुरवा गांव के बाशिंदे दस सालों से ज्यादा समय से निकास की समस्या से जूझ रहे हैं। इस गांव से निकलने के रास्ते पर नाला बहता है। इसकी वजह से दो हिस्सों में बंटे इस गांव के लोगों को तीन किलोमीटर का ज्यादा चक्कर लगाना पड़ता है।

इस नाले पर बनी पुलिया पंद्रह साल पहले टूट गई थी। इसके बाद किसी ने इसकी सुध नहीं ली। नाले के दक्षिण हिस्से में रहने वाले गांव के लोगों को कच्ची पगडंडी जैसा रास्ता मुहैया है। वहां न चारपहिया गाड़ी जा सकती है और न एंबुलेंस। स्कूली बच्चों तक को दिक्कत होती है। निघासन ब्लाक की बरोठा ग्राम पंचायत के लंघनियापुरवा गांव को बीच में बहने वाले बनबसा नाले ने दो हिस्सों में बांट दिया है। नाले के उत्तर रहने वाले लोग तो बरोठा गांव से जुड़े रहते हैं। उनको सारी सुविधाएं मुहैया हो जाती हैं लेकिन दक्षिणी हिस्से में रहने वाले लोगों को समस्याएं झेलते हुए सालों हो गए। यहां से निघासन पहुंचने का रास्ता तीन किलोमीटर है लेकिन यह तब है जब नाले पर पुलिया बनी हो। पुलिया न होने से इन लोगों को करमूपुरवा और झंडी होते हुए चार किलोमीटर का ज्यादा चक्कर लगाना पड़ता है।



### महज पैदल चलने भर का है रास्ता

लंघनियापुरवा गांव के दक्षिणी हिस्से तक पहुंचने के लिए महज पैदल, साइकिल या दोपहिया गाड़ी ले जाने भर का रास्ता है। चारपहिया गाड़ी जाने का रास्ता न होने से एंबुलेंस और पुलिस की गाड़ी तक यहां पहुंचना मुश्किल होता है। यहां के लोग बताते हैं कि करीब पचास साल पहले इस नाले पर पुलिया बनी थी जो जर्जर होकर करीब पंद्रह साल पहले टूट गई। इसके बाद वे हर बार पुलिया बनने की आस में रहते हैं। वादे तो होते हैं लेकिन चुनाव बाद कोई पूछने तक नहीं आता।

### चुनाव में वोट न डालने का लिया फैसला

लंघनियापुरवा गांव से निकास न होने से यहां के लोग स्वास्थ्य, शिक्षा और सरकारी योजनाओं ने वंचित रह जाते हैं। अपने साथ होने वाले सौतेले व्यवहार की वजह से यहां के लोग अफसरों और जनप्रतिनिधियों दोनों से बराबर खफा हैं। पुलिया बनाने के लिए ग्रामीणों ने कई बार अफसरों और जनप्रतिनिधियों की परिक्रमा की। ग्रामीणों को आश्वासन तो दिया लेकिन काम कुछ नहीं हुआ। बीते लोकसभा चुनाव में ग्रामीणों ने पुलिया बनने तक किसी भी चुनाव में वोट न डालने का फैसला लिया था।

### पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं बच्चे

सीधा रास्ता न होने से यहां के बच्चे पढ़ने स्कूल नहीं जा पाते। चौड़ा रास्ता न होने से गांव में अचानक किसी के बीमार होने पर उसे किसी तरह अस्पताल लेकर भागना होता है। एंबुलेंस रास्ता न होने से गांव तक नहीं पहुंच पाती। गांव के विश्राम बताते हैं कि बारिश के दिनों में पानी ज्यादा होने से बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। कुछ बच्चे नाव से नाला पार करके जाते हैं। उपदेश कहते हैं कि पुलिया टूटने के बाद स्थायी समस्या हो गई है। अब तो ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर नाला पार करने की आदत सी हो गई है। अजय कहते हैं कि पुलिया न होने से बच्चे पढ़ने नहीं जा पाते। अफसर और नेताओं ने दिलासा तो दिया लेकिन फिर हमारे गांव की तरफ मुड़कर नहीं देखा। हमको चार किलोमीटर ज्यादा दूरी तय करके करमूपुरवा और झंडी चौराहा होकर निघासन पहुंचना पड़ता है।

# क्षेत्रीय लेखपाल के मना करने के बावजूद भी बिना अनुमति के कट गए प्रतिबंधित पेड़



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना खमरिया क्षेत्र में बगैर परमिट लिए हरे पेड़ों के कटान का धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। वन विभाग की साठगाठ कहे या लकड़कट्टो की दबंगई, दिनदहाड़े प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों पर अवैध ढंग से दिन रात आरा चल रहा है।

सूत्रों की माने तो लकड़ी ठेकेदार जिम्मेदार विभागों के रसूख के बल पर बिना परमिट के पेड़ों को काटने की अनुमति ले लेते हैं और अनन-फनन उसे काट कर ठिकाने लगा देते हैं। क्षेत्र में प्रतिदिन दर्जनों पेड़ काटकर ले जाए जा रहे हैं।

वन विभाग व उच्चधिकारी से यदि कोई शिकायत भी करता है तो लकड़ कट्टो पर कोई ठोस कार्यवाही नही होती। कुछ लकड़कट्टो की माने तो उनकी अधिकारियो से अच्छी खासी पहचान बन गई है जिससे वह हरे पेड़ों की कटान से नहीं डरते हैं। वह वन कर्मियों को पेड़ काटने के बदले हजारों रुपये देते हैं। अंधाधुंध हो रही पेड़ों की कटान से क्षेत्र से हरियाली ही नहीं नष्ट हो रही है अपितु पर्यावरण प्रदूषण की समस्या भी बढ़ती जा रही है।

> दिनांक 24/08/2024 को शाम 4 बजे अपने क्षेत्र मे थी इस दौरान सूचना मिलने पर मैं न्याय पंचायत / ग्राम पंचायत लाखुन पहुंची जहां प्रतिबंधित पेड़ो का कटान हो रहा था। मेरे मना करने के बावजूद कटान होता रहा जिससे मैंने अपने उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना उपलब्ध करा दी है।
> **क्षेत्रीय लेखपाल, कुमारी जैनब**

> इस संबंध में जांच की जाएगी अगर प्रतिबंधित पेड़ बिना परमिशन के कटे हैं तो ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी
> **थाना प्रभारी खमरिया, विवेक उपाध्याय**

इस संबंध में रेंजर धौरहरा से फोन पर बात करने पर उन्होंने बताया कि कोई भी परमिशन नहीं है हम अपने हमराहों को भेज कर जांच करवाते हैं ऐसा करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

जांचोपरांत रेंजर धौरहरा ने बताया कि जांच की गई जांच में दो पेड़ गुलर के कटे हुए पाए गए है कटान करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्यवाही के आदेश दे दिए गए हैं।

## खबरें एक नजर में

### मामूली विवाद के चलते मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।** खमरिया थाना क्षेत्र के समैसा गांव में दो दिन पहले हुई मारपीट में जख्मी युवक की मौत हो गई। जिला अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के समैसा गांव में अच्छे उर्फ आफताब और अजीमुद्दीन के घर के छोटे छोटे बच्चों के बीच झगड़ा हो गया। जिसका बीच बराव भी लोगों ने करा दिया। आफताब की पत्नी नगमा का आरोप है कि अजीमुद्दीन और उसकी पत्नी नसीमुन व बेटी आरजू ने तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर आफताब को लाठी डंडों से पीटा। खमरिया पुलिस ने जानकारी होने पर जख्मी आफताब को खमरिया सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रविवार को इलाज के दौरान आफताब उम्र करीब 35 वर्ष की मौत हो गई। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है, अभियोग पंजीकृत है आरोपी हिरासत में है। बॉडी पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजी गई पीएम रिपोर्ट आने के उपरांत कार्यवाही की जाएगी। *-विवेक कुमार उपाध्याय, थाना प्रभारी खमरिया।*

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल



**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव हरीनगर गुरुद्वारा के पास शनिवार सुबह करीब पांच बजे दो बाइकों की भिड़त में एक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई तीन गम्भीर रुप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने आनन- फानन में घायलों को मोहम्मदी सीएचसी भेजा तथा मृतक का पंचनामा भरकर जिला मुख्यालय भेज दिया। अमीर चौकी प्रभारी सतीश द्विवेदी ने बताया कि शनिवार सुबह ग्राम हरिनगर गुरुद्वारा के पास आवारा जानवर को बचाने के चक्कर में दो बाइकों कि आमने-सामने जबरदस्त भिडंत हो गई।सूचना मिलने पर चौकी अमीरनगर पुलिस फोर्स तत्काल घटना स्थल पर पहुंचा तो ज्ञात हुआ कि मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस रजिस्ट्रेशन नंबर UP 34 BR 9250 कि चालक अनूप पुत्र रामदत्त निवासी चंदेशिवा थाना लहरपुर सीतापुर अपने साथी संजय पुत्र प्रेम शंकर निवासी उपरोक्त के साथ लखीमपुर खीरी से शाहजहांपुर यूपीपी का पेपर देने जा रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर 23 BH1622E के चालक मोहित मेहता पुत्र अर्जुन सिंह मेहता निवासी अल्मोड़ा अपने साथी गोपी के साथ नेपालगंज नेपाल जा रहे थे।तभी हरी नगर गुरुद्वारा के पास एक सांड को बचाने के कोशिश में दोनों मोटरसाइकिल चालक आपस में टकरा गए।जिससे दोनों मोटरसाइकिल चालक व उनके साथियों को गंभीर चोटें आई।जिन्हें तत्काल एंबुलेंस द्वारा सीएचसी मोहम्मदी ले जाया गया। बाइक चालक अनूप पुत्र रामदत्त को मृत घोषित कर दिया गया व मोहित मेहता व उसके साथी गोपी को गंभीर घायल होने के कारण जिला शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं संजय पुत्र प्रेम शंकर का इलाज सीएससी मोहम्मदी में चल रहा है।

### लालपुर ढाका में सुतिया नाले में डूबे दूसरे बच्चे का भी बरामद हुआ शव

**पलियाकलां-खीरी, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को स्कूल से आने के बाद चार बच्चे गर्मी के बीच नाले में नहाने चले गए थे। दो बच्चे पानी में डूब गए थे। मामले की सूचना पर बड़ी संख्या में परिजन सहित ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे थे। सूचना पर पुलिस मौके पर जा पहुंची थी। एक बच्चे के शव को ग्रामीणों ने बरामद कर लिया जबकि दूसरे बच्चे की तलाश गोताखोरों की टीम कर रही थी। रविवार सुबह करीब पांच किमी दूर दूसरे बच्चे का शव मरौचा क्षेत्र में बरामद कर लिया गया। हादसे से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। पलिया कोतवाली क्षेत्र के गांव लालपुर ढाका निवासी पकरिया सुतिया नाला में चार बच्चे स्कूल से पढ़कर आने के बाद नाले में नहाने गए हुए थे। बताया जाता है चार लड़कों में दो बच्चे नहाते हुए बाहर निकल आए थे। मगर दो लड़के नहाते नहाते डूब गए। सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे थे। ग्रामीणों ने एक बच्चे के शव को बरामद कर लिया था। जबकि दूसरे बच्चे का काफी देर तक कोई अता-पता नहीं चल सका था। गोताखोरों ने प्रनीत पुत्र विरेंद्र कुमार 13 वर्ष निवासी लालपुर ढाका का शव शनिवार को बरामद कर लिया गया था। जबकि आनंद कुमार पुत्र सन्तोष 12 वर्ष की तलाश कराई जा रही थी। रविवार सुबह घटना स्थल से करीब पांच किमी दूर आनंद का शव भी बरामद कर लिया गया। मृतक बच्चों के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

### नपा अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।** प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात करते है। उसी क्रम में 113वें मन की बात के कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अपने बूथ 206 कार्यकर्ताओं के साथ सुना। प्रधानमंत्री ने मन की बात के 113 वें कार्यक्रम में चन्द्रयान 3 की सफलता के एक वर्ष पूर्ण करने पर बधाई दी। 01 सितम्बर से 30 सितम्बर तक चलने वाले पोषण अभियान की ओर ध्यान आकर्षित किया , श्रवण पूर्णिमा को रक्षाबंधन के दिन संस्कृत दिवस की बधाई दी। फिट इंडिया के योग अपनाने को कहा, एक पेड माँ के नाम अभियान, पैरा ओलंपिक के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं, के साथ रिसाइक्लिंग पर मन की बात मे जिक्र किया। इस अवसर पर मण्डल प्रभारी राजीव कौशल, जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा विनोद स्वर्णकार,नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार,नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा,नगर कोषाध्यक्ष विमलेश वर्मा, मण्डल महामंत्री बाँकेगंज विक्रम राज, शक्ति केन्द्र संयोजक सुनील मिश्रा,बूथ अध्यक्ष प्रदीप खतौलिया,मनोज बाथम,पूर्व नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा विजय मिश्रा, अरविंद मिश्रा ,सोनू त्रिवेदी,रजत गुप्ता ,जीतू वर्मा,काके सहगल, लवकुश अवस्थीआदि लोग मौजूद रहे।

# शास्त्र विरुद्ध साधना जीवन नष्ट कर देती हैं : संत रामपाल महाराज

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



**लखीमपुर खीरी** के भोगीपुरवा में जगत गुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज का पवित्र गीता जी, पवित्र पुराण, पवित्र वेद, कुरान शरीफ, बाइबल से प्रमाणित जिला स्तरीय मासिक सत्संग सम्पन्न हुआ , जिसमे लखीमपुर खीरी के गांव-गांव से जगत गुरू संत रामपाल जी महराज के सैकड़ों अनुयायियो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सन्त रामपाल जी ने बताया कि युजुर्वेद अध्याय 29 मंत्र 25 में लिखा है कि आज अर्थात वर्तमान में शरीर रूप महल में दुराचार पूर्वक झूठी पूजा में लीन मननशील व्यक्तियों को लगाई हुई आग अर्थात शास्त्र विधि रहित वर्तमान पूजा जो हानिकारक होती है अग्नि जलाकर भस्म कर देती है ऐसे साधक का जीवन शास्त्र विरुद्ध साधना नष्ट कर देती है उसके स्थान पर देवताओ के देवता पूर्ण परमात्मा सतपुरुष की वास्तविक पूजा है दयालु जीव का वास्तविक साथी पूर्ण परमात्मा के स्वस्थ ज्ञान अर्थात यथार्थ भक्ति को संदेश वाहक रूप में लेकर आने वाला तथा बोध कराने वाला कबीर परमेश्वर है कबीर परमेश्वर ही सबके रचनहार हैं और सबका पालन पोषण करते हैं सभी आत्माएं कबीर परमेश्वर की ही आत्मायें हैं।

जिला कार्डिनेटर रविकुमार ने बताया कि जनपद लखीमपुर खीरी में जगतगुरु तत्वदर्शी सन्त रामपाल जी महाराज के हजारों अनुयाई हैं और सन्त रामपाल जी महाराज द्वारा बताई गई शास्तानुकुल भक्ति साधना करके सभी कुरीतियों को त्यागकर सुखमय जीवन यापन कर रहे है व सभी दहेज लेनदेन, नशा, मांसाहार आदि कुप्रथाओ को समाप्त कर व्यवस्थित जीवन जी रहे हैं संत रामपाल जी द्वारा लिखित पुस्तक ज्ञान गंगा मंगाने हेतु 8193819381 पर अपना नाम पता मेसेज करें।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

प्रत्येक रविवार को होने वाले मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन विकास खण्ड मितौली में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के सभी पांचो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में अधीक्षक डॉ देवेन्द्र सिंह के संरक्षण में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया गय। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कल्लुआमोती में डॉक्टर शला अंसारी द्वारा 78 मरीज , ककरहा डॉ उस्मान अयूबी द्वारा 65मरीज, संडिलवा डॉ पंकज शुक्ला द्वारा 71 मरीज, चुरईपुरवा डॉ पूनम सिंह द्वारा 69 मरीज, कैमहरा डॉ विपनेश कुमार द्वारा 55 मरीजों को स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गई। सभी मरीजों को उचित परामर्श के साथ निशुल्क दवाएं दी गई।

### अध्यक्ष गोला ने डीएम से की भेट, जताया आभार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद गोला के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने शनिवार शाम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से भेंट कर गोला नगरवासियों की ओर से आभार जताया। इस दौरान चेयरमैन ने डीएम को नपाप गोला की बोर्ड बैठक में पारित धन्यवाद प्रस्ताव की एक प्रति भी सौपी। डीएम से भेट के दौरान चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने श्रावण मास में बड़ी संख्या में गोला आने वाले कावंरियों, श्रद्धालुओं की प्रमुख समस्याओं जैसे रेलवे स्टेशन के सामने की रोड बनवाने के लिये, नगर के प्रवेश द्वार, नई बाईपास, पटेल चौराहा पर लगे हाईमास्ट को प्रकाशमय कराने के लिये, गोला को आने वाले रास्तों को गड्ढामुक्त कराने के लिये गोला नगरवासियों की ओर से डीएम का धन्यवाद देकर आभार जताया।

# बाबा लक्खीशाह बंजारा सेवा समिति ने मनाई बाबा लक्खीशाह बंजारा की जयंती



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिले के भीरा क्षेत्र में जंगलीनाथ मंदिर पर बाबा लक्खीशाह बंजारा सेवा समिति उ.प्र व सम्पूर्ण बंजारा समाज के द्वारा आयोजन किया गया। जिसमे समाज के लोगों द्वारा मंच के माध्यम से अपना सुझाव दिया जिसमे राजनीतिज्ञ भागीदारी, समाज में फैली कुरीतियों आदि पर चर्चा की गई जिसमे निघासन, तिकुनिया, लखीमपुर क्षेत्र से आकर लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बंजारा समाज के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र पाल सिंह रहे।

कार्यक्रम में बाबा लक्खीशाह बंजारा सेवा समिति से आदिराम, विमल कुमार, प्रधान राजकुमार सिंह, रामजी सिंह, सरजीत सिंह, योगेंद्र सिंह, सुल्तान सिंह व बंजारा समाज से भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, ज्ञान सिंह बंजारा, गढ़ैया प्रधान बलराम सिंह, रामनगर प्रधान महेश सिंह, इटकुटी प्रधान मुकेश सिंह, भाजपा नेता हर्षवर्धन, उपेंद्र सिंह बंजारा, संतोष, चरन सिंह,सतीश एडवोकेट, सूरज, धर्मेंद्र, जंडैल सिंह, जसपाल सिंह,अतीश सिंह, सोढी, खुशीराम, रमेश, सोहन, हुकुम सिंह, नवल, बैजनाथ, जयलाल, रामजी, भूपेंद्र, अयोध्यी व समिति के सदस्य और क्षेत्रवासीगण मौजूद रहे।

# हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद लखीमपुर खीरी के तहसील गोला गोकर्णनाथ के अंतर्गत गोला कस्बे में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद के मार्गदर्शन में हिंदू रक्षा समिति के बैनर तले गोला कस्बे में चल रहे विभिन्न हिंदू संगठन एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पंजाबी कालोनी श्री राम मंदिर गोला से लखीमपुर रोड नानक चौकी से छोटा चौराहा से बड़ा चौराहा मुख्य मार्ग पर गोला उपजिलाधिकारी गोला के माध्यम से हजारों लोगों ने उपस्थित होकर के प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा भारत में बसे हुए अवैध रोहिंग्या मुसलमान को भारत से वापस भेजा जाए, को लेकर के एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा गया। जनपद के हिंदू कार्यकर्ता हजारों की संख्या में माताएं बहने हाथ में पट्टी लेकर के पंजाबी कालोनी में एकत्र हुए।

मुख्य सड़कों पर से होते हुए नानक चौकी से स्टेशन रोड होते हुए छोटा चौराहा से मुख्य सड़कों पर होते हुए बड़ा चौराहा तक पदयात्रा किया। पदयात्रा शांति रूप में रोहिंग्या भारत छोड़ो बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समाज की सरकार सुरक्षा सुनिश्चित करे, कट्टर वादी बांग्लादेश में आए दिन हिंदुओं पर पहले से हमले होते रहे हैं इस समय सरकार गिरने के बाद से कट्टरवादी सरकार के आने के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले बढ़े हैं। हजारों हिंदू माता बहनों को काट दिया गया। उनके साथ सामूहिक बलात्कार किए गए हैं, ऐसे में भारत सरकार बांग्लादेश से हस्तक्षेप करके हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराए। सैकड़ो मंदिर तोड़े गए वही पश्चिम बंगाल में एक डॉक्टर युवती के साथ बलात्कार कर हत्या कर दी गई परंतु पश्चिम बंगाल की सरकार उदासीन रही। ऐसी सरकारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो, और पीड़िता के परिवार के साथ देश खड़ा है अपराधियों को तत्काल फांसी की सजा दी जाए। हजारों युवाओं ने हाथ में पट्टियां लिए हुए




जागो हिंदू जागो के नारे लगाए। भारत माता की जय, बांग्लादेशी रोहिंग्या भारत छोड़ो, बलात्कारियों व हत्यारों को फांसी दो के नारों के साथ शहर गूंज रहा था। इस अवसर पर विपिन मिश्रा आचार्य संजय मिश्रा, ओंकार सिंह, राजेश शुक्ला, मनोज श्रीवास्तव, उमेश तिवारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवा संघ के कार्यकर्ता अक्षत भारती, राजन शुक्ला, राजेश प्रजापति, मनोज कश्यप, नवीन श्रीवास्तव, सुधीर गुप्ता योगेश मिश्रा ,विवेक अवस्थी, रिशु मिश्रा, शिव प्रकाश, सौरभ दीक्षित, अशोक जोशी, आशुतोष, आदेश दीक्षित, विनोद गुप्ता मनीष सिंह चौहान विश्वहिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, हिंदू युवा वाहिनी आदि संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे आदि हजारों लोग उपस्थित रहे।

# झंडी राजा साहब के जनता दरबार में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे सैकड़ों क्षेत्रवासी



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा प्रदेश संयोजक व खीरी जिले के वरिष्ठ नेता राजा राज राजेश्वर सिंह के झंडी कोठी पर रविवार को जनता दरबार लगाया गया जिसमे क्षेत्र के कई गावों में सैकड़ों लोगों ने राजा साहब से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। राजा साहब ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुन संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर उन्हें अवगत कराया व कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया। विगत दिनों क्षेत्र में आई प्रभावित गाँवों में राजा साहब द्वारा ट्रैक्टर, नाव व अन्य माध्यमों से अपनी निजी व्यवस्था से लंच पैकेट बनवाकर लोगों तक पहुँचाते हुये संबंधित जनता की समस्याओं को जनपद के उच्च अधिकारियों तक उठाया था जिसके बाद झण्डी में उनके रहने पर लोगों का आवागमन बढ़ता जा रहा है।

# एडीएम ने लिया परीक्षा केन्द्रों का जायजा, दिए निर्देश

- 6588 ने दी पुलिस भर्ती परीक्षा, 3204 रहे गैरहाजिर
- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 15 केंद्रों पर हुई परीक्षा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



रविवार को यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन 15 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई गई। दोनों पालियों में 9792 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3204 गैरहाजिर रहे। केंद्रों पर सुबह से ही कतार लगाकर परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर, बायोमीट्रिक व फोटोस्कैन के बाद प्रवेश कराया गया। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करती रहीं। पुलिस की खुफिया सेल सोशल मीडिया से लेकर तमाम गतिविधियों की निगरानी करती रही।

अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने दोनो पालियों में परीक्षा केंद्र आदर्श जनता इंटर कालेज देवकली, धर्म सभा इंटर कॉलेज, युवराज दत्त कॉलेज, गुरुनानक इंटर कालेज का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों को चैक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराये।

दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। बताते चले कि जनपद के 15 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 4896 के सापेक्ष पहली पाली में 3264 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1632 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 3324 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1572 ने परीक्षा से किनारा कर लिया।

# ग्रीन संडे मना रहा गायत्री परिवार का युवा प्रकोष्ठ

- काशीरामपुरवा गांव में निकाली वृक्षगंगा शोभायात्रा
- सड़क पर हरियाली को किया पौधरोपण, बांस के ट्री गार्ड बनाकर की पौधों की सुरक्षा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




जहां आजकल छुट्टी के दिन संडे को लोग सैर सपाटा और मौज मस्ती के साथ मनाना पसंद कर रहे हैं वही गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ की टीम हर संडे को किसी चयनित स्थान पर जाकर वृक्ष गंगा अभियान के अंतर्गत पर्यावरण जागरूकता और पौधरोपण का कार्यक्रम कर रही है जिसे ग्रीन संडे यानी कि हरित रविवार का नाम दिया गया है।इसके तहत रविवार को फूलबेहड़ ब्लाक के काशीरामपुरवा गांव में वृक्षगंगा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। वृक्षगंगा अभियान संयोजक अनुराग मौर्य ने बताया गायत्री परिवार फूलबेहड़ ब्लॉक संयोजक कृष्णाकांत शुक्ला की उपस्थिति में युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर टीम के द्वारा तरुपूजन कार्यक्रम संपन्न किया गया। अनुराग मौर्य ने वासियों को बताया। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें पेड़ लगाने से भी ज्यादा पेड़ पौधे बचाने पर ध्यान देना है। हमने अगर पेड़ पौधों को देवी देवता स्वरूप माना है तो उन्हें वैसा ही दर्ज भी देना होगा। उपस्थित ग्राम वासियों और गायत्री परिजनों के द्वारा तरुपूजन (पौधों का पूजन) के बाद ग्राम वासियों ने हरे-भरे पौधों के साथ हरित ग्राम प्रदक्षिणा करके प्रकृति और पेड़-पौधों से आत्मीय संबंध करने का संदेश दिया। यात्रा के बाद गांव की सड़क के किनारे पर ट्री गार्ड सहित अशोक, बॉटल ब्रश, सावनी, आम आदि पौधों का रोपण किया। विदित हो 2 माह पूर्व युवा प्रकोष्ठ द्वारा विश्व योग दिवस से इस सत्र का वर्षाकालीन वृक्षगंगा अभियान शुरू किया गया था जिसके अंतर्गत प्रतिदिन पौधारोपण किया जा रहा है। कार्यक्रम में गायत्री परिजन ओम प्रकाश तिवारी, शिव कुमार गिरि, राम सिंह मौर्य, रामचंद्र वर्मा, कमलेश गिरी, शिव भगवान दुबे युवा प्रकोष्ठ के यज्ञदेव वर्मा, दीपक वर्मा, पार्वती भार्गव, अमल वर्मा, निष्ठा वर्मा आदि मौजूद रहे।

# यूपी में धूमधाम से मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, मुख्यमंत्री ने दिए दिशा-निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। इस साल जन्माष्टमी 26 अगस्त यानी सोमवार को मनाई जाएगी।

मथुरा के साथ-साथ पूरे प्रदेश में यह त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार यह त्योहार घरों और मंदिरों के साथ-साथ पुलिस थानों, कारागारों और पुलिस लाइन में भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव पूरे हर्षोल्लास और भक्तिभाव से मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्योहार के भव्य आयोजन और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के लिए दिशा निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी को लेकर रविवार को अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि,शाही ईदगाह मस्जिद स्थल अत्यंत संवेदनशील है, तथा आईएसआई व अन्य आतंकी संगठनों के निशाने पर है, इसकी विशेष सुरक्षा समुचित पुलिस प्रबंध किए जाएं। बता दें कि कृष्ण जन्मस्थान मंदिर 26 अगस्त को 20 घंटे के लिए खुला रहेगा ताकि भक्त जन्माष्टमी पर निर्बाध दर्शन कर सकें। मंदिर आमतौर पर 12 घंटे खुला रहता है। यहां पर धूमधाम के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि श्रीकृष्ण के 5251 वें जन्म दिवस पर इतने ही दीपकों से जन्माष्टमी की शाम सात बजे दीपदान होगा। 25 अगस्त को शाम 6 बजे दिव्य शोभा यात्रा के साथ भगवान केशवदेव जी, भगवती योगमाया, राधाकृष्ण युगल सरकार को पोशाक अर्पित की जाएगी। सीएम योगी ने इस शोभायात्रा के मद्देनजर भी अधिकारियों को निर्देश दिए है।

# सपा ने मिल्कीपुर से अजीत प्रसाद पर लगाया दांव, रोमांचक जंग के आसार

समृद्धि न्यूज



मिल्कीपुर के जातीय समीकरण कुछ ऐसे हैं, सबसे ज्यादा करीब 65 हजार यादव मतदाता हैं। करीब 60 हजार पासी, 50 हजार ब्राह्मण, 35 हजार मुस्लिम, 25 हजार ठाकुर, गैर-पासी दलित 50 हजार, मौर्य 8 हजार, चौरसिया 15 हजार, पाल 8 हजार, वैश्य 12 हजार के करीब हैं।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने वाले हैं, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट है। यहां के सपा विधायक अवधेश प्रसाद ने अयोध्या संसदीय सीट पर भारतीय जनता पार्टी को मात देकर देश के सियासी जगत में खलबली मचा दी और अयोध्या से सपा के सांसद बने।

अब उपचुनाव एक ससंदीय क्षेत्र के एक विधानसभा सीट का है, लेकिन इस सीट पर भाजपा और सपा दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। भाजपा इस सीट पर जीतकर सपा से अयोध्या की हार का बदला लेते हुए संदेश देना चाहेगी कि अयोध्या वासी अभी भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं तो सपा भाजपा के दावों को फेल करने के लिए सीट पर जीत बरकरार रखना चाहेगी।

कयासों के बीच समाजवादी पार्टी ने अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा पर होने वाले उप चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है। इस सीट पर पहले से ही अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को लड़ाने की मांग चल रही थी, जिस पर शनिवार को सपा राष्ट्रीय एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मांग पर मुहर लगाते हुए अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा से अजीत प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है।

इस सीट पर फिर से सपा का परचम लहराने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दावेदारों को एक मंच पर बुलाकर सम्मानित किया। लोगों से साथ रहकर चुनाव लड़ने की हिदायत दी और भाजपा को फिर से चुनाव में हराने की आह्वान किया।

अखिलेश यादव ने आनंद सेन यादव को चुनाव में खुलकर प्रचार करने को कहा है। मिल्कीपुर के जातीय समीकरण कुछ ऐसे हैं, सबसे ज्यादा करीब 65 हजार यादव मतदाता हैं। करीब 60 हजार पासी, 50 हजार ब्राह्मण, 35 हजार मुस्लिम, 25 हजार ठाकुर, गैर-पासी दलित 50 हजार, मौर्य 8 हजार, चौरसिया 15 हजार, पाल 8 हजार, वैश्य 12 हजार के करीब हैं। 30 हजार अन्य जातियों के मतदाता हैं। मिल्कीपुर में यादव, पासी और ब्राह्मण वोटर अहम भूमिका में रहते है। सपा यादव-मुस्लिम-पासी समीकरण के सहारे जीत दर्ज करती आई है। परिसीमन के बाद 2008 से मिल्कीपुर सुरक्षित सीट होने के बाद से दो बार सपा जीती है और एक बार बीजेपी ने कब्जा जमाया था।

सपा से अवधेश प्रसाद जीतते रहे हैं तो 2017 में बीजेपी से बाबा गोरखनाथ चुने गए थे। सभी पार्टियों की निगाहें मिल्कीपुर में टिक गई हैं और जीतने का दम भर रही हैं। भाजपा, सपा और कांग्रेस तीनों ही चुनाव में ताल ठोक रही हैं। मायावती की पार्टी बसपा की भी मैदान में है। सपा से पहले बसपा उम्मीदवार की घोषणा कर चुकी है। बीएसपी ने रामकोपाल कोरी में मैदान में उतारा है। अब नजरें भाजपा के उम्मीदवार पर टिकी हैं, क्योंकि सीट पर की जिम्मेदारी खुद सूबे मुखिया योगी के हाथों में है। भाजपा ने अभी पत्ता नही खोला है।

## खबरें एक नजर में

### सम्पत्ति का ब्यौरा देने में कर्मचारियों को कोई दिक्कत नहीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कर्मचारी नेता हरि किशोर तिवारी में कहा कि उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों को अपनी चल और अचल संपत्ति की घोषणा में कोई दिक्कत नहीं है। पिछले कई वर्षों से बहुत प्रयास किया जा रहे हैं और बहुत सारे अधिकारियों ने जो शीर्ष अधिकारी हैं। उन्होंने भी देने का मन नहीं बनाया है परंतु यह होना चाहिए अभी कुछ अधिकारियों ने इसे अंतिम तिथि 31 अगस्त की राय देकर मुख्यमंत्री से घोषित कराया है। परंतु दिक्कत यह आएगी प्रत्येक माह का वेतन 20 तारीख से बनना शुरू हो जाता है 25 तारीख को आगे बढ़ जाता है फिर 31 तारीख लास्ट डेट होने पर उनका वेतन इसका मतलब पूरे माह नहीं बनेगा इसलिए इस डेट को इस हिसाब से रखा जाना चाहिए था कि उनके वेतन अवश्य बन जाएं क्योंकि उसमें बहुत सारे कर्मचारी ऐसे होते हैं जो अल्प वेतन भोगी होते हैं। आदेश करने वाले अधिकारियों को चाहिए की प्रैक्टिकलनेस को देखते हुए इस तरह के आदेश करें और संशोधित करने का भी कष्ट करें।

### इप्सेफ की मांगों पर केंद्र के निर्णय के अलावा कोई समझौता स्वीकार नहीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गांधी जयंती 2 अक्टूबर को देशभर के कर्मचारी सत्याग्रह का संकल्प लेंगे जो आगे भी चलता रहेगा। कर्मचारियों की मांगे क्रमशः पुरानी पेंशन की यथावत बहाली, स्थाई राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन,आउटसोर्स कर्मचारी की सेवा सुरक्षा तथा न्यूनतम वेतन सहित नियमित सेवा में वरीयता की नियमावली बनाना हैं। इप्सेफके राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने बताया कि मांगों का ज्ञापन राजनाथ सिंह के माध्यम से कई बार भेजा जा चुका है। श्री सिंह ने इप्सेफके प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया था कि इप्सेफकी मांगों पर प्रधानमंत्री से बातचीत कर निराकरण कराएंगे। इस संबंध में कार्मिक सचिव से वार्ता हुई थी पेंशन बहाली समिति का गठन भी इप्सेफके अनुरोध से गठित हुई परंतु उसकी संस्तुतियों के बारे में निर्णय नहीं किया गया। प्रेम चन्द महासचिव ने बताया कि पिछला वेतन आयोग 2 वर्ष पहले ही गठित हो गया था जिसका लाभ 1 जनवरी 2016 से लागू कर दिया गया था। उसी तरह आठवीं वेतन आयोग भी 2 वर्ष पूर्व अर्थात 2024 में गठित होना चाहिए। अतुल मिश्रा उप महासचिव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा सुरेश रावत ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डेली वेजेस कर्मचारियों का नियमितीकरण की भाँति आउटसोर्स कर्मचारी को विनियमितीकरण की नीति बनाई जानी चाहिए।

### जन्माष्टमी पर नहीं गुल होगी बिजली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर 26 और 27 अगस्त को प्रदेशवासियों को बिजली कटौती से नहीं जूझना पड़ेगा। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने प्रदेश में दो दिन निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए हैं। डा. गोयल के मुताबिक मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप शहर से लेकर गांव तक में सोमवार और मंगलवार को अनवरत बिजली आपूर्ति की जाएगी। निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए विद्युत वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि वे सभी तरह का इंतजाम रखें ताकि स्थानीय स्तर के दोष को भी तत्काल ठीक किया जा सके। वितरण खंडों को सेक्टर में विभाजित कर मानव संसाधन के साथ सामग्री की उपलब्धता के लिए कहा है। जिले स्तर पर कंट्रोल रूम में अधिकारियों की 24 घंटे रोस्टर के अनुसार ड्यूटी लगाने के निर्देश भी अध्यक्ष ने दिए हैं। अधिकारियों, अभियंताओं से कहा गया है कि वे अपने क्षेत्र में सक्रिय रखें और 1912 पर आने वाली सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाई करने के साथ उपभोक्ताओं के फोन पर उन्हें सही जानकारी दें।

### चाइनीज मांझे से युवक की कटी गर्दन, दूसरे युवक की नाक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बाइक से जा रहे दो युवक चाइनीज मांझे का शिकार हो गए। एक युवक की गर्दन कट गई, जबकि दूसरे युवक की नाक कटी है। दोनों युवकों को राहगीरों ने हजरतगंज सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। सईद अली मेंहदी की नाक पर हल्की चोट आई है। सैफकी गर्दन में 7 टांके लगाए गए हैं। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वह चौक का रहने वाला है। घटना हुसैनगंज कोतवाली क्षेत्र के ओवर ब्रिज की है। सईद अली मेंहदी को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

### सिपाही भर्ती परीक्षा : रीजनिंग ने उलझाया, ड्रोन से रखी गई नजर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा तीसरे दिन शांति से संपन्न हो गई। दोनों पालियों में किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। पेपर देकर निकले परीक्षार्थियों ने कहा कि पेपर तो आसान था लेकिन रीजनिंग और मैथ ने उलझा दिया। हिंदी का पेपर पिछली बार से ज्यादा टफथा। परीक्षा के तीसरे दिन भी पुलिस ने काफी सख्ती की थी। परीक्षार्थियों के हाथ में बंधे धागे, कलावा, जूते-मोजे उतरवा दिए गए। किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट परीक्षा कक्ष में नहीं ले जाने दिया गया। ड्रोन से निगरानी की जा रही थी। शहर में परीक्षा के लिए 81 सेंटर बनाए गए हैं। भर्ती बोर्ड की तरफसे जारी बयान के आधार पर दूसरे दिन 20336 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। जिसमें पहली पाली में 10343 और दूसरी पाली में 9993 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे।

### प्रमोद व आराधना ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शुभकामनाएं दीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा एवं आराधना मिश्रा मोना, नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल उत्तर प्रदेश ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये कहा है कि यह पर्व आसुरी प्रवृत्ति की शक्तियों पर धर्म की विजय का संदेश मानव समाज को देते हुये उन्हें सद्कर्म करने की प्रेरणा देता है। यह पर्व मानव जगत को बुरे विचारों का त्याग, धार्मिक सिद्धांतों का पालन तथा निस्वार्थ कर्म करने की प्रेरणा देता है। जब जब धरती पर पाप और अधर्म हद से ज्यादा बढ़ जाता है।

# सरकार नेत्र देखभाल सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध : बृजेश पाठक

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** साइटसेवर्स इंडिया और एबवी इंडिया के सहयोगात्मक अभियान के तहत आयोजित द्वितीय राज्य स्तरीय परामर्श कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार राज्य भर में नेत्र देखभाल सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक व्यक्ति को समय पर और गुणवत्तापूर्ण नेत्र स्वास्थ्य उपचार मिल मिले। इस राज्य-स्तरीय परामर्श जैसी पहल जागरूकता बढ़ाने और अंधेपन की रोकथाम से निपटने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

हम इस उद्देश्य के प्रति समर्पण के लिए साइटसेवर्स इंडिया और एबवी इंडिया के बीच सहयोग की सराहना करते हैं, और हम अपने नागरिकों की दृष्टि और स्वास्थ्य की रक्षा करने वाले प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेंगे। इसमें ग्लूकोमा के कारण होने वाली दृष्टि हानि को रोकने की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित के लिए हुई इस परामर्श ने प्रतिभागिओ की विस्तृत श्रंखला को आकर्षित किया, जिसमे नेत्र रोग विशेषज्ञ, वरिष्ठ ऑप्टोमेट्रिस्ट, सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवर, सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि, सामाजिक वैज्ञानिक शामिल थे। ग्लूकोमा, विश्व स्तर पर अंधेपन के प्रमुख कारणों में से एक है, दृष्टि हानि को रोकने के लिए समय पर पता लगाने और उपचार की आवश्यकता होती है। इस पहल का उद्देश्य जागरूकता फैलाना, पेशेवरों के बीच ज्ञान साझा करना और शीघ्र पहचान को बढ़ावा देने के लिए आंखों की नियमित जांच के लिए प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर एबवी इंडिया के प्रबंध निदेशक सुरेश पट्टाथिल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण पहल पर साइटसेवर्स इंडिया के साथ सहयोग करना एक ऐसे भविष्य पर अपना ध्यान केंद्रित करने के हमारे मिशन को रेखांकित करता है जहां दृष्टि जीवन भर बनी रहती है।

विशेषज्ञों और समुदाय को एक साथ लाकर, हमारा लक्ष्य व्यक्तियों को उनकी दृष्टि की रक्षा करने और अंधेपन को रोकने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरणों के साथ सशक्त बनाना है।डॉ. श्रॉफ चौरिटी आई हॉस्पिटल, नई दिल्ली की चिकित्सा निदेशक और ग्लूकोमा सेवाओं की निदेशक, तथा मुख्य वक्ता डॉ. सुनीता दुबे, तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ एक प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ और ग्लूकोमा विशेषज्ञ हैं तथा भारत में न्यूनतम इनवेसिव ग्लूकोमा सर्जरी शुरू करने में अग्रणी रही हैं।

### ग्लूकोमा दृष्टि के लिए एक मूक खतरा बना हुआ

ग्लूकोमा एक ऐसी स्थिति है जिसके लिए जागरूकता और कार्रवाई दोनों की आवश्यकता होती है और इन परामर्श कार्यक्रमों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य देखभाल के लिए समझ और पहुंच के अंतर को भरना है। व्यक्तियों और समुदायों को नवीनतम ज्ञान और संसाधनों से लैस करके, हम ऐसे भविष्य की ओर महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं जहां ग्लूकोमा के कारण दृष्टि हानि को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सके और रोका जा सकता है। हम इस अभियान का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जो अनगिनत व्यक्तियों की दृष्टि की सुरक्षा के हमारे सामूहिक प्रयास में महत्वपूर्ण प्रयास है। साइटसेवर्स इंडिया के सीईओ श्री आर.एन. मोहंती ने कहा, ग्लूकोमा दृष्टि के लिए एक मूक खतरा बना हुआ है, अक्सर बहुत देर होने तक किसी का ध्यान नहीं जाता है। इस स्थिति के खिलाफ शीघ्र पता लगाना और समय पर उपचार आवश्यक है। साइटसेवर्स इंडिया में, हम सक्रिय नेत्र देखभाल के प्रति सक्रियता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां नियमित जांच और शीघ्र हस्तक्षेप को प्राथमिकता दी जाती है। इन राज्य-स्तरीय परामर्शों के आयोजन में एबवी इंडिया के साथ हमारी साझेदारी ग्लूकोमा से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सपा और कांग्रेस के साथ अब किसी भी चुनाव में गठबंधन नहीं करेगी बसपा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने प्रयागराज में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन को लेकर कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी (सपा) पर रविवार को तंज कसते हुए उन्हें ''दोगली सोच वाले दल बताया और लोगों से उनके ''चाल और चरित्र को लेकर सजग रहने को कहा। उन्होंने साथ ही कहा कि उनकी पार्टी सपा एवं कांग्रेस जैसे दलों के साथ अब किसी भी चुनाव में कोई गठबंधन नहीं करेगी।

मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर लिखा, ''कल (शनिवार) प्रयागराज में संविधान सम्मान समारोह करने वाली कांग्रेस पार्टी को बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के अनुयायी कभी माफ नहीं करेंगे। कांग्रेस ने संविधान के मुख्य निर्माता बाबा साहेब को उनके जीते-जी एवं उनके देहांत के बाद भी भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित नहीं किया। मायावती ने कहा कि बाबा साहेब के अभियान को गति देने वाले मान्यवर श्री कांशीराम का देहांत होने पर भी इसी कांग्रेस ने केंद्र में अपनी सरकार के रहते उनके सम्मान में एक दिन का भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया और न ही तत्कालीन सपा सरकार ने राजकीय शोक घोषित किया।

इनकी ऐसी दोगली सोच, चाल, चरित्र से जरूर सजग रहें। पूर्व मुख्यमंत्री ने जातिगत जनगणना मामले में सवाल उठाते हुए कहा कि केंद्र में भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के सत्ता आने से पहले कांग्रेस ने अपनी सरकार में राष्ट्रीय जातिगत जनगणना क्यों नहीं कराई थी जबकि अब वह इसकी बात कर रही है, जवाब दें? बसपा हमेशा ही इसकी पक्षधर रही है, क्योंकि यह कमजोर वर्गों के हित में बहुत जरूरी है। राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना की मांग पर जोर देते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा था कि देश के 90 प्रतिशत लोग व्यवस्था से बाहर हैं और उनके हित में कदम उठाये जाने की जरूरत है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा था, ''कांग्रेस के लिए जातिगत जनगणना नीति निर्माण की बुनियाद है।

# कुलपति के घर चोरी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर इलाके में खाली घरों की रेकी करके चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी कूड़ा बीनने व कबाड़ खरीदने के बहाने इलाके में घूमकर खाली घरों की रेकी करते। इसके बाद चोरी की घटना को अंजाम देते। पुलिस आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

विधायकपुरम विनयखंड-3 की रहने वाली श्याम किशोरी पत्नी प्रोफेसर एन.बी सिंह ने घर में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। प्रोफेसर एन.बी सिंह ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति हैं। श्याम किशोरी ने बताया कि उन्हें विश्वविद्यालय परिसर में आवास मिला है। जिसकी वजह से गोमतीनगर का घर बंद रहता है। वो बीच-बीच में आकर उसकी देखरेख करती हैं। उन्होंने बताया कि 7 अगस्त को घर आई तो कमरे के ताले टूटे थे। अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली थी। सामान बिखरा था। अलमारी से 600 ग्राम के 6 सोने के बिस्किट, दो सोने के हार और चांदी के अन्य सामान गायब थे। सीसीटीवी में दो चोर घर में घुसते दिखाई दिए हैं। गोमती नगर पुलिस का कहना है कि शिकायत दर्ज कर 3 टीम गठित की गई। सीसीटीवी और सर्विलांस की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही थी। मुखबिर से चोरों की सूचना मिली। सूचना पर पहुंची टीम ने दो आरोपियों को रेलवे लाइन, पानी की टंकी के पास विनीतखंड से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान समई गांव के पास सुशांत गोल्फसिटी के रहने वाले अली हुसैन (30) पुत्र शमशुद्दीन और ग्वारी गांव विकास खंड गोमती नगर के रहने वाले सैज हुसैन उर्फ फैय्याज (30) पुत्र अंजुम हुसैन के रूप में हुई है। अली हुसैन मूल रूप से असम का रहने वाला है, जबकि सैज हुसैन सोनवा श्रावस्ती का रहने वाला है। आरोपियों ने बताया कि उनका गिरोह कूड़ा बीनने व कबाड़ खरीदने के बहाने बंद मकानों की रेकी करते हैं। इसके बाद मौका पाकर चोरी करके गायब हो जाते हैं। आरोपियों के पास चोरी के जेवर भी बरामद हुए हैं।

### करंट लगने से युवक की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में 26 साल के युवक की करंट लगने से मौत हो गई। युवक फर्नीचर का काम करने लखनऊ पब्लिक स्कूल गया था। पानी पीने के दौरान उसे करंट लग गया। आनन फानन उसे अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। अरविंद सिंह (26) आजाद नगर अमौसी का रहने वाला था। शनिवार को ठेकेदार के साथ स्कूल के हेड ऑफिस में काम करने गया। शाम 5.30 बजे पानी पीने के लिए नीचे के फ्लोर पर गया। तभी करंट लग गया। ठेकेदार पास के प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने लोकबंधु अस्पताल रेफर कर दिया। चचेरे भाई प्रदीप सिंह ने बताया कि ठेकेदार बता रहा है कि अरविंद को सरोज अस्पताल और मेदांता अस्पताल लेकर गए। लेकिन उसके पास वहां का कोई कागज नहीं है। घटना के दो घंटे बाद 7.30 बजे अरविंद को घर लेकर पहुंचा। तब परिजनों को घटना की जानकारी हुई। उसके मुंह पर पानी डाला तो हल्की हरकत की। परिवार तुरंत अरविंद को लोकबंधु लेकर गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी।



**अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ने मेधावी बच्चों को सम्मानित किया।**

# विहिप 60 वर्षों का इतिहास लोगों तक पहुंचाएगा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रांत कार्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को विजय प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए बताया कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूरे कर रहा है।

इस अवसर पर 24 अगस्त से 15 सितंबर तक षष्ठी पूर्ति दिवस के रूप में मनाएगा। षष्ठी पूर्ति के तहत अवध प्रांत के 8 विभाग, 25 जिले और 244 प्रखंड में कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे। विजय प्रताप सिंह ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद का 60 वर्षों का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है। 60 वर्षों में हमने हिंदू धर्म के लिए अनेकों कार्य किए हैं। पूरे भारत में हिंदू समुदाय को एक करने के लिए विश्व हिंदू परिषद ने बेहद संघर्ष किया है। हमारा संगठन जाति, मत, पंथ, भाषा और क्षेत्र से ऊपर उठकर मात्र हिंदुत्व के विकास के लिए कार्य करता है। संगठन का पूरा प्रयास होता है कि हिंदुस्तान समेत पूरे विश्व के हिंदुओं की आवाज बने। 60 वर्ष पूर्ण होने पर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रत्येक क्षेत्र में जाकर लोगों के बीच में संगठन की उपलब्धियां को बताएंगे। जन-जन तक विश्व हिंदू परिषद के संदेश और उद्देश्य को पहुंचाएंगे।

# यूनीफाइड पेंशन स्कीम है धोखा मांगी ओल्ड पेंशन, थमा दी यूपीएस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** पुरानी पेंशन की समाप्ति के बाद से ही उसकी बहाली को लेकर देश के सरकारी कर्मचारी आंदोलनरत रहे हैं लेकिन अचानक शनिवार को मोदी सरकार पुरानी पेंशन का एक और नया रूप लेकर सामने आ गयी। कर्मचारी नेता गिरीश कहते हैं कि यूपीएस धोखा है, मांगी ओल्ड पेंशन थमा दी यूपीएस।

लोकसभा चुनावों में भाजपा को लगे तगड़े झटके के बाद से मोदी सरकार और भाजपा अपने पुराने अड़ियल चेहरे को डेंट पेंट करने में जुटी है। हाल में वक्फ बिल को जेपीसी में भेजा जाना और अधिकारियों की सीधी भर्ती के कदम को पीछे खींचना इसके ज्वलन्त उदाहरण हैं। सच तो यह है कि कई राज्यों में होने जारहे विधान सभा चुनावों और उत्तर प्रदेश आदि में होने वाले उपचुनावों को फेस करने में भाजपा को पसीने छूट रहे हैं। यूनीफईड पेंशन स्कीम की घोषणा भी इसी श्रृंखला का अगला कदम मानी जा रही है। इसके बारे में पिछले कई दिनों से चर्चा चल रही थी लेकिन जिस रूप में इसका ऐलान हुआ है, उससे कई गंभीर सवाल भी उठ खड़े हुए हैं। बताया यह जा रहा है कि इसको देश के सारे राज्य लागू करेंगे। पर इसके लिए राज्यों को भारी भरकम बजट चाहिए, जिसको जुटा पाना उनके लिए असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। इसको लेकर कर्मचारी संगठनों में भारी रोष व्याप्त है। ये कथित नयी पेंशन स्कीम उनको मंजूर नहीं है। वे ओपीएस को लेकर आंदोलन अवश्य जारी रखेंगे।

**उन्नति** — 27 को मैनपुरी, 28 को अलीगढ़, एक सितंबर को मीरजापुर व दो सितंबर को मुरादाबाद में आयोजित होगा रोजगार मेला

# मेले के जरिए 30 हजार रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही सरकार

समृद्धि न्यूज



- रोजगार मेला के साथ ही प्रत्येक जनपद में एक-एक हजार नियुक्ति पत्र का भी किया जाएगा वितरण
- रोजगार मेला के माध्यम से 17 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र का किया जा चुका है वितरण
- साढ़े सात वर्षों में साढ़े छह लाख से अधिक सरकारी नौकरियों का सृजन कर चुकी है योगी सरकार

**लखनऊ।** युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मिशन रोजगार के तहत रोजगार मेला का आयोजन कर रहे हैं। अगस्त में अब तक तीन रोजगार मेला का आयोजन करने के बाद अब इसकी रफ्तार और तेज होने जा रही है। इसी क्रम में योगी सरकार आगामी दस दिनों के अंदर चार अलग-अलग जनपदों में रोजगार मेला का आयोजन करके लगभग 30 हजार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने जा रही है। इसके तहत, 27 अगस्त को मैनपुरी, 28 अगस्त को अलीगढ़, 01 सितंबर को मीरजापुर और 02 सितंबर को मुरादाबाद में रोजगार मेला का आयोजन प्रस्तावित है। इन रोजगार मेला के जरिए चारों ही जनपदों में 1-1 हजार नियुक्ति पत्र का वितरण भी किया जाएगा। रोजगार मेला और नियुक्ति पत्र वितरण के इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रह सकते हैं। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने 17 अगस्त को अंबेडकरनगर, 18 अगस्त को अयोध्या और 22 अगस्त को मुजफ्फरनगर में रोजगार मेला का आयोजन किया था, जिसके माध्यम से 17 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे। प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि रोजगार मेला के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुरूप अन्य जनपदों में भी वृहद रोजगार मेला आयोजित करके युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के बाद रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रही है। इसी क्रम में मैनपुरी, अलीगढ़, मीरजापुर और मुरादाबाद में रोजगार मेला प्रस्तावित है। इसके माध्यम से लगभग 30 हजार रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे, जबकि 4 हजार (प्रत्येक जनपद में एक हजार) नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। प्रत्येक जनपद में देश की 50 प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा ले रही हैं, जो युवाओं का साक्षात्कार लेंगी और उन्हें जॉब ऑफर करेंगी। मैनपुरी के करहल में नरसिंह इंटर कॉलेज में और अलीगढ़ के गुरुकुल पब्लिक स्कूल, सोमना रोड, खैर में रोजगार मेला का आयोजन होगा। दोनों स्थानों पर रोजगार मेला सुबह 9ः00 बजे से प्रारंभ होगा। शेष दोनों जनपदों में वेन्यू का निर्धारण जल्द किया जाएगा। योगी सरकार ने अगस्त में अब तक आयोजित रोजगार मेला के माध्यम से अयोध्या और अंबेडकरनगर में 12 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए थे तो वहीं मुजफ्फरनगर में भी करीब 5 हजार नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कुल मिलाकर 6 दिनों में आयोजित तीन रोजगार मेला के जरिए सरकार ने 17 हजार नियुक्ति पत्र वितरित किए हैं। इन रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों ने प्रतिभाग किया और नौजवानों को मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग, टेलीकॉम, हेल्थकेयर, कंस्ट्रक्शन और आईटी जैसे सेक्टर में जॉब ऑफर किए गए। योगी सरकार का लक्ष्य युवाओं को सरकारी नौकरी के साथ-साथ निजी कंपनियों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का है, जिसके लिए सरकार की ओर से युवाओं के कौशल विकास हेतु विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

# लखपति दीदियों को डीएम व सीडीओ ने किया सम्मानित

▸ राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन योजना अंतर्गत लखपति सीआरपी एवं लखपति दीदियों को मिला चेक





**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिला पंचायत सभागार में उ0 प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने कहा, आज की महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर न केवल खुद सशक्त हो रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही हैं। तो वहीं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने भी इस अवसर पर बताया कि स्वयं सहायता समूहों और अन्य माध्यमों से जुड़कर ये महिलाएं अपने लिए रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही हैं।

सरकार की ओर से इन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ये लखपति दीदी अब गांव-गांव जाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से कार्य करेंगी। स्वयं के बनाए उत्पादों को बाजार में बेचकर न केवल अपनी आजीविका कमा रही हैं, बल्कि समाज में आत्मनिर्भरता की मिसाल भी पेश कर रही हैं। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से इन महिलाओं को रोजगार के लिए अनुदान भी समय समय पर प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी कार्यक्रम का शुभारंभ कर लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं जनपद में भी इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सभागार में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में जिलाधिकारी नेहा शर्मा और मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने जनपद के 155 स्वयं सहायता समूहों को 23250000 सामुदायिक निवेश निधि के रूप में एवं 171 एसएचजी को 5130000 रिवॉल्विंग फण्ड के रूप में फण्ड का वितरण किया। इसके साथ ही जनपद में 42000 लखपति दीदी चिन्हित हैं, जिनमें से आज 7664 लखपति दीदी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ताकि जनपद की महिलाओं को इस कार्यक्रम के तहत जोड़कर उन्हें लखपति दीदी का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अरुण कुमार सिंह, डीएमएम अंशुमान तिवारी, दिलीप कुमार गुप्ता, आदर्श कश्यप सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम कचनापुर में उस वक्त कोहराम मच गया जब सड़क दुर्घटना में 28 वर्षीय विमल की मौत की खबर मिली। इस असहनीय वेदना भरी खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के कचनापुर गांव निवासी व पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध रिटायर्ड अध्यापक देवीशरण का छोटा बेटा विमल गौतम बी फार्मा करके लखनऊ में किसी कंपनी में कार्यरत था,जो शनिवार को बाइक से गांव लौट रहा था। बताया जा रहा है कि इसी बीच गोण्डा- लखनऊ राजमार्ग स्थित ताले पुरवा (भंभुआ) के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह अचेत हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा उसे नाजुक हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजवाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। विमल के आकास्मिक निधन की सूचना पर परिजनो के साथ तमाम सगे संबंधी अस्पताल पहुंच गए। इस असहनीय वेदना भरी खबर सुनते ही परिजन बदहवास हो गए। विमल के दो सगे बड़े भाई रामतेज गौतम और संजय गौतम कर्नलगंज तहसील में अधिवक्ता के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। मृतक युवक का रविवार की शाम कचनापुर घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। विमल के आकास्मिक निधन से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# गोण्डा में रामगिरी की गिरफ्तारी की मांग

## अन्जुमन गुलामाने औलिया ए किराम सामाजिक संस्था ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



गोण्डा में पैगम्बर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहि वस्सलम व माँ बीबी आयशा सिद्दीका की शान में गुस्ताखी करने वाले रामगिरी पर कार्यवाही की मांग करते हुए अन्जुमन गुलामाने औलिया ए किराम संस्था के बैनर तले हज़रत जमाल मीना शाह के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट एवं एडिशनल एसपी को संयुक्त रूप से सौंपा।

दरबारे आलिया मीनाइया के सज्जादाशीन हजरत शाह जमाल मीना ने कहा कि हमारे आका की इज्ज़त व मोहब्बत हमारे लिए हर चीज से बढ़कर है हम उनकी शान में जरा भी गुस्ताखी हरगिज़ हरगिज बर्दाश्त नही कर सकतें।

डा0 अली ने कहा कि सांप्रदायिक शक्तियां भारत के सौहार्द को बिगाडने की कोशिशें कर रही है रामगिरी ने पैगम्बर-ए-इस्लाम व माँ बीबी आयशा सिद्दीका के शान में गुस्ताखी कर के पूरे देश व दुनियाा के मुसलमानों के जज्बात भडकाने का काम किया है इसलिए हम इसका शातिपूर्ण तरीके से विरोध करते है। ऐसे किसी भी व्यक्ति, समूह के विरूद्ध कठोर कानून बनाया जाए जो किसी भी माध्यम से नफरत फैलाने का काम करते हैं ऐसे लोगो को गिरफ्तार किया जाए, जो किसी भी धर्म के विरूद्ध खराब बातें करता हो।

इस मौके पर कारी निसार मीनाई, बाबा फकीर मोहम्मद,वली मोहम्मद, मौलाना मुजाक्किर, मुफ्ती अब्दुल कादिर, मौलाना अरशद, मौलाना मुकीम,पीर मोहम्मद नईमी, सिराजुद्दीन खान, आबिद हुसैन हाशिम अली मीनाई, शोएब मीनाई, राजू मीनाई, जुनैद मीनाई, इरशाद हशमती, मौलाना वकील, कारी अकमल समेत मुस्लिम समाज के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## छात्रों को आपस में लड़ाने वाला प्रधानाध्यापक निलंबित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रेहली में तैनात प्रधानाध्यापक अशोक यादव को खंड शिक्षा अधिकारी की जांच में दोषी पाया गया। जिसके बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय सरायखत्री से संबद्ध किया गया है। साथ ही पूरे मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी वजीरगंज को सौंपी गई है, एक हफ्ते के अंदर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल आरोपी प्रधानाध्यापक अशोक यादव ने बीते दिनों प्राथमिक विद्यालय रेहली में पढ़ने वाले कक्षा एक और दो के दो मासूम बच्चों को दस रुपये की लालच देकर दोनों के बीच आपस में ही लड़ाई कराई थी। लड़ाई के दौरान एक छात्र की हालत बिगड़ने पर प्रधानाध्यापक ने उसके इलाज के लिए कोई प्रबंध नहीं किया था। जिसके बाद परिजनों द्वारा स्थानीय सीएचसी में ले जाकर के भर्ती कराया गया था। पूरा मामला सामने आने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी ने खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज से पूरे मामले में जांच कराई थी। जांच में दोषी मिलने पर तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

# खाद्यान्न व किताबें बेचने जा रहा निलंबित प्रधानाध्यापक पुलिस के हवाले

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के नवाबगंज क्षेत्र में खुले बाजार में सरकारी किताबें व मिड-डे मिल का खाद्यान्न बेंचने जा रहे प्राथमिक विद्यालय रेहली के निलंबित प्रधानाध्यापक को रविवार को ग्रामीणों ने रंगे हाथ दबोच लिया। प्रधानाध्यापक ने भागने की कोशिश की तो ग्रामीणों ने पुलिस बुला ली। पुलिस खाद्यान्न लदे वाहन व प्रधानाध्यापक को थाने ले गई है। वहीं मामले में ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक के विरुद्ध लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि खाद्यान्न की जांच के लिए पूर्ति विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक नवाबगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रेहली के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार यादव ने 10 रुपये का प्रलोभन देकर दो बच्चों के बीच मारपीट करा दी थी। इस मारपीट में सौरभ नाम का एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। उनके पिता घनश्याम ने मामले की शिकायत पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से की थी। बीएसए ने नवाबगंज के खंड शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच का निर्देश दिया था। बीते गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रभूषण पांडेय ने स्कूल पहुंचकर बच्चों का बयान दर्ज किया था। जांच के दौरान बच्चों ने प्रधानाध्यापक पर मारपीट करने व शारीरिक दंड देने जैसे कई गंभीर आरोप लगाए थे। खंड शिक्षा अधिकारी ने अपनी जांच रिपोर्ट बेसिक शिक्षा अधिकारी गोंडा को भेजी थी। खंड शिक्षा अधिकारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर बीएसए अतुल तिवारी ने शनिवार को प्रधानाध्यापक अशोक यादव को निलंबित कर दिया था। बताया जाता है कि निलंबित होने के बाद अशोक यादव रविवार को स्कूल पहुंच गए? और स्कूल में रखा मिड-डे मिल का खाद्यान्न व बच्चों को वितरित करने के लिए स्कूल भेजी गयी किताबों को एक वाहन पर लाद दिया। वह खाद्यान्न व किताबें खुले बाजार में बेचे जा रहे थे कि ग्रामीणों को इसकी भनक लग गई। जानकारी मिलते ही सैकड़ो लोग स्कूल के बाहर जमा हो गए और उन्होंने प्रधानाध्यापक को रंगे हाथ पकड़ लिया। खुद को घिरता देख प्रधानाध्यापक ने भागने की कोशिश की तो ग्रामीणों ने पुलिस बुला ली। पुलिस खाद्यान्न लदे वाहन व प्रधानाध्यापक को थाने ले आई। मामले में ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई के लिए लिखित तहरीर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि खाद्यान्न को कब्जे में लेकर पूर्ति विभाग के अफसरों को इसकी सूचना दी गई है और उन्हें मौके पर बुलाया गया है। पुलिस का कहना है कि खाद्यान्न की जांच के लिए पूर्ति विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया है। जांचोपरांत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### दलित उत्पीड़न मामले का वीडियो वायरल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र में एक बार फिर से दलित उत्पीड़न का मामला सामने आया है।मोतीगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास रास्ते से जा रहे एक दलित युवक ललित पासवान पर कुछ दबंगों ने कहर बरपाया।ललित पासवान को शिवम,दीपक,भोले और मुकेश नाम के युवकों ने पहले से घात लगाए बैठे घेराबंदी करके दलित युवक को लाठी-डंडों और लात घुसे से बेरहमी से पीटा।पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दलित युवक ललित पासवान को बेरहमी से पीटते वक्त दलित युवक ललित दबंगों से हाथ जोड़कर रहम की भीख मांगता रहा था लेकिन दबंगो का दिल नहीं पसीजा।वे लगातार लाठी-डंडों से उसकी पिटाई करते रहे।राहगीरों ने इस घटना को अपने मोबाइल में कैद कर लिया और सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया जिसके बाद से यह मामला चर्चा में बना हुआ है। दलित युवक ललित पासवान ने मोतीगंज थाने में चारों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।उसने आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान उसके साथ जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया गया।पीड़ित ललित का कहना है कि जब वह मोतीगंज बाजार से होते हुए अपने घर जा रहा था, तभी हैप्पी सिंह ने उसे फोन करके उसकी लोकेशन पूछी। इसके तुरंत बाद शिवम, दीपक, भोले और मुकेश वहां पहुंचे और उसे बेरहमी से पीटने लगे और वह चिल्लाता रहा और रम की भीख मांगता रहा लेकिन दबंग का दिल नहीं पसीजा। मोतीगंज थाने की पुलिस ने दलित युवक ललित पासवान की तहरीर और वीडियो के आधार पर मामले की जांच कि जा रही है।थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा की जांच में जो तथ्य सामने निकल कर आएगा उसे पर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो को भी सबूत के तौर पर जांच में शामिल किया गया है।पुलिस का कहना है कि जांच के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षक दिवस पर लखनऊ में धरना देंगे शिक्षामित्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ पयागपुर के बैनर तले शिक्षामित्रों की बैठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय पयागपुर में हुई। बैठक में आगामी 5 सितंबर को लखनऊ में होने वाले शिक्षा मित्रों के धरना प्रदर्शन में लोगों को बढ़चढ़ हिस्सा लेने की जिम्मेदारी सौंपी गई।पूर्व माध्यमिक विद्यालय पयागपुर में रविवार को आयोजित शिक्षा मित्रों की बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के प्रांतीय प्रवक्ता/जिलाध्यक्ष शिव श्याम मिश्रा ने कहा कि सरकार शिक्षामित्रों के साथ लगातार धोखा करती आ रही है। सरकार बार-बार कमेटियां गठित करती हैं, जिसकी रिपोर्ट का कुछ अता पता ही नही होता है। महंगाई के इस दौर में मात्र 10 हजार रुपये के अल्प मानदेय पर प्रदेश के लाखों शिक्षामित्र कष्टमय जीवन जीने को मजबूर है। कहा सरकार के उदासीन रवैये से आहत शिक्षा मित्र 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर स्थाईकरण एवं समान कार्य समान वेतन जैसी मांगों को लेकर लखनऊ में डेरा डालेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण तिवारी ने कहा की शिक्षा मित्रों की यह लड़ाई अब आर पार की होगी। संगठन के जिला सचिव विनोद तिवारी ने बताया कि विकास क्षेत्र पयागपुर से 4 बसें व एक दर्जन से अधिक छोटे वाहनों से शिक्षा मित्र लखनऊ धरने में प्रतिभाग करेंगे। बैठक में न्याय पंचायत वार लोगों को जिम्मेदारी सौंपते हुये अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की बात कही। महिलाओं की संख्या पर विशेष बल देते हुये शिक्षामित्र कृष्णावती और तारावती कश्यप को लोगों से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें धरने में शामिल होने की जिम्मेदारी सौंपी गई।इस अवसर पर शिक्षा मित्र संघ के जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश चंद्र श्रीवास्तव, शिक्षामित्र मो0 कादिर राजेंद्र चौधरी, हनुमान यादव, संतोष वर्मा, कमलेश वर्मा, सतीस यादव, योगेंद्र गुप्ता, राम खेलावन, ओमप्रकाश यादव, प्रमोद गुप्ता, सिद्धनाथ तिवारी, रामदेव, राम धीरज मौर्य, विश्वास कुमार शुक्ला, सीमा सिंह, वेदवती, सहित तमाम शिक्षा मित्र मौजूद रहे।

# एएनएम सेंटर में चोरों ने बोला धावा, छः बैट्रा चोरी

▸ चौकी प्रभारी की कमान संभालने के बाद से बढ़ी चोरी की वारदातें

**साकेत वर्मा**




**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाने की पुलिस चौकी वैवाही क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं। पुलिसिया तामझाम क्षेत्र में फेल दिखाई दे रहा है। चौकी क्षेत्र के रामपुर धोबियाहार स्थित एएनएम सेंटर में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। सेंटर में लगा छः बैट्रा चोर चुरा ले गए। एएनएम किरन वर्मा ने पुलिस चौकी सहित ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। किरन वर्मा ने बताया कि बीते ग्यारह अगस्त को चाचा की मौत हो गई थी। जिस बाबत अवकाश लेकर अपने गांव गई हुई थी। 25 अगस्त (रविवार) करीब दो बजे रामपुर धोबियाहार एएनएम सेंटर वापस लौटी तो यहां सेंटर के अंदर लगा छः बैट्रा नदारत दिखा। सेंटर के पीछे खिड़की टूटी हुई है। चौकी सहित ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है।चौकी की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।

### दो सप्ताह में तीन चोरी, पुलिस के हाथ खाली

बीते दो सप्ताह के अंदर चोरों ने तीन चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिसिया तामझाम को कड़ी चुनौती दी है। लगातार चोरी की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। **पहली वारदात** - 12 अगस्त की रात रामपुर धोबियाहार गांव निवासी आनंद वर्मा के यहां हुई। घर के बरामदे मे खड़ी बाइक का लोक तोड़कर चोर चुरा ले गए। पीड़ित ने चौकी पर शिकायत की। **दूसरी वारदात** - 15 अगस्त की रात चौकी क्षेत्र अंतर्गत जुगराज पुरवा गांव निवासी कैलाश यादव के यहां हुई। जहां चोरों ने करीब अस्सी हजार रुपए के दो भैंसा खोल ले गए। पशुपालक ने चौकी पर तहरीर दी। **तीसरी वारदात** - शनिवार की रात रामपुर धोबियाहार स्थित एएनएम सेंटर में हुई। जहां छः बैट्रा चोर चुरा ले गए। सिलसिले वार तरीके से हुई चोरी की वारदात के बाद, स्थानीय लोग पुलिसिया तामझाम को फेल बता रहे हैं।

### थानाध्यक्ष और चौकी इंचार्ज को चोरी की जानकारी नहीं

चोरी की घटना से संबंधित जानकारी के लिए दूरभाष पर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा मुझे ऐसी कोई जानकारी नहीं है। चौकी इंचार्ज से पूछते हैं। चौकी इंचार्ज राजीव कुमार मिश्रा से दूरभाष पर जानकारी ली गई तो उन्होंने भी कहा मुझे घटना की कोई जानकारी नहीं है। जबकि एनम किरन वर्मा ने चौकी पहुंचकर लिखित तहरीर दी है। चौकी पर तैनात उप निरीक्षक मुकुट नाथ चौधरी पुलिस टीम के साथ पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण भी किया है।

# उलाहना देना पड़ा महंगा, महिला पर चाकू से हमला, गर्दन काटने का किया प्रयास

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के सेमरी मलमला गांव निवासी एक महिला पर गांव के ही ग्रामीण ने गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। जिस पर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली की पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर महिला का बयान दर्ज किया है। कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरी मलमला के मजरा लोनियनपुरवा निवासी रानी कुमारी (22) पत्नी स्वर्गीय अजय कुमार मैं अपने पति के मौत के लिए गांव निवासी राकेश कुमार को जिम्मेदार ठहराते हुए उलाहना दी। इससे राकेश नाराज हो गया उसने महिला के गले पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। इसके बाद वह फरार हो गया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला के ससुर गिरवर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर ले गए। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में महिला का ऑपरेशन सजन की टीम ने किया। इस मामले में कोतवाल अमितेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी हुई है, लेकिन अभी तहरीर नहीं मिली है। उप निरीक्षक को जिला अस्पताल भेज कर बयान दर्ज किया गया है, केस भी दर्ज किया जाएगा।

### 10 दिन में हो चुकी है दो मौत

गांव निवासी राकेश ने महिला पर चाकू से वार किया है। राकेश की बेटी द्रोपदी ने 10 दिन पूर्व फंदा लगाकर जान दे दी थी। राकेश ने बेटी के मौत का जिम्मेदार घायल महिला के पति अजय कुमार को बताते हुए केस दर्ज करवाने की मांग की थी। इससे परेशान अजय कुमार ने इससे मंगलवार को फंदा लगाकर जान दे दी थी।

# कजरी तीज पर निकाली जाएगी 16वीं पैदल कावड़ यात्रा

▸ कावड़ यात्रा को लेकर पदाधिकारियों ने किया बैठक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



बोल बम कांवरिया संग बहराइच की वार्षिक बैठक रविवार को संरक्षक सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में माता श्री महिषासुर मंदिर जोशियापुरा में आयोजित हुआ। संघ की बैठक में सर्वसम्मति से क्या निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्षों की बात किस वर्ष भी कजरी तीज के पर्व पर 6 सितंबर को 16वीं बार पैदल कावड़ यात्रा निकाली जाएगी।

यह यात्रा निर्धारित तिथि पर प्रात 7:00 बजे मंदिर प्रांगण से शिव रथ के साथ निकाल कर श्री मरी माता मंदिर पहुंचकर गंगा पूजन के बाद कांवर में सरयू का जल लेकर लगभग 8:00 बजे यात्रा प्रारंभ की जाएगी। यात्रा पूर्व निर्धारित पानी टंकी, अस्पताल चौराहा, डिगिहा तिराहा से अग्रसेन तिराहा होते हुए सिद्धनाथ मंदिर में महादेव को जल अर्पण करेंगे।

कावड़ यात्रा में समस्त कांवरिया अपने गणवेश में ही यात्रा करेंगे। कोई भी कांवरिया अपने साथ किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं चल सकता है साथ ही साथ किसी भी प्रकार का आपात दैनिक नारा नहीं लग सकता है तथा छोटे बच्चों को यात्रा में नहीं लायेगा। कावड़ यात्रा के समय मार्ग पर व्यवस्था के लिए नगर मजिस्ट्रेट को पत्र लिखकर सहयोग मांगा जाएगा। बैठक में संरक्षक सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी महामंत्री अंकित कुमार श्रीवास्तव महाप्रबंधक सहित तमाम कांवरिया उपस्थित रहे।

# स्थानान्तरित सीडीओ को दी गयी भावभीनी विदाई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, डीएफओ कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर, डीडीओ राज कुमार, उपायुक्त मनरेगा सतीश पाण्डेय, डीपीआरओ राघवेन्द्र दिवेद्वी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्थानान्तरित सीडीओ को पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि अनुशासित और सकारात्मक सोच रखने वाली अधिकारी के तौर पर रम्या आर को याद रखा जायेगा। डीएम ने कहा कि स्थानान्तरित सीडीओ की एक खूबी यह भी थी कि सरकारी कार्यों के साथ सामाजिक सरोकार के अन्य कामों को भी पूरी संजीदगी के साथ अन्जाम देती थीं। डीएम ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा भारत संकल्प यात्रा तथा सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के दौरान रम्या आर ने सौंपे गये उत्तरदायित्वों का निर्वहन बखूबी किया गया। समारोह को डीएफओ कतर्निया, डीडीओ, उपायुक्त मनरेगा, डीपीआरओ, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, बीडीओ फखरपुर व महसी सहित अन्य वक्ताओं ने निवर्तमान सीडीओ के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान सीडीओ रम्या आर ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनपद बहराइच को वह हमेशा याद रखेंगी। जिलाधिकारी के मार्ग निर्देशन में एक टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए उन्होंने सभी सहयोगी अधिकारियों की सराहना की। विदाई समारोह का संचालन शिक्षक कवि संतोष सिंह ने किया।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई बीपी मंडल की जयंती

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सामाजिक न्याय के पुरोधा व मंडल कमीशन के अध्यक्ष बाबू बिंदेश्वरी प्रसाद (बीपी मंडल) की जयंती सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देशानुसार कार्यालय पर गोष्ठी का आयोजन कर मनाई गयी। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एड. व संचालन पूर्व महामंत्री डॉ. आशिक अली ने किया।



सर्वप्रथम उपस्थित समस्त नेताओं और पदाधिकारियों ने बीपी मंडल को माल्याणपर्ण करते हुए अपनी-अपनी श्रद्धासुमन व श्रद्धांजलि प्रकट की तत्पश्चात आयोजित गोष्ठी मे वक्ताओं ने उनके विचारों व योगदानो पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने कहा कि स्व. बीपी मंडल ने पूरे देश का भ्रमण कर पिछड़ी जातियों के सामजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति की पहचान कर उन्हे समाज की मुख्यधारा मे जोड़ने की प्रबल सिफारिश की। पिछड़े वर्ग के लोगो को आरक्षण का लाभ दिलाने का श्रेय बीपी मंडल को ही जाता है। बीपी मंडल की अध्यक्षता मे एक आयोग का गठन सन 1978 मे किया गया जिसे मंडल आयोग के नाम से जाना जाता है। भारत के सामाजिक ओर आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के हितों के विषय मे रिपोर्ट तैयार करने का कार्य इस आयोग के जिम्मे दिया गया और इस आयोग ने अपनी रिपोर्ट सन 1980 मे तैयार कर ली। इस आयोग ने सरकारी नौकरियों व शिक्षण संस्थान मे अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति पिछड़े वर्ग के लिए 52% आरक्षण की सिफारिश की थी लेकिन वह सिर्फ 27% ही मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आज हम आजादी के अमृत महोत्सव मे प्रवेश कर चूके है लेकिन आरक्षण का पूरा लाभ पिछड़ो को आज तक नही मिल सका, वर्तमान भाजपा सरकार सुरुवात से आरक्षण कि प्रबल विरोधी रही है, आज सबसे अहम कोई मुद्दा है तो वह जाति जनगणना करना जिसकी मांग हमारे नेता अखिलेश यादव लोकसभा मे कर रहे है। गोष्ठी मे जिला उपाध्यक्ष जफ़र उल्ला खान, देवेश चंद्र मिश्रा, नंदेश्वर यादव, शैलेश सिंह शैलू, मंजू चौधरी एड0, सीताराम केसरी, सत्यम बाजपेयी, दीपक चौरसिया, पेशकार राव, हरीश वर्मा, आंनद पाठक, अयोध्या प्रसाद यादव, सुनील यादव, जमालुद्दीन खान, मोबिन खान, रिंकू सिंह, राजीत राम यादव, जवाहर यादव, अरुण यादव सहित समस्त पार्टीजन मौजूद रहे।

# मानव खून के आदी हो गए आदमखोर भेड़िए, झुंड में पहुंच रहे गांव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



सदर रेंज के विभिन्न गांव में भेड़ियों का आतंक है। भेड़ियों ने अब तक सात लोगों को मौत के घाट उतार चुका है। भेड़ियों को पकड़ने के लिए पांच जिलों की वन विभाग की टीम के साथ जिले के 16 अधिकारी निगरानी कर रहे हैं। लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। ऐसे में उनके इंसानी खून के आदी होने की आशंका जताई जा रही है।

बहराइच वन प्रभाग के सदर रेंज में बीते दो माह से भेड़िए आतंक मचाए हुए है। हरदी थाना क्षेत्र के लगभग 30 गांवों में भेड़ियों का हमला जारी है। किसी न किसी गांव में भेड़िए हमला कर बच्चों को निवाला बना रह है। भेड़ियों को पकड़ने के लिए जिले के वन विभाग की टीम विफल रही तो पड़ोस के गोंडा, श्रावस्ती जिले के वन कर्मियों की भी मदद ली, लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। सप्ताह में एक या दो हमले भेड़िए के हो रहे हैं। भेड़िए के हमले में जहां बड़े और छोटे लोग घायल हो रहे हैं तो वहीं बच्चों की जान जा रही है। निरंतर हो रहे भेड़िए के हमलों से उसके मानव खून के आदी होने की संभावना बन गई है। इसको देखते हुए बाराबंकी, लखनऊ की वन विभाग की टीम को भी निगरानी और भेड़िया को पकड़ने के लिए लगा दिया गया है। पूर्व में जिले के कतर्नियाघाट में डीएफओ रहे आकाशदीप बधावन को भी बाराबंकी से बुलाया है। वहीं जिलाधिकारी मोनिका रानी ने डीडीओ, डीपीआरओ, एसडीएम, दो बीडीओ समेत 16 अधिकारियों की टीम को अलग से निगरानी में लगाया है। यह सभी सिफ्ट के साथ ड्यूटी करेंगे।महसी तहसील क्षेत्र में 10 मार्च से भेड़िए का हमला शुरू हुआ। पहला शिकार मिश्रण पुरवा गांव निवासी बालिका बनी। उसके बाद से 23 मार्च, 17 जुलाई, 27 जुलाई, तीन अगस्त, 17 अगस्त और 22 अगस्त को भेड़िया ने हमला कर बच्चों को निवाला बना लिया। इसके अलावा हमलों में 30 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

### ड्रोन में कैद हुआ झुंड, विधायक भी लगा रहे चौपाल

वन विभाग की ओर से लगाए गए ड्रोन में एकसाथ चार से पांच भेड़िया जाते दिख रहे हैं। लेकिन पकड़ में नहीं आए। वहीं भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह रात भर ग्रामीणों के साथ बैठक कर लोगों को सतर्क रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### निरंतर चल रही कंबिग, सफलता भी मिली

भेड़िया प्रभावित गांव में वन विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। अब तक तीन भेड़िया पकड़े भी जा चुके हैं। अन्य को पकड़ने और ग्रामीणों को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए निरंतर ड्यूटी जारी है। जल्द ही सफलता मिलेगी। ग्रामीण भी सहयोग करते रहें। खुले में निवास न करें। *अजीत कुमार सिंह डीएफओ*

## भाग्य से नहीं सर्वोत्तम कर्म से पाइये सफलता

सफलता एक दिन में नहीं मिलती पर एक दिन मिलती जरूर है,जो सफलता भाग्य से मिलती है वह क्षण-भंगुर भी हो सकती है। इसलिए निरंतर,नियमित मेहनत, श्रम करने आदत होनी चाहिए,साथ में यदि उच्च मनोबल हो तो सोने पे सोहागा होगी और इससे प्राप्त सफलता स्थाई और चिरंतर होती है।जीवन में अच्छे लक्ष्य को लेकर की गई मेहनत सार्थक होती है और कभी व्यर्थ, जाया नहीं होती है। वर्तमान के आपाधापी एवं कठिन जीवन शैली में हर व्यक्ति चाहता है कि उसे प्राथमिकता मिले और उसके सब कार्य तत्काल पूर्ण हो जाएं। भारत की जनसंख्या के हिसाब से हर स्थान, हर जगह जबरदस्त प्रतियोगिता का वातावरण निर्मित हो चुका है, एक काम के लिए हजारों लोग लाइन में लगे हुए हैं, मूलत किसी पद को पाने के लिए इतनी ज्यादा प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा है कि साधारण कद काठी एवं सामान्य व्यक्तित्व का व्यक्ति भीड़ में कहीं खो जाता है अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने से वंचित रह जाता है, असफलता के कारण मानसिक दबाव ज़िंदगी भर रहने लगता है, ऐसे व्यक्तित्व विकास मनुष्य के जीवन में एक कड़ी और चुनौतीपूर्ण जीवन रेखा है, ऐसे में व्यक्ति को शानदार व्यक्तित्व बनाने के लिए बड़ी मेहनत एवं कठिन तपस्या की आवश्यकता होती है।वह तभी वह इस प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में अपने आप को सही और सटीक स्थापित कर पाता है, व्यक्तित्व विकास के साथ मनुष्य अपना जीवन दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से गुजार पाता है, ऐसे में लोगों एवं आप के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के मन में आपके प्रति सकारात्मक एवं अच्छे विचार आते हैं, आपका प्रभाव भी लोगों पर आपकी कार्यप्रणाली पर अच्छा होने लगता है, अच्छे व्यक्तित्व का मालिक अपने प्रतिदिन के काम में सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा तथा शक्ति प्रदान कर पाता है और धीरे-धीरे वह लोगों से अलग दिखाई देने लगता है, आमजन उससे जुड़ना चाहते है, और आपकी तरह बनने के सपने देखने लगते हैं, वर्तमान समय में शायद ऐसा ही कोई व्यक्ति होगा जो शानदार व्यक्तित्व का धनी एवं मालिक ना बनना चाहता होगा, यदि आपकी पर्सनैलिटी याने व्यक्तित्व साधारण एवं निम्न स्तर का है, तो आपको अपने व्यक्तित्व को निखारना ही होगा, तब जाकर आप किसी अच्छे पद, व्यवसाय किसी महान लक्ष्य को संचालित कर सकते हैं, ऐसे में आप यदि नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं तो आपको अपने व्यक्तित्व निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, नकारात्मक सोच के व्यक्ति को हमेशा कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, और उसे इन्हीं परेशानियों का निदान भी सूझता नहीं है, पर जिनका का सकारात्मक रवैया होता है,उन्हें हर कठिनाई, परेशानी में निदान के उपाय एवं तरीके अपने सूझ बूझ से निकालने का फार्मूला मालूम होता है, ऐसे व्यक्तियों का काम कभी रुकता नहीं और वे निर्बाध गति से आगे बढ़ते जाते हैं, यह सर्वविदित सत्य है की आपका संव्यवहार आपके व्यक्तित्व का दर्पण होता है, हर कार्य के संचालन संपादन में आपके व्यक्तित्व की परछाई स्पष्ट परिलक्षित होती है, आपका व्यवहार आपके चरित्र तथा स्वभाव के बारे में सब कुछ बता देता है, और उसका इसका बड़ा व्यापक प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है, व्यक्तित्व विकास न सिर्फआपकी निजी जिंदगी में प्रभाव डालता है वरन आपकी व्यवसाय और लक्ष्य में भी सकारात्मक एवं प्रभावकारी होता है, जब आप एक अच्छे व्यक्तित्व और सकारात्मक विचार वान व्यक्ति होते हैं तो आप काफी उत्साही एवं आत्मविश्वास से भरपूर भी हो सकते है।

# यूसीसी और जाति व्यवस्था पर भ्रामक आख्यानों का जवाब

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**



**अब समय आ गया है कि भारत बनाने वाली ताकतेंइन झूठे आख्यानों का मुकाबला करें और सभी के लाभ के लिए हिंदुओं को एकजुट करें। आइए हम दो झूठे आख्यानों की जांच करें जो एससी और एसटी जातियों के दिमाग में जहर भर रहे हैं- 1. समान नागरिक संहिता आरक्षण को खत्म कर देगी। 2. उच्च जाति के हिंदुओं ने जाति और जाति भेदभाव की व्यवस्था तैयार की। समान नागरिक संहिता समान नागरिक संहिता की अवधारणा सभी धर्मों और सामाजिक समूहों के लिए एक समान नागरिक संहिता (विवाह, गोद लेना, उत्तराधिकार, तलाक, इत्यादि) की स्थापना को संदर्भित करती है। भारत में अब कई पारिवारिक कानून हैं, समान नागरिक संहिता लागू करने से कानूनों में सामंजस्य आएगा, जिसके परिणामस्वरूप दक्षता और पारदर्शिता आएगी। एक मानक नागरिक संहिता होने के कई फायदे हैं।**

भारत को तोड़ने वाली ताकतें हमेशा हिंदू एकता को तोड़ने के लिए काम करती हैं ताकि वे अपने लाभ के लिए राजनीतिक और नौकरशाही सत्ता का इस्तेमाल कर सकें। राष्ट्र को सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से नष्ट कर सकें और प्रत्येक भारतीय में दासता पैदा कर सकें। वे जिस नियमित रणनीति का उपयोग करते हैं, वह है हिंदुओं को जाति के आधार पर विभाजित करना। वे एससी, एसटी और ओबीसी लोगों के दिमाग में जहर भरने के लिए झूठे विमर्श विकसित करते हैं, जिससे वे हिंदुओं और हिंदुत्व से नफरत करने लगते हैं। वे आंशिक रूप से सफल रहे फिर भी उन्होंने देश के ताने-बाने को काफी हद तक नुकसान पहुचा दिया।

अब समय आ गया है कि भारत बनाने वाली ताकतेंइन झूठे आख्यानों का मुकाबला करें और सभी के लाभ के लिए हिंदुओं को एकजुट करें। आइए हम दो झूठे आख्यानों की जांच करें जो एससी और एसटी जातियों के दिमाग में जहर भर रहे हैं- 1. समान नागरिक संहिता आरक्षण को खत्म कर देगी। 2. उच्च जाति के हिंदुओं ने जाति और जाति भेदभाव की व्यवस्था तैयार की। समान नागरिक संहिता समान नागरिक संहिता की अवधारणा सभी धर्मों और सामाजिक समूहों के लिए एक समान नागरिक संहिता (विवाह, गोद लेना, उत्तराधिकार, तलाक, इत्यादि) की स्थापना को संदर्भित करती है। भारत में अब कई पारिवारिक कानून हैं, समान नागरिक संहिता लागू करने से कानूनों में सामंजस्य आएगा, जिसके परिणामस्वरूप दक्षता और पारदर्शिता आएगी। एक मानक नागरिक संहिता होने के कई फायदे हैं। आरक्षण समान अवसर के बारे में है; यह वंचित आबादी को दी जाने वाली एक तरह की सकारात्मक कार्यवाही है। आरक्षण का समान नागरिक संहिता से कोई संबंध नहीं है।

समान नागरिक संहिता धर्म के बारे में है, जबकि आरक्षण सामाजिक समानता के बारे में है। जरा विचार करें, इस्लामी धर्म में, वे चार पत्नियाँ नहीं रख पाएँगे। वे मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभाव नहीं कर पाएँगे। इस्लामी कानून अब विवाह जैसे व्यक्तिगत मामलों में लागू नहीं होगा। एक मुस्लिम लड़की पंद्रह वर्ष की आयु में विवाह नहीं कर पाएगी। वे तीन तलाक और निकाह हलाला को लाद नहीं पाएँगे। मुस्लिम महिलाओं को भी गोद लेने का अधिकार होगा। उन्हें संपत्ति पर समान अधिकार होगा। मुल्ला न्यायाधीश के रूप में अपनी शक्ति खो देंगे। सभी मामलों का फैसला अदालत में होगा। ये सभी सकारात्मक बातें हैं। हालाँकि, कुछ मुसलमान इन नियमों को इस्लाम विरोधी मान सकते हैं और इनका विरोध कर सकते हैं। वे प्रागैतिहासिक काल में रहना चाहते हैं। कुछ लोगों की आलोचना के बावजूद, यूसीसी का मुस्लिम समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यूसीसी पर डॉ. अंबेडकर के विचार नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता-राज्य नागरिकों के लिए पूरे भारत में समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।÷ यह अनुच्छेद 44 में कहा गया है, जो राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के तहत हमारे संविधान के भाग ढ्ढङ्क में निहित 16 अनुच्छेदों (अनुच्छेद 36 से 51 तक) में से एक है। अनुच्छेद 44 को 23 नवंबर, 1948 को संविधान सभा में डॉ. बी.आर. अंबेडकर द्वारा अनुच्छेद 35 के प्रारूप के रूप में पेश किया गया था और उसी दिन सर्वसम्मति से पारित किया गया था।

हालांकि, चर्चा के दौरान, कुछ मुस्लिम सदस्यों ने प्रावधान जोड़ने के लिए संशोधन प्रस्तावित किए, अर्थात्, बशर्ते कि कोई भी समूह, वर्ग, समुदाय या लोग अपने व्यक्तिगत कानून को छोड़ने के लिए बाध्य नहीं होंगे, यदि उनके पास ऐसा कोई कानून है, और, बशर्ते कि किसी भी समुदाय का व्यक्तिगत कानून जिसकी गारंटी क़ानून द्वारा दी गई है, समुदाय की पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं बदला जाएगा। इन संशोधनों पर चर्चा पूरे दिन चली। डॉ. अंबेडकर ने अपने जवाब में कहा- मुझे डर है कि मैं इस अनुच्छेद में पेश किए गए संशोधनों को स्वीकार नहीं कर सकता। मेरे मित्र, श्री हुसैन इमाम ने संशोधनों का समर्थन करते हुए पूछा कि क्या इतने विशाल देश के लिए एक समान कानून संहिता होना संभव और वांछनीय है। अब मुझे यह स्वीकार करना चाहिए कि मैं उस कथन से बहुत आश्चर्यचकित था, इसका सीधा-सा कारण यह है कि हमारे देश में मानवीय संबंधों के लगभग हर पहलू को कवर करने वाली एक समान कानून संहिता है। हमारे पास पूरे देश में एक समान और पूर्ण आपराधिक संहिता है, जो दंड संहिता और आपराधिक प्रक्रिया संहिता में निहित है। हमारे पास संपत्ति के हस्तांतरण का कानून है, जो संपत्ति संबंधों से संबंधित है और जो पूरे देश में लागू है और मैं ऐसे असंख्य अधिनियमों का हवाला दे सकता हूँ जो साबित करेंगे कि इस देश में व्यावहारिक रूप से एक नागरिक संहिता है, जो अपनी सामग्री में एक समान है और पूरे देश में लागू है। यह तथ्यात्मक सामग्री स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर सभी के लिए नागरिक आचरण में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए एक समान नागरिक संहिता स्थापित करने के लिए समर्पित थे, उनका नागरिक संहिता को आरक्षण से जोड़ने का कोई इरादा नहीं था। हालाँकि, उन्हें लगातार सत्ता में बैठे लोगों और संसद के कई सदस्यों द्वारा चुनौती दी गई और दबाया गया, जिन्होंने या तो संविधान का सम्मान करने से इनकार कर दिया या हिंदुओं को विभाजित करने के अवसर तलाशे। कोई राय बनाने से पहले, एससी और एसटी समुदायों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने यूसीसी के बारे में क्या कहा था। वर्तमान जाति व्यवस्था, जिसमें जाति को जन्म से परिभाषित किया जाता है, वैदिक साहित्य में वर्णित नहीं है। वैदिक सामाजिक श्रम विभाजन को मूल रूप से वर्णाश्रम के रूप में जाना जाता था। भगवद-गीता (4.13) में कहा गया है कि वर्णाश्रम व्यवस्था जन्म के बजाय गुण और कर्म, या आधुनिक बोलचाल की भाषा में कहें तो दृष्टिकोण और योग्यता पर आधारित है। छांदोग्य उपनिषद के अनुसार, गौतम ऋषि ने दासी के पुत्र सत्यकाम जाबालि को ब्राह्मण घोषित किया क्योंकि वह अडिग सत्यवादी था, जो एक सच्चे ब्राह्मण की पहचान है। सूत गोस्वामी, कनक, कांचीपुरम, तुकाराम, तिरुवल्लुवर, सुरदास और हरिदास ठाकुर सभी को हाशिए के परिवार में जन्म लेने के बावजूद संतों के रूप में सम्मानित किया गया। एक प्रसिद्ध वैदिक सूत्र दोहराता है - हर कोई शूद्र के रूप में जन्म लेता है, जिसका अर्थ है कि वे अयोग्य हैं। आध्यात्मिक दीक्षा व्यक्ति को नवजात में बदल देती है, जिसका अर्थ है कि वह अपना आध्यात्मिक अस्तित्व शुरू करता है। वैदिक शास्त्रों का अध्ययन करके, व्यक्ति विद्वान बन सकता है। केवल पूर्ण सत्य को समझकर ही व्यक्ति ब्राह्मण बन सकता है।

श्री रंजीव कुरुप ने अपनी पुस्तक, द हिस्ट्री एंड फिलॉसफी ऑफ हिंदू में संदर्भों के साथ लिखा है, भारत में अंग्रेजों द्वारा थोपी गई जाति व्यवस्था के अलावा कोई जाति व्यवस्था नहीं है। इसलिए आपको यह समझने के लिए ब्रिटिश अभिलेखों को पढ़ने की आवश्यकता है कि उन्होंने इस प्रक्रिया को क्यों और कैसे अपनाया, जिसकी शुरुआत 1871 की पहली औपनिवेशिक जनगणना से हुई। [रिसले 1891]। अधिकांश भारतीय अभी भी सोचते हैं कि यह शब्द प्राचीन भारतीय जनजातियों/समुदायों को संदर्भित करता है और समुदाय के स्थान पर जाति शब्द का उपयोग करते हैं। जाति पुर्तगाली भाषा में नस्ल के लिए है, जो एकल-नस्ल भारत में एक अर्थहीन अवधारणा है।

विचार

# जनमाष्टमी पर किस रंग के पहनें वस्त्र और किस समय करें पूजा

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रात 12 बजे के समय श्रीकृष्ण ने कंस का अंत करने के लिए ही धरती पर जन्म लिया था। तभी से उनके जन्मदिन को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। इस बार पंचांग के अनुसार, भाद्रपद कृष्ण अष्टमी के दिन सुबह 5 बजकर 55 मिनट से 7 बजकर 36 मिनट तक अमृत चौघड़िया रहने वाला है। ये योग पूजा के लिए शुभ है। इसके बाद अमृत चौघड़िया पूजन का मुहूर्त 3 बजकर 36 मिनट 6 बजकर 48 मिनट तक है। निशीथ काल में भी आप पूजा कर सकते हैं, जो रात में 11 बजकर 44 मिनट से 12 बजकर 1 मिनट तक है।

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में प्राचीन काल से अलग ही उत्साह और धूम देखने को मिलती है। इस दिन भक्त सच्चे मन से भगवान की पूजा-अर्चना कर उनके नाम का उपवास रखते हैं। रात्रि में जन्मकाल के समय भगवान को स्नानादि करा छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया जाता है। इसके बाद श्रीकृष्ण के जन्म के समय विशेष पूजा की जाती है। वैसे तो भगवान श्रीकृष्ण न केवल हमारे पूज्य देव हैं बल्कि उनकी शिक्षा और उनका दिखाया मार्ग समाज जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। महाभारत के युद्ध के समय



कुरुक्षेत्र की रणभूमि में दिया गया उनका संदेश विश्वभर के लिए एक जीवन विधा और नीति शास्त्र है, जिसे हम सब श्रीमद्भगवद् गीता के नाम से जानते हैं या गीता का संदेश कहते हैं। इसमें धर्म, अध्यात्म, ज्ञान, योग, कर्म आदि सब प्रकार की शिक्षा दी गई है। वस्तुतः गीता कोई धर्म ग्रन्थ नहीं बल्कि एक जीवन दर्शन है। यहां उस ज्ञान की चर्चा न करके केवल भक्ति भाव से श्रीकृष्ण को अपना सखा मानने वाली भावना से उनके चरित्र और उनकी आराधना का वर्णन कर रहे हैं।

इस बार जन्माष्टमी पर चंद्रमा वृषभ राशि में ही विराजमान रहेंगे। माना जाता है कि जब कृष्ण भगवान का जन्म हुआ था तब भी ऐसा ही योग बना था। इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सोमवार को मनाई जा रही है। सोमवार के दिन ही भगवान कृष्ण का नामकरण हुआ था। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग भी बन रहा है। जन्माष्टमी भले ही रंगों का त्यौहार न हो, लेकिन इस दिन अलग-अलग रंग के कपड़ों का अलग महत्व होता है। कुछ रंगों के कपड़ों को पहनना बहुत शुभ माना जाता है। कुछ रंग तो भगवान श्रीकृष्ण को बेहद प्रिय रहे हैं और इन रंगों को पहनने से व्यक्ति को मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है। वैसे तो त्योहार के दिन किसी भी हल्के रंग के कपड़ों को पहनना शुभ माना जाता है, मगर कुछ रंगों का चयन अत्यंत लाभकारी होता है। भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपने मन में श्रद्धा और भक्ति रखकर अपने कपड़ों के लिए मन-मुताबिक रंग का ड्रेस खरीद सकते हैं। गुलाबी रंग प्रेम और सुख का प्रतीक है। इस रंग को शुक्र ग्रह से भी जोड़कर देखा जाता है। जन्माष्टमी के दिन गुलाबी रंग के कपड़े पहन सकते हैं ,जो जीवन में प्रेम और सुख-समृद्धि का प्रतीक है। जन्माष्टमी के त्योहार के लिए लाल रंग को बेहद शुभ माना जाता है।

लाल रंग ऊर्जा और साहस का प्रतीक भी माना जाता है। लाल रंग को मंगल ग्रह से भी जोड़ कर देखा जाता है। ऐसे में इस साल कृष्ण जन्माष्टमी के त्योहार पर लाल रंग के कपड़े पहनते हैं तो जीवन में भी अकूत उत्साह और ऊर्जा की वृद्धि होगी। पीला रंग भगवान विष्णु का प्रिय रंग है, धार्मिक मान्यता के अनुसार, श्रीकृष्ण उन्हीं के अवतार हैं। ऐसे में अगर जन्माष्टमी के दिन पीले रंग के कपड़े पहनते हैं तो जीवन में खुशियां और समृद्धि बनी रहती है। साथ ही भगवान कृष्ण की विशेष कृपा बनी रहती है। सफेद रंग शांति का प्रतीक है और इसे चंद्रमा से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में सफेद रंग के कपड़े पहने तो जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बढ़ती है। नीला रंग को सीधे तौर पर भगवान श्रीकृष्ण से जोड़कर देखा जाता है। नीले रंग का कपड़ा पहनने से मानसिक शांति मिलती है, साथ ही जीवन की अन्य परिस्थितियों में भी संतुलन बना रहता है। हरे रंग को हरियाली से जोड़कर देखा जाता है। साथ ही हरे रंग को खुशहाली का प्रतीक भी माना जाता है।

ऐसे में जन्माष्टमी के दिन अगर आप हरे रंग का कपड़ा पहते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा हमेशा बनी रहती है। जन्माष्टमी पर लाखों कृष्ण भक्त मंदिर में ठाकुरजी के बाल रूप के दर्शन करने पहुंचते हैं। मथुरा और वृंदावन में तो जन्माष्टमी की धूम रहती है। जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रतीक है, जो अधर्म पर धर्म की विजय और प्रेम, भक्ति, और ज्ञान का संदेश देता है। जन्माष्टमी पर सबसे प्रिय और सर्वत्र गाया जाने वाला गान है,÷नन्द के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की।÷ श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, जन्माष्टमी के उत्सव की शुरुआत 26 अगस्त को सुबह 5.30 बजे मंगला आरती से होगी। इसके बाद, सुबह 8.00 बजे भगवान का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। रात्रि 11.00 बजे से मुख्य कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा, जिसमें श्रीकृष्ण के जन्म की महाआरती का आयोजन विशेष आकर्षण होगा। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों को भव्य रूप से सजाया गया है, जिससे श्रद्धालु यहां आकर आस्था और भक्ति के वातावरण में डूब सकें। वृंदावन, जिसे भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली कहा जाता है, में जन्माष्टमी का पर्व 27 अगस्त को मनाया जाएगा।

वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होगा। बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी के दिन ही विशेष मंगला आरती की जाती है, जिसे देखने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। जन्माष्टमी की रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का बाला महाभिषेक किया जाएगा, जो कि करीब 2 घंटे तक चलेगा। यह अभिषेक केवल एक बार, इसी दिन किया जाता है। इसके बाद ठाकुर जी को पीतांबरी पोशाक और चिरौंजी मेवे से बनी पंजीरी का भोग लगाया जाएगा। इस महाभिषेक और मंगला आरती को देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ेगी, जिससे पूरे वृंदावन का वातावरण भक्तिमय हो जाएगा।

**(लेखक, आध्यात्मिक चिंतक व वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## वैश्विक शांति में भारत का महत्वपूर्ण प्रयास

भारत हमेशा से शांति सद्भावना और सौहाद्र का सर्वकालिक समर्थक रहा है। रूस यूक्रेन युद्ध में भारत की तरफ से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं कि युद्ध विराम कर शांति की स्थापना हो और अब के बाद भविष्य में अनावश्यक जान माल की हानि न होने पाए और इसके लिए भारत ने अथक प्रयास भी किए हैं। यह अलग बात है कि विस्तारवादी दृष्टिकोण को लेकर पुतिन और जेलेन्सकी अजीब सी राजनीतिक और कूटनीतिक परिस्थितियों में एक दूसरे के सामने खड़े तथा अड़े है। शांति के प्रयासों के तहत भारत के प्रधानमंत्री की पोलैंड तथा यूक्रेन की यात्रा के बहुत अहम मायने हैं। प्रधानमंत्री मोदी के पुतिन और रुस से परंपरागत रूप से सामरिक,राजनीतिक एवं आर्थिक अच् संबंध गहरे रहें हैं और इन्हीं संबंधों के परिणाम स्वरूप मोदी यूक्रेन से भी शांति की वार्ता करने व्लादिमीर जिलेंस्की से भीवन टू वन चर्चा करेंगे, भारत की तरफसे शांति का यह महत्वपूर्ण वैश्विक प्रयास है। हालांकि अमेरिका भी शांति का प्रयास के जुटा हुआ है किंतु भारत का प्रयास अलग महत्व रखता है परिणाम जो भी हो कोशिश की सराहना की जानी चाहिए। दूसरी तरफइजराइल हमास युद्ध में भारत की नीति स्पष्ट रूप से आतंकवादी गतिविधियों और उग्रवाद के विरोध में रही है। भारत ने आतंकवादी संगठन हमास, हिज्बुल्लह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद का खुलकर विरोध किया है । इजरायल की बमबारी से घायल हुए पिलिस्तिनी नागरिकों के लिए 38 टन खाद्य सामग्री दवाएं और आवश्यक वस्तुएं तत्काल मुहैया कराई है। भारत के संबंध अरब देशों के साथ-साथ यूरोप,अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस और नाटो देशों से भी मधुर हैं इन परिस्थितियों में अरब देश भारत के प्रति युद्ध विराम की संभावनाओं की तलाश में भारतीय पहल का इंतजार कर रहा है। अब भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में जॉर्डन के शांति प्रस्ताव में वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया ,120 देशों के मतों से प्रस्ताव पारित हो गया, 45 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। चूंकि जॉर्डन हमास को उग्रवादी संगठन नहीं मानता और भारत हमास को कट्टर उग्रवादी मानने की नीति पर चल रहा है। अब भारत को आगे बढ़कर पूरे विश्व का नेतृत्व करने का समय आ गया है। भारतवर्ष अर्वाचीन काल से अहिंसा का पुजारी रहा है। पुरातन काल से ही राजा, महाराजा और सम्राटों ने अपने राज्य कार्य में हिंसा को कभी प्रथम पंक्ति में महत्त्व नहीं दिया था। तथा विस्तार वाली नीतियों में भी सेना प्रयास करती रही की आक्रमण के दौरान कम से कम सैनिक हताहत हो। फ्ल स्वरूप राजा, महाराजा तथा सम्राटो ने सदैव अहिंसा के पुजारी बनकर ही राजकाज किया था, पहले से आक्रमण न करने की नीति तथा अहिंसा वादी नीति के कारण भारत पहले मुगलों का तथा बाद में अंग्रेजों का गुलाम हो गया था। इसके उपरांत बहुत संघर्ष तथा मेहनत के बाद 1947 में भारत को आजादी मिलीद्य और इसके उपरांत भारत लगातार ÷अहिंसा परमो धर्म÷ की नीति पर अपने कदम बढ़ाता रहा है, कुछेक उदाहरण को छोड़ दिया जाए जैसे पाकिस्तान द्वारा लगातार भारत पर आक्रमण करने से भारत ने मुंह तोड़ जवाब भी दिया, और इसी के परिणाम स्वरूप बांग्लादेश का जन्म भी हुआ। पर इस घटना में भी भारत की वैश्विक स्तर पर शांतिदूत की भूमिका ही रही, भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि एक शांति के संप्रभुता वाले गणतांत्रिक लोकतंत्र की रहीद्य भारत ने ऐतिहासिक तौर पर कभी किसी राष्ट्र पर अपनी तरफ से आक्रमण हमला नहीं किया, और यही कारण है की संयुक्त राष्ट्र संघ के 75 वर्ष के निर्माण काल के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ हमेशा शांति प्रयासों में भारत की सहायता लेता रहा है और भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ वैश्विक स्तर पर शांति प्रयासों में योगदान की महत्वपूर्ण रहा है, भारत की स्वतंत्रता के बाद मोदी सरकार ने भी वसुधैव कुटुंबकम की नीति का परिचालन कर विश्व को संदेश दे दिया है की भारत गांधी का देश है बुध और विवेकानंद का देश है, वह अपने साथ विश्व में भी शांति और सौहार्द्र बनाए रखना चाहता है, और इसी कार्यक्रम में 26 सितंबर 2020 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आभासी आयोजन में हिंदी में संभाषण किया।



# राशिफल

**मेषः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-**आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**तुलाः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।


# पुरानी नहीं बल्कि अब सुनिश्चित पेंशन

**प्रेम शर्मा**

**यूपीएस में सरकारी कर्मचारी को 25 साल नौकरी के बाद फिक्स पेंशन के अलावा एकमुश्त राशि भी मिलेगी। महंगाई दर के हिसाब से ये पेंशन बढ़ेगी। एनपीए में बहुत कर्मचारियों को बहुत कम रुपए ही मिल रहे थे। एनपीएस में कोई सुनिश्चित पेंशन नहीं था। यूपीएस में 25 साल की सेवा के बाद आखिरी सैलरी का कम से कम 50 फीसदी पेंशन सुनिश्चित होगा। इसके अलावा यूपीएस में 10 साल की सेवा के बाद 10 हजार रूपए सुनिश्चित पेंशन मिलेगी। एनपीएस में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। अभी तक एनपीएस में बाजार के उतार चढ़ाव पर निर्भरता है। लेकिन यूपीएस में बाजार पर निर्भरता काफी घटी है। ज्ञात हो कि एनपीएस को 2004 में शुरू किया गया था। इसके बाद 2009 में इस स्कीम को प्राइवेट सेक्टर के लिए भी खोल दिया गया था।**

ओपीएस और एनपीएस के मसले पर कर्मचारी संगठनों से रार के बीच सरकार यूपीएस यानी एकीकृत पेंशन योजना लेकर आई है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक यूपीएस को कैबिनेट ने हरी झंडी दिखा दी है। केन्द्र और सार्वजनिक उपक्रम सहित कई राज्यों के कर्मचारी संगठनों द्वारा एक मई 24 को अश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा गई थी। इसके बाद से ही केन्द्र सरकार में हलचल शुरू हो गई थी। सरकार की नई एकीकृत पेंशन योजना योजना 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। हालॉकि कर्मचारियों के लम्बे आन्दोलन के बाद पुरानी पेंशन की बहाली तो नही की गई लेकिन एक सुनिश्चित पेंशन का रास्ता जरूर केन्द्र सरकार ने बना दिया है।

यूपीएस को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार के आन्देलनरत कार्मिक कितने संतुष्ट इसका पता शीघ्र ही चलेगा। बहरहाल यूपीएस का लेकर कर्मचारियों के मामले में काफी कम बोलने वाले प्रधानमंत्री ने चुप्पी तोड़ते हुए यह कहा कि एकीकृत पेंशन योजना सरकारी कर्मचारियों के लिए सम्मान और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करती है, जो उनकी भलाई और सुरक्षित भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सरकार द्वारा एक अप्रैल



25 से लागू होने वाली यूनिफाइड पेंशन स्कीम में केंद्र सरकार के कर्मचारियों को फिक्स पेंशन मिलेगी। जबकि नेशनल पेंशन स्कीम में बाजार के रिटर्न पर पेंशन तय होती थी, जो कम ज्यादा होती रहती थी। यही नही एनपीए की तरह यूपीएस में भी कर्मचारी सैलरी का 10 प्रतिशत पेंशन के लिए जमा करेंगे, जबकि सरकार 18.5 प्रतिशत देगी। अभी तक सरकार 14 प्रतिशत दे रही थी।

यूपीएस में सरकारी कर्मचारी को 25 साल नौकरी के बाद फिक्स पेंशन के अलावा एकमुश्त राशि भी मिलेगी। महंगाई दर के हिसाब से ये पेंशन बढ़ेगी। एनपीए में बहुत कर्मचारियों को बहुत कम रुपए ही मिल रहे थे। एनपीएस में कोई सुनिश्चित पेंशन नहीं था। यूपीएस में 25 साल की सेवा के बाद आखिरी सैलरी का कम से कम 50 फीसदी पेंशन सुनिश्चित होगा। इसके अलावा यूपीएस में 10 साल की सेवा के बाद 10 हजार रूपए सुनिश्चित पेंशन मिलेगी। एनपीएस में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। अभी तक एनपीएस में बाजार के उतार चढ़ाव पर निर्भरता है। लेकिन यूपीएस में बाजार पर निर्भरता काफी घटी है। ज्ञात हो कि एनपीएस को 2004 में शुरू किया गया था। इसके बाद 2009 में इस स्कीम को प्राइवेट सेक्टर के लिए भी खोल दिया गया था।

एनपीस का मैनेजमेंट पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी करती है। अब केन्द्र द्वारा लागू की गई यूपीएस को लेकर कई तरह के संशय सामने आ रहे है। इसका भी केन्द्र सरकार द्वारा समाधान किया गया है। जैसे यह स्कीम क्या है ? पेंशन एरियर और उस पर ब्याज भुगतान की क्या व्यवस्था है ? एरियर की गणना कैसे होगी ? तो इसका सरल शब्दों में जबाब यह दिया जा रहा है कि यूपीएस यानी एकीकृत पेंशन योजना अपनाने पर कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद सुनिश्चित पेंशन मिलेगी। इसकी रकम सेवानिवृत्ति से पहले के 12 महीने के औसत मूल वेतन का 50 फीसदी होगी। 25 वर्ष तक की सेवा पर ही यह रकम मिलेगी। 25 वर्ष से कम और 10 साल से ज्यादा की सेवा पर उसके अनुपात में पेंशन मिलेगी। किसी भी कर्मचारी के निधन से पहले पेंशन की कुल रकम का 60 फीसदी हिस्सा परिवार को मिलेगा। कम से कम 10 साल की सेवा के बाद 10 हजार रुपये प्रतिमाह की न्यूनतम पेंशन सुनिश्चित होगी। महंगाई भत्तों को जोड़कर आज के हिसाब से यह रकम 15 हजार रुपये के आसपास होगी। महंगाई दर के साथ इंडेक्सेशन की सुविधा यानि उपरोक्त तीनों तरह की पेंशन यानी सुनिश्चित पेंशन, पारिवारिक पेंशन और न्यूनतम पेंशन के मामलों में महंगाई राहत यानी वक्त के आधार पर इनफ्लेशन इंडेक्सेशन मिलेगा। सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी के अतिरिक्त एकमुश्त भुगतान का लाभ मिलेगा। छह महीने की सेवा के लिए (वेतनड़ीए) की 10 फीसदी रकम का एकमुश्त भुगतान होगा। यानी अगर किसी की 30 साल की सर्विस है तो उसे छह महीने की सेवा के आधार पर एकमुश्त भुगतान (इमॉल्यूमेंट) होगा। पेंशन मद में सरकार का योगदान बढ़ने या एरियर भुगतान के बावजूद कर्मचारियों पर कोई भार नहीं पड़ेगा। 10 वर्ष पहले तक कर्मचारी और सरकार 10-10 फीसदी का योगदान देते हैं। हमारी सरकार ने योगदान बढ़ाकर 14 फीसदी कर दिया था। यह अपने आप में बड़ा कदम था। अब केंद्र सरकार का योगदान बढ़कर 18.5 फीसदी हो जाएगा। यही नही वित्त सचिव डॉ. टीवी सोमनाथन के अनुसार जो कर्मचारी 2004 से अब तक और आगे 31 मार्च 2025 तक सेवानिवृत्त होंगे, वे भी यूपीएस के पांच बिंदुओं का फायदा ले सकेंगे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# प्रमाण पत्र लखपति का मानदेय दो साल से नहीं

- एनआरएलएम समूह की दीदियों ने बया की पीड़ी
- महिलाओं ने धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की, वीडीओ ने दिया आश्वासन

**मौदहा; हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक परिसर में समूह की महिलाओं को रविवार के दिन ब्लॉक कैंपस के मीटिंग हॉल में खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई जहा लखपति दीदी प्रमाण पत्र वितरित किए गए वही समूह की महिलाओं ने अपनी समस्याएं खंड विकास अधिकारी को अवगत करते हुए बताया की दो वर्ष से मानदेय न मिलने की बात कही और साथ ही वेतन बढ़ाई जाने की मांग की है

ब्लॉक सभा गार समूह की महिलाओं की मीटिंग खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता संपन्न हुई जहा बी एम एम आसुतोषए चित्राणसी आदि की मौजूदगी लखपति दीदी होने का समूह की महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए जहां महिलाओं ने बताया कि लखपति होने का प्रमाण पत्र तो दे दिया गया परंतु अभी तक दो वर्ष होने को जा रहे है हमारा वेतन नहीं दिया गया जिससे हमारा खर्च कैसे चले साथ ही मानदेय बढ़ाने की मांग की है



लेकिन वीडियो उनकी समस्याओं को नजर अंदाज करते हुए अपने आवास चले गए जिससे आक्रोशित महिलाओं ने ब्लॉक परिषर के बाहर गेट के सामने सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन करने लगी जिससे वहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई और अपरा तफ्री का माहौल बन गया लगभग आधा घंटा जाम लग रहा महिलाएं नारेबाजी करते हुए नहीं किसी से भीख मांगते हम अपना अधिकार मांगते ए सभी समूह सखियों ने ठाना है अपना मानदेय बढ़ना हैए के साथ हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करने लगी मामले की स्थिति को देखे हुए खंड विकास अधिकारी आनंन.फानन आवास से निकल कर समूह की महिलाओं से बातचीत कर धरना प्रदर्शन बंद करने की अपील की महिलाओं ने अपना ज्ञापन विकासखंड अधिकारी को सौप अपनी समस्याओं को समाधान करने की मांग की वही विकासखंड अधिकारी ने बताया की समूह की महिलाओं की समस्याएं को देखते हुए उनके प्रार्थना पत्र को उच्च अधिकारियों को भेज कर समस्याओं को निदान की कोशिश की जा रही है। इस अवसर पर शारदा बैजेमऊ ए शिवप्यारी प्रजापतिए उर्मिला एरेखा साहूए अर्चना गुप्ताए सुनीता पांडे ए फूल कलीए संगीताए संगीता पाल वंदनाए रामकलीए मुन्नीए सावित्री सहित आधा सैकड़ा समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# ट्रेन का इंजन फेल होने पर यू पी सिपाही भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने किया हंगामा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

झांसी से चलकर प्रयागराज तक जाने वाली पैसेंजर ट्रेन का बेलाताल स्टेशन पर अचानक इंजन फेल हो जाने से ट्रेन में सवार यू पी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों में हड़कंप मच गया। अभ्यर्थियों ने पेपर छूटने के डर से स्टेशन पर जमकर हंगामा किया । इसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्राइवेट वाहनों की मदद से अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार को पुलिस भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन झांसी से प्रयागराज जा रही पैसेंजर ट्रेन 10 बजकर 23 मिनट पर बेलाताल स्टेशन पहुंची। जहां पर ट्रेन का इंजन



फेल हो गया। ट्रेन में महोबा, बांदा और अन्य स्थानों के सैकडों अभ्यर्थी सवार थे। एक घंटे से ज्यादा समय तक ट्रेन का इंजन सही न होने की दशा में परीक्षा के छूटने के डर से अभ्यर्थियों ने स्टेशन पर जमकर हंगामा किया। रेलवे के अधिकारियों से बात की, जिसके बाद अधिकारियों ने महोबा रेलवे स्टेशन से दूसरा इंजन आने का आश्वाशन दिया। लगभग डेढ़ घंटे बाद दूसरा इंजन पहुंचने पर पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने जा रहे अभ्यर्थियों को परीक्षा छूटने का डर सताता रहा है।

बेलाताल रेलवे स्टेशन पर हंगामा कर रहे अभ्यर्थियों की सूचना पर स्टेशन पहुंच पुलिस प्रशासन ने सिपाही भर्ती परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को समझाने का प्रयास किया और प्राइवेट वाहनों की मदद से उनके परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया है। इसके बाद अभ्यर्थियों ने चैन की सांस ली है। वहीं महोबा रेलवे स्टेशन के प्रभारी स्टेशन इंचार्ज फिरोज खान ने बेलाताल स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन के इंजन खराब होने की सूचना पर महोबा रेलवे स्टेशन से दूसरे इंजन को बेलाताल भेजा गया। इसके बाद पैसेंजर ट्रेन बेलाताल से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो सकी।

## खबरें एक नजर में

### नागराज दो का भव्य कार्यक्रम आयोजित



**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे के उत्सव पैलेस में बुंदेलखंड की बहुप्रतीक्षित फिल्म नागराज 2 की भव्य रिलीजिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि अतिथि समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने फीटा काट कर किया। फिल्म नागराज 2 की शूटिंग बुंदेलखंड के विभिन्न क्षेत्रों में की गई है। इस फिल्म में अधिकांश कलाकार भी इसी क्षेत्र के ही हैं। फिल्म के निर्देशक सैय्यद जाफरी भाइया जी ने बताया कि फिल्म की शूटिंग 1989 में शुरू हुई थी। लेकिन तकनीकी कारणों यह पर्दे पर नहीं आ सकी। बताया कि दशकों बाद फिल्म को पूरी तरह से तैयार कर सफलतापूर्वक रिलीज किया गया है। फिल्म रिलीज के दौरान सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य नौरंगा विमलेश कुमारीए मोहम्मद शोएबए उत्तम सिंहए सत्यम सिंहए विवेक कुमारए महेश फौजीए मानसिंह आदि मौजूद रहे।

### दबंगों ने लाठी-डंडो से किया प्रहार, पुलिस से शिकायत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** मजार व कब्रिस्तान से फातिहा पढ़ कर घर की ओर लौट रहे युवक पर गांव के दबंगों ने लाठी डंडों से प्रहार कर जख्मी कर दिया है। पुलिस से लिखित शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरौंदा निवासी शफीक पुत्र जमील ने पुलिस को बताया कि जब वह 23 अगस्त की शाम लगभग चार बजे वह अपने पूर्वजों की कब्र तथा मजार से फातिहा पढ़ कर घर की ओर लौट रहा था तभी रास्ते में गांव के ही सेंगर कुआं के पास मौजूद कुंवर बहादुर पुत्र रघुवीरए वीरू तथा कल्लू पुत्रगण कुंवर बहादुर करवल पुत्र अजय सिंह समेत 5 अज्ञात लोगों ने बेवजह पीड़ित को मां बहन की गंदी.गंदी गालियों से अपमानित कर लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दीए जिससे प्रार्थी के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान हैं तथा कहीं घटना की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। घटना से आहत पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर सभी नामित आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी जिसके बाद कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर नामित सभी आरोपियों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा जांच पड़ताल की जा रही है।

### एक-एक बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

**राठ, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के बसेला गांव में टंकी से पानी की सप्लाई कम आने से ग्रामीण पीने के पानी को तरस रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ने उपजिलाधिकारी विपिन कुमार शिवहरे को ज्ञापन सौंपा है। भाकियू जिलाध्यक्ष बृजकिशोर राजपूत ने बताया कि गांव में नमामि गंगे जल योजना के तहत पानी सप्लाई कार्य पांच माह पहले शुरू कर दिया गया था। बीते पांच माह से गांव में पानी की टंकी से मात्र प्रतिदिन पांच मिनट के लिए पानी सप्लाई होता है। जिससे ग्रामीणों को पानी की समस्या से जुझना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष ने एसडीएम से टंकी से पानी की सप्लाई सुचारु रूप से चालू कराए जाने की मांग की है।

### छेड़छाड़ की शिकायत पुलिस से

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** महिला ने घर में घुसकर बुरी नियत से पकड़ कर छेड़छाड़ करने का युवक पर आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है। कोतवाली के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि गुरुवार की सुबह गांव का एक युवक उसके घर में घुस कर बुरी नियत से हाथ पकड़ कर जमीन पर गिरा दिया और अश्लील हरकतें कर करने लगा। बताया कि उसकी सास दुकान पर सामान लेने गई थी। आवाज सुनकर जब उसकी सास आईं तो उक्त युवक गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। बताया कि यह घटना अपने पति को बताई। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### युवक को मरणासन्न कर सड़क किनारे फेंका

**कुलपहाड़ (महोबा), समृद्धि न्यूज।** एक युवक के साथ अज्ञात लोगों ने अचानक हमला बोलकर मरणासन्न कर दिया और मौके से फरार हो गए। अचेत अवस्था में पड़े युवक को देखकर पुलिस को सूचना दी गई, पुलिस ने अचेत अवस्था में उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत खराब होने पर डाक्टर ने महोबा रिफर कर दिया। मिली जानकारी अनुसार नगर के बाजार वार्ड निवासी अरविन्द उर्फ बिल्ला उम्र 32 वर्ष पुत्र स्व0 धूराम अहिरवार किसी कार्य से सुगिरा रोड की तरफ गया था, जहां देर रात्रि को अज्ञात लोगों ने उस पर अचानक लाठी से हमला कर मरणासन्न कर दिया। जिसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं।अचेत अवस्था में पड़े देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया, जहां वह करीब आधा घंटे तक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के द्वारा उसका इलाज किया जाने लगा तो उसके भाई के द्वारा डॉक्टर के बारे में जानकारी पूछी गई, तो कर्मचारी ने कहा इलाज तो हो रहा है। इसके बाद भाई ने कई संभ्रांत लोगों को इस बात की सूचना दी। जिस पर लोगों ने डॉक्टर को फोन लगाया, डॉक्टर आधा घंटे बाद आए। इसके बावजूद भी डॉक्टर ने उसे हाथ लगाना भी मुमकिन नहीं समझा और सर में घाव होने के बावजूद भी उसकी सही पट्टी करना व टांका लगाना मुमकिन नहीं समझा और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के द्वारा साधारण रूप से पट्टी लपेटकर डाक्टर ने उसे महोबा रेफर कर दिया गया। उसके परिजनों ने डॉक्टर की लापरवाही का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है। घायल युवक के भाई जमुना ने बताया कि उसके भाई को बुलाने एक युवक घर पर आया था, उसके साथ चला गया था। इसके बाद वह मरणासन्न अवस्था में मिला है। जिसकी सूचना पुलिस को दे दी है।

# स्टूडेंट म्यूजिकल इवेंट ने आल्हा मंच पर मचाई धूम

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

कीरत सागर तट पर चल रहे ऐतिहासिक कजली मेला स्थित आल्हा मंच पर स्टूडेंट म्यूजिकल इवेंट के प्रो0 राजू पाटकर के नेतृत्व में कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति की गई।

आल्हा मंच महोबा में स्टूडेंट आर्केस्ट्रा ग्रुप की प्रस्तुति में राजू पाटकर सरदार रिक्की सिंह श्रुति विश्वकर्मा बृजेंद्र कटारे विजय यादव द्वारा लगी आज सावन की फिर वो झड़ी है मैं निकला गड्डी लेके हाल क्या है दिलों का न पूछो सनम गानों ने धूम मचा दी।

फिल्मी गीतों से सभी का मन मोह लिया लिया सरदार रिक्की सिंह ने मैं निकाला गड्ड़ी लेकर गीत गाया जिसमे दर्शक झूमते रहे और राजू पाटकार द्वारा लगी आज सावन की फिर वो झड़ी है गीत ने दर्शकों को मग्न मुग्ध कर दिया



देर रात तक दर्शक फिल्मी गानों पर झूमते रहे गायका श्रुति विश्वकर्मा द्वारा गाए गए गीत टिप टिप बरसा पानी पानी ने आग लगाई गीत ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के अंत में आल्हा परिषद अध्यक्ष शरद तिवारी दाऊ द्वारा सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# खनन एवं क्रशर उद्योग कल्याण समिति ने मुख्यमंत्री से मिलकर रखी मांग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

मंदी के दौर से गुजर रहे खनन और क्रशर उद्योग के दिन बहुरने की उम्मीद बनी है, जिले के बंद पड़े 200 से अधिक क्रशर प्लांट अब संचालित हो जाएंगे।

इससे 50 हजार से अधिक लोगों को भी रोजगार मिलेगा। खनन एवं क्रशर उद्योग कल्याण समिति के महामंत्री देवेंद्र मिश्र, मुन्ना सिंह आदि ने शनिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। उद्यमियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि पहाड़ खनन क्षेत्र में एक घन मीटर बोल्डर, गिट्टी का वास्तविक वजन 2.84 टन होने के बावजूद खनन नियमावली में मात्र 1.65 टन उपखनिज परिवहन की अनुमति दी जाती है। जिसके परिणामस्वरूप प्रति घन मीटर 1.19 टन उपखनिज स्टोन क्रशर प्लांट



में भंडारित रह जाता है। उद्यमी को नुकसान पहुंचने के साथ ही आमजन को गिट्टी आदि उपखनिज महंगी दर पर मिलता है। नियमावली में प्रति घन मीटर खंडा, बोल्डर, गिट्टी की तौल को 2.84 टन के मानक अनुरूप किए जाने से प्रदेश के गिट्टी जैसे उपखनिज की दरों में कमी आने से नए स्टोन क्रशर उद्योग लगेंगे और बंद पड़े प्लांट संचालित हो सकेंगे। यूनियन अध्यक्ष बालकिशोर द्विवेदी कोषाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गिट्टी की दरों में कमी आने से लोगों का घर बनाने का सपना पूरा होगा। मुख्यमंत्री ने यूनियन की मांग पर शीघ्र निर्णय लिए जाने के लिए भूतत्व एवं खनिजकर्म विभाग को निर्देश देने का आश्वासन दिया है। जिससे अब बंद पड़े उद्योग के शुरू होने की उम्मीद बलवती हुई है। नियमों की उलझन की वजह से वर्तमान में बड़ी संख्या में क्रशर प्लांट बंद हैं, इससे रोजगार भी प्रभावित हुआ है।मुख्यमंत्री से पदाधिकारियों की भेंट होने से जिले के खनन और क्रशर उद्योग के एक बार फिर से पूर्ववत संचालित होने की आशा जाग्रत हुई है। अजय अग्निहोत्री, ज्ञानेंद्र सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, प्रणव त्रिपाठी, सुमंत गुप्ता, सुलभ सक्सेना, पुष्पेंद्र श्रीवास, इफ्तिखार अहमद सहित सभी उद्यमियों ने राहत मिलने की उम्मीद जाहिर की है।

### कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने पीड़िता के घर पहुंच दिया कार्यवाही का भरोसा



**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के जखेला गांव में रेप पीड़िता के घर कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधि मंडल उसके घर पहुंचा। तथा घटना के संबंध पीड़ित जान कारी ली। तथा कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया। क्षेत्र के जखेला गांव में 19 अगस्त को होमगार्ड की पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। जिसमे पुलिस ने आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया था ।तथा आरोपी को जेल भेजा जा चुका है ।इस मामले को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल पूर्व विधायक जगदीश नारायण शर्मा के नेतृत्व में पीड़ित के घर जाकर जानकारी ली। तथा न्याय दिलाए जाने का भरोसा दिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हिमांशु सैनी बांदा जिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे राकेश दिबेदी आदि मौजूद रहे।

# खान सर को मिलेगा स्वामी ब्रह्मानंद 2024 का पुरस्कार

- शिक्षा के क्षेत्र में किया सराहनीय कार्य

**राठ, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार समिति ने वर्ष 2024 के लिए पुरस्कार की घोषणा कर दी है। यह पुरस्कार शिक्षा और गौ सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय और उत्कृष्ट कार्य करने वाले भारतीय या गैर भारतीय को स्वामी ब्रह्मानन्द के निर्वाण दिवस 13 सितंबर को हर वर्ष प्रदान किया जाता है। इस वर्ष का पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में दिया जा रहा है। जिसके लिए खान सर को चुना गया है।

पुरस्कार समिति ने घोषणा करते हुए समिति के सचिव नरेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि ग्राम सुहाई गजन जिला सारण बिहार निवासी अंकित



कुमार पांडेय के प्रस्ताव पर शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने वाले खान सर को इस बार यह पुरस्कार दिया जाएगा। उनके द्वारा बीते कई वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को बहुत कम शुल्क लेकर व बहुत से बच्चों को निशुल्क यूपीएससी पुलिसए रेलवे एसएससी नीट आदि की तैयारी करा कर सरकारी सेवाओं में चयन सुनिश्चित कराया गया है। अभी तक हजारों छात्र.छात्राएं खान सर के शिक्षण से लाभ प्राप्त कर चुके हैं। पूरे देश में ऑनलाइन क्लासों के माध्यम से निःशुल्क यूट्यूब चौनल के माध्यम से लाखों छात्र लाभ उठा रहे हैं। इस प्रकार उनके द्वारा हाशिये पर पड़े समाज जो अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए शहरों में नहीं भेज सकते उनको ऑनलाइन शिक्षा देकर आपके द्वारा अद्वितीयए अनुकरणीय और अप्रतिम कार्यों को देखते हुए समिति ने सर्व सम्मति से उनके नाम पर सहमति जताई है। लिहाजा इस वर्ष 2024 का स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार खान सर को प्रदान किया जाएगा। बता दें कि खान सर से पूर्व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिक्षाविद डॉक्टर अरुण प्रकाशए सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमारए स्वर्गीय संत हरबंस सिंह निर्मल जैसलमेर और रणजीत यादव ;खाकीवाले गुरुद्ध को भी स्वामी ब्रह्मानन्द पुरस्कार से अलंकृत किया जा चुका है। खान सर को स्वामी ब्रह्मानन्द के निर्वाण दिवस के मौके पर यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार स्वरूप उन्हें सनद समेत दस हजार भारतीय मुद्रा नकदए स्वामी ब्रह्मानंद की कांस्य प्रतिमाए कांस्य पदक और अंग वस्त्र प्रदान किया जाएगा।

# ऐतिहासिक बलदाऊ जी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया बलदाऊ का जन्मोत्सव







**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पनवाड़ी ऐतिहासिक बलदाऊ जी मंदिर में भगवान श्री कृष्ण के बड़े भ्राता भगवान श्री बलराम जी का जन्म उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया हर साल की भांति इस साल दिन के 12:00 प्रकट भाई कृपाला दीन दयाला बलराम जी महाराज की जय हो बलदाऊ जी महाराज की जय कारों से गूंज उठा नगर बलदाऊ जी मंदिर को धूमधाम के साथ सजाया गया बलदाऊ जी प्रतिमा सभी का मन मोह रही थी जिनकी दर्शन पाने के लिए भक्तगण बड़े उत्साहित दिखाई दिए जिसके प्रभु के दर्शन के लिए सैकड़ो की संख्या में भक्तगणों ने बलराम जी महाराज के दर्शन किए और मंदिर द्वारा सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया जन्म की मौके पर राम जानकी बड़े मंदिर के महंत राजेंद्र दास महाराज द्वारा जन्म उत्सव का कार्यक्रम संपन्न कराया साथ में पंडित दयाशंकर पटेरिया बड़े मंदिर की पुजारी बलदाऊ जी मंदिर के पुजारी धर्मपाल ठाकुर राहुल ठाकुर एवं सभी भक्तजनों उपस्थित रहे।

# विहिप ने 60वां स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने अपना 60 वाँ स्थापना दिवस धूम धाम मनाया आपको बता दे की 1964 में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना मुंबई में संत महात्माओं की उपस्थिति में हुई थी स्थापना का मुख्य उद्देश्य उद्देश्य हिंदू मंदिरों की रक्षा करना, हिंदुओ की रक्षा करना तथा हिंदुओ को संगठित रखना था ।

इस अवसर पर हमीरपुर महोबा के संगठन मंत्री विकास जी ने कहा की विश्व हिन्दू परिषद 1964 से आज तक अपना कार्य पूरी निष्ठा से कर रहा है जिसका सबसे बड़ परिणाम यह है की आज अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है वही उन्होंने कहा की विश्व हिंदू परिषद जहां भी बाढ़,




आपदा आती है वहां सबसे पहले सेवा भाव से खड़ा रहता है वही विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष मनोज शिवहरे ने कहा की हिन्दूओं के स्वाभिमान के लिए विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना की गई थी आज हिन्दू कई जाति वर्ग में बटा हुआ है उनको एक करने का कार्य विश्व हिंदू परिषद कर रहा है आज बाहरी ताकते देश को तोड़ रही है ऐसे में हम सभी को संगठित बनकर रहना होगा तभी हम सुरक्षित रह सकेंगे ।

इस अवसर पर जिला मंत्री मयंक तिवारी, धर्मेंद्र प्रजापति, अरविंद शिवहरे, व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष अशोक गुप्ता, राहुल गुप्ता, विजय गुप्ता, राज शुक्ला, अमित शिवा दुबे, प्रेमशंकर कुशवाहा, संदीप सेन, पंकज सेन, राहुल शिवहरे, दुर्गा वाहिनी की स्नेहा द्विवेदी, आरती सिंह, ज्योति सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर आगे बढ़ाएं, सरकार के भरोसे न रहें : चंद्रशेखर

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के पतारा गांव में दो सप्ताह पहले किसान की हत्या के मामले में आज आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने मृतक के घर जाकर सांत्वना दी। उन्होने संबोधन में कहा कि सभी लोग अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा देकर आगे बढाये और विकास करे लोग सरकार के भरोसे न रहे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए कई थाने की पुलिस मौजूद रही। उन्होने पुलिस प्रशासन से कहा कि पतारा गांव में स्थायी चौकी खोले ताकि लोगो के अन्दर भय का माहौल न रहे।क्षेत्र के पतारा गांव में 12 अगस्त को दोपहर में गांव निवासी किसान छोटे लाल प्रजापति की लाठी डंडे से पीटकर कर दिन दहाड़े हत्या की गई थी। तब से लेकर अब तक राज नैतिक दलों के नेता मृतक के घर जाकर सांत्वना दे रहे हैं। इसी क्रम में आज नगीना सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने मृतक के घर जाकर सांत्वना दी।तथा महिला व उसके बच्चो से घर के अंदर मुलाकात कर घटना की जानकारी ली।हमीरपुर आकर सांसद ने नगरपालिका पार्क स्थित अंबेडकर पार्क बाबा साहेव पर माल्यापर्ण किया। तथा न्याय दिलाए जाने के लिए भरोसा दिया। तथा वहा मौजूद लोगो को संबोधित करते हुए बताया कि आप लोग अपने बच्चो को शिक्षा दिलाए। तथा शिक्षा के माध्यम से हम आगे बढ़ सकते हैं। अपनी रोजी रोटी के लिए प्रयास करें।तथा प्रशानिक अधिकारियो से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने को कहा। तथा लोगो से संगठित रहने के लिए कहा। इस अवसर पर भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिले का फोर्स मौजूद रहा।

# आरबीपीएस के आंगन में उतरे राधा व कृष्ण

- फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में राधा कृष्ण के नृत्यों ने मोहा सबका मन

**कुलपहाड़, समृद्धि न्यूज।**

नगर के रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने कृष्ण जन्माष्टमी पर्व अलग ही अंदाज में मनाया। प्ले ग्रुप व नर्सरी के विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में राधा व कृष्ण की झलकियों एवं केजी से कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने अपने नृत्यों व रासलीला से सबका मन मोह लिया।

कक्षा एक के विद्यार्थी गर्वित अग्रवाल के राधे राधे गीत पर नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।इसके बाद केजी के विद्यार्थियों अयांशी , हेबा, रितिका, सुधा, हिमांशी, अनुष्का, निर्मित, अंकिता, खुशबू, अमायरा व देवांशी ने छोटी सी किशोरी गीत एवं अनायरा, अक्षिता, मिष्टी, नम्रता, दीक्षा, कृतिका व माही ने राधा ढूंढ रही गाने पर समूह नृत्य पेश किया।

कक्षा 2 के विद्यार्थी मयंक, शिवाकांत पाल व आदित्य ओम ने भाव गीत एवं सुहानी, अनाया वेदिका,



परी व वैष्णवी तिवारी ने सपने में सखी गीत पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 3 के विद्यार्थी मान्यता, हर्षिता, नव्या, ग्रतिका, काव्या, मन्नत, आलिया, वर्तिका, सुमित, विकास, हितेश, मान साहू व प्रार्थना डेविड ने श्रीनाथ नारायण वासुदेवा गीत पर शानदार नृत्य पेश किया।

कक्षा 4 के विद्यार्थियों नित्या व अनाया ने जहां जहां राधा, वारिस व हार्दिक ने नंद के आनंद गीतों पर नृत्य किया।इसी कक्षा के अलकाफ, रुद्र प्रताप, शिवांश, अनन्या, अनुष्का, योगेंद्र शुभ, अयांश व वैष्णवी ने गो गो गोविंदा एवं आन्या, पायल, नीति, साक्षी, तन्वी, गौरी, पायल, दर्शिका व लाइबा फैज ने राधा नाचेगी पर समूह नृत्य किया। माही, विधि व पूर्वी ने यशोमती मैया गाने पर अपनी प्रस्तुति दी। कक्षा 5 की छात्राओं अनन्या, राजबी व तनुष्का ने अपनी प्रस्तुति देकर विशेष छाप छोड़ी। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी अपनी काव्य कला व गायन कला से विद्यार्थियों को खूब रिझाया। शिक्षिका नजमा एवं शबीना मैम ने अपनी कविता व अपने गीत प्रस्तुत किए। शिक्षक हरिश्चंद्र आर्य ने कार्यक्रम का संचालन किया।

**श्री बैजनाथ शिवकला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंगलपुर, बाराबंकी**

(डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद से सम्बद्ध)

पत्रांक : बी0एस0एम0/विज्ञापन/यू जी 60/2024- दिनांक 20-08-2024

**आवश्यकता हैं**

कला संकाय यू0जी0सी0 द्वारा न्यूनतम् अर्हताधारी, 08 प्रवक्ता - हिन्दी-01, अंग्रेजी-01 भूगोल-01, शिक्षा शास्त्र-02, समाज शास्त्र-01 राजनीतिशास्त्र-01, गृहविज्ञान-01 तथा विज्ञान संकाय 04. प्रववत्ता भौतिक विज्ञान-01 प्राणि विज्ञान-01 वनस्पति विज्ञान-01 एवं गणित-01 - प्रत्येक विषयों में एक-एक प्रवक्ता तथा शिक्षाशास्त्र में 02 प्रवक्ता-निश्चित वेतनमान रु0 15000/-से रु0 18000/-में आवश्यकता है।

एवं एम0एस0सी0 (परास्नातक) 01 प्रवक्ता यू0जी0सी0 द्वारा न्यूनतम् अर्हताधारी प्रवक्ता गणित विषय में वेतनमान रू0 18000/- से रू0 22000/- आवश्यकता है।

**नोट-** आवेदन पत्र सभी प्रमाण पत्रो, पैन कार्ड व आधार कार्ड के साथ प्रमाणित प्रतियों सहित दो फोटो के साथ महाविद्यालय कार्यालय में 15 दिवस में पहुँच जाना चाहिए।

**रमेश कुमार वर्मा**
प्रबंधक
मो0न0-9621554399

# चार हजार की आबादी वाले गांव गढ़गुवां में मलेरिया बुखार का प्रकोप

**कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

- गांव के प्रत्येक घर में बिछी चारपाई विचित्र बुखार पीड़ितों से
- ग्रामीण बोले एक दशक बाद गांव में दिखा भय का माहौल



**विधानसभा** कालपी के गांव गढ़गुवा में बड़े पैमाने पर मच्छरों के आक्रमण से गांव के प्रत्येक घर में मरीजों की संख्या बढ़ने से पूरे गांव में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। इस गांव में जगह-जगह पसरी गंदगी, नालियों में कीचड़ सफाई कार्य बंद होने के कारण इस गांव के नागरिक अपने जीवन की रक्षा के लिए भगवान के भरोसे होते जा रहे हैं। कालपी विधानसभा का यह गांव लगभग 4 हजार आबादी का है इस गांव में गांधी इंटर कॉलेज होने के कारण यहां पर गांव के बीच छात्र-छात्राएं पढ़ने आती हैं इतने बड़े पैमाने पर भयानक महामारी से फैलने के कारण अधिकांश लोग मलेरिया बुखार से पीड़ित होते जा रहे हैं। गांव के ही वरिष्ठ नागरिक पंडित सुरेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से मच्छरों के आतंक से इतनी बड़ी बीमारी पहली बार हुई है हर घर में एक मरीज होने के कारण गांव के लोग बहुत बुरी हालत में होते जा रहे हैं इतना ही नहीं गांव में कोई डॉक्टर न आने के कारण इलाज के लिए भी बार-बार सरकारी अस्पताल जालौन जाना पड़ रहा है जिससे गरीब आदमी इलाज से भी बंचित हो रहा है और बीमार लोग जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। जानकारी करने पर पता चला इस गांव की ग्राम प्रधान को गांव में आई इतनी बड़ी समस्या से निपटने के लिए न तो स्वास्थ्य विभाग से संपर्क किया है ना ही उच्च अधिकारियों को सूचित किया है परिणाम स्वरूप स्वास्थ्य विभाग भी पूर्णतया लापरवाह बना हुआ है। कालपी विधानसभा के बड़े गांव में गिनती रखने वाला ग्राम गढ़गुवा स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण अभी तक दवा का छिड़काव न होने के कारण बहुत बड़े-बड़े मच्छर गांव में पैदा हो गए हैं जिससे भविष्य में डेंगू जैसी महामारी का भी संकट उत्पन्न होने की पूर्ण संभावना बनती जा रही है गांव के नागरिकों ने जो भयभीत हैं उन्हें बताया कि अगर जल्दी स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवा का छिड़काव नहीं होता है एवं नालियों एवं सड़कों की सफाई नहीं होती है तो इस गांव में कभी भी जनहानि होने की भी संभावना बढ़ती जा रही है ग्रामीणों ने जनपद के लोकप्रिय जिलाधिकारी जालौन एवं स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अनुरोध किया है कि अतिशीघ्र इस गांव में दवा का छिड़काव एवं दवा का वितरण कराया जाए जिससे गरीब ग्रामीण जनता की जनहानि होने से बचाए जा सके।

# पांच करोड़ दस लाख की मारफीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



**जैदपुर थाना** प्रभारी को उस समय बड़ी सफलता मिली जब थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा 2 मादक पदार्थ तस्करो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5.1 किलोग्राम अवैध मारफीन (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 05 करोड़ 10 लाख रूपये) बरामद किया।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व मे वरिष्ठ उपनिरीक्षक अभिनन्दन पाण्डेय,उप निरीक्षक रनवीर सिंह, डेड कांस्टेबल गुफरान खान,जयनारायण यादव,अनुज कुमार सिंह,अखिलेश चौधरी की थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इन्टेलीजेन्स के आधार पर 2 मादक पदार्थ तस्कर/अभियुक्तो रामू वर्मा पुत्र स्व रक्षाराम निवासी बरसौली थाना जैदपुर व चन्द्रभान सिंह पुत्र जवाहर सिंह निवासी भूपतिनगर मजरे टेरा थाना जैदपुर को जहीरूद्दीन मोड़ से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तो के कब्जे से कुल 5 किलो 100 ग्राम अवैध मारफीन (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 5 करोड़ 10 लाख रूपये) बरामद किया गया।अभियुक्तो के विरुद्ध थाना जैदपुर पर मुअसं 315/2024 धारा 8/21सी/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।अभियुक्तो से पूछताछ में प्रकाश में आया कि उक्त बरामद मारफीन थाना मसौली निवासी इमरान का है जिनको अभियुक्तो द्वारा अपने अन्य साथी के साथ मिलकर ग्राहक तलाश कर बेचने का काम करते है और अवैध मारफीन बेचने से प्राप्त रूपयो का कुछ भाग कमीशन के रूप मे उनको मिलता है।टीमो का गठन कर अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### ब्लॉक प्रमुखों पर पूर्व विधायक ने लगाए गम्भीर आरोप

**रामनगर बाराबंकी।** जिले के सभी ब्लॉक प्रमुखों पर तानाशाही रवैया अपनाये जाने के साथ भारी कमीशन खोरी कराये जाने का गंभीर आरोप पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने जन प्रति निधियो की एक बैठक मे लगाया है।जिसका बी डी ओ शोषल होने के बाद ग्राम प्रधानो के आरोप और ब्लाक प्रमुख की प्रति क्रिया जिले के गणमान्यों के मध्य चर्चा का विषय बन चुकी है।मालूम हो कि बीते शनिवार को विकास खण्ड रामनगर क्षेत्र के जनप्रति निधियों की एक बैठक हाईवे स्थित क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रतिष्ठान के पास सम्पन्न हुई।जिसके मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने उपस्थित जन प्रति निधियों की शिकायतों पर कहा कि जिले के सभी विकास खण्डों मे ब्लॉक प्रमुखों का तानाशाही भरा रवैया जारी है।ब्लॉकों के अधिकारियों द्वारा कार्य करवाने के नाम पर ग्राम प्रधान से कमीशन की मांग की जाती है।जिससे ग्राम प्रधान गाँवो में विकास कार्य को गति नही दे पा रहे हैं।उन्होंने आगे कहा कि आप सभी लोग एकजुट होकर इसका विरोध करिये हम आपके साथ है।पूर्व विधायक के द्वारा जिले के प्रमुखों पर लगाये गये आरोपों की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जनता में वह चर्चा का विषय बन चुकी है।लोगों का कहना है कि जिले के अधिकतर ब्लॉक प्रमुख भाजपा पार्टी के है।जनहित में संदेश अच्छा न होने के बाद अब अपनो पर ही इस तरह कीचड़ उछालने से पार्टी का कितना फायदा होगा।यह आने वाला समय ही बतायेगा।एक तरफ पूर्व विधायक का बी डी ओ शोषल है तो दूसरी तरफ ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी के प्रत्यारोप शोषल मीडिया पर वायरल है जिसकी हेडिंग ही है कि सभी प्रमुख तानाशाह और भ्रष्टाचारी है भस्मासुर।यह बात यही पर खत्म नहीं होती है उन्होंने लिखा है कि उक्त बैठक में मौजूद रहे कुल 22 ग्राम प्रधानो और मात्र 6 क्षेत्र पंचायत सदस्यों मे अधिकतर सपा के है।यह सारी जद्दोजहद प्रतिशत प्राप्ती को लेकर है सिरौलीगौसपुर का मुद्दा अभी ठंडा भी नहीं हुआ जिसमें अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने की बात भी शामिल थी बताते चले ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा बेनीप्रसाद वर्मा की बहू है।जिस पर क्षेत्रीय विधायक फरीद महफूज किदवई ने प्रमुख के साथ भारी बहुमत होने दावा करते हुये कमीशन खोरी पाये जाने में उसे एक असफल प्रयास करार दिया था। अब सवाल इस बात का है कि अभी हाल में सम्पन्न हुये लोक सभा चुनाव परिणाम से जिले में भाजपा के कर्णधार कोई सीख नहीं ले पाये और आ बैल मुझे मार की कहानी एक बार फिर चरितार्थ करते हुये देखें और पाये जा रहे हैं।जिससे जग हंसाई और बढ़ चुकी है परिणाम आगे क्या होगा जो भी होगा वह देखा जायेगा।

### एम.ए. उत्तरार्द्ध शिक्षाशास्त्र की छूटी परीक्षा 28 को

**अयोध्या।** कामता प्रसाद सुंदरलाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग मे आगामी 28 अगस्त को प्रातः 11 बजे से एमए उत्तरार्द्ध के छूटे हुए छात्र/छात्राओं की मौखिकी परीक्षा सम्पन्न होगी। रविवार को यह जानकारी शिक्षा शास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ प्रतिभा सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मौखिक परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से करीब आधे घंटे पहले पहुंचकर विभाग में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी तथा अपने साथ प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य होगा।

### उपचार कराने अस्पताल आये युवक की बाइक चोर ले उड़े

**जालौन (उरई)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए आए युवक की बाइक अज्ञात बाइक चोरों ने उड़ाई। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक चोर की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमरा निवासी सुरेशचंद्र पुत्र वृंदावन ने पुलिस को बताया कि उसकी तबियत कुछ खराब थी। जिसके चलते वह अपनी बाइक से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आया था। सुबह लगभग साढ़े दस बजे उसने बाइक को अस्पताल परिसर के बाहर खड़ा कर दिया और डॉक्टर को दिखाने के लिए अंदर चला गया। कुछ समय बाद जब वह वापस बाहर आया तो बाइक गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कहीं पता नहीं चला। पीड़ित वाहन स्वामी की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चोर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

### कुठौंदा बुजुर्ग में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराने की मांग

**जालौन (उरई)।** गांव में अंत्येष्टि स्थल न होने से बारिश के मौसम में लोगों को स्वजनों के अंतिम संस्कार में दिक्कत होती है। ग्रामीण ने गांव में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। तहसील क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि कुठौंदा बुजुर्ग गांव में काफी समय से अंत्येष्टि स्थल की आवश्यकता है। गांव में अंत्येष्टि स्थल न होने से गांव के लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। खासतौर पर बारिश के मौसम में लोगों को बहुत दिक्कत होती है। किसी परिवार में यदि किसी का निधन हो जाता है तो बारिश में अंत्येष्टि क्रियाएं संपन्न कराते हुए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव में अंत्येष्टि स्थल बनवाए जाने के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से मांग की जा चुकी है। लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। जिसके चलते लोगों को परेशानी में ही रहना पड़ रहा है। ग्रामीण ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि गांव में लोगों को परेशानियों से बचाने के लिए अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जाए।

### जन्माष्टमी का पर्व आज मनाया जाएगा

**इटावा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर आज सोमवार को कस्बा लखना के लक्ष्मी नारायण मंदिर पर भगवान का जन्मोत्सव भजन कीर्तन के साथ झांकी सजाकर मनाया जाएगा। वहीं घर घर भी कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित होंगे। भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव भादौं की अष्टमी को मनाया जाता है। इसके लिए सोमवार को कस्बा के एतिहासिक लक्ष्मीनारायण मंदिर पर भजन कीर्तन के साथ पुजारी विनोद चौबे के द्वारा मनाई जाएगी। जिसमें क्षेत्र की कीर्तन मंडली के द्वारा भगवान के भजन कीर्तन आयोजित होंगे। इसके अलावा सनातन धर्म के लोगों के द्वारा घर घर भगवान की पूजा अर्चना के साथ झांकी सजाने का कार्य हो रहा है। सब घरों में महिलाओं व पुरुषों के द्वारा रात के समय भजन कीर्तन व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ जन्मोत्सव की लीला का कार्य होगा।

# भाकियू ने खोला टोल प्लाजा कर्मियों के खिलाफ मोर्चा, एसडीएम को दिया ज्ञापन

**जैदपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



**गति दिनों** पूर्व ब्लाक प्रमुख टोल कर्मियों के बीच में विवाद को लेकर किसान यूनियन धर्मेंद्र गुट के प्रदेश प्रभारी मायाराम यादव ने गुरुवार को रामसनेहीघाट एसडीएम को एक ज्ञापन देकर बताया कि टोल प्लाजा के कर्मचारीयों के द्वारा क्षेत्र के लोगो के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है । और वाहन् स्वामियों के साथ बद स्लुकी की जाती है जिसको लेकर रविवार को टोल कर्मियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को सुबह लगभग 11 बजे किसान यूनियन के सैकड़ो कार्यकर्ता टोल प्लाजा पर पहुंचे और लेन नंबर एक को जाम करने का प्रयास करने लगे !टोल प्लाजा पर पहले से ही मौजूद जैदपुर की पुलिस व रामसनेहीघाट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी ने सभी कार्यकर्ताओ को लेन से हटाया। और देखते ही देखते असंद्रा ,मसौली सफदरगंज बड़ोसराय ,की पुलिस के साथ पी एस सी बल भी टोल प्लाजा पहुंचा। मौके पर रामसनेहीघाट के एसडीएम राम आसरे वर्मा एवं भारी पुलिस बल के साथ हाइवे पर भीड़ एकत्र होने को के कारण शांति भूषण जिला अध्यक्ष, चढूनी सूरज सिंह जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र गुट मायाराम यादव प्रदेश प्रभारी संदीप वर्मा साहित लगभग 20 लोगो को धरने पर बैठने से पहले ही हिरासत मे ले लिया। समस्यों पर बैठ कर बात करने की बात कही । इस दौरान टोल प्लाजा पर पी एस सी जय जवान मुस्तैद रहे। इस दौरान किसान यूनियन की भीड़ मे जैदपुर पुलिस को एक युवक अंगवस्त्र से मुँह बांधे संदिग्ध दिखा। जिससे जैदपुर पुलिस पूंछ ताछ कर रही है।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**श्री कृष्णा** जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष पर पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों ने अपने आप को श्री कृष्ण एवं राधा के रूप में सजा कर प्रस्तुत किया,जो कि बड़ा ही मनोहारी दृश्य रहा।कक्षा तीन से लेकर के कक्षा 5 तक के बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता की,कक्षा 6 से लेकर के 8 तक के बच्चों ने मटकी सजाओ प्रतियोगिता की तथा कक्षा 9 से लेकर के 12 तक के बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर अपने विचार प्रस्तुत किए।विद्यालय में त्यौहार मय वातावरण बना रहा तथा समस्त छात्र-छात्राओं ने पूरे हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दीं। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक डॉ.कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि प्रतिवर्ष जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाता है। यह पर्व भगवान श्री कृष्णा के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है।उन्होंने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री कृष्ण का जन्म भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में अर्ध रात्रि को मथुरा में हुआ था।इस दिन भक्त पूरे दिन व्रत रहकर नियम और संयम के साथ भगवान श्री कृष्ण का पूजन अर्चन करते हैं। इस अवसर पर सम्पन्न हुई प्रतियोगिताओं के प्रत्येक वर्ग से प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को चयनित किया गया जिन्हें पुरस्कार वितरण कार्यक्रम वाले दिन पुरस्कृत किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम का किया निरीक्षण



- स्विमिंग पूल, बैडमिंटन कोर्ट, वालीबाल, बास्केटबाल, क्रिकेट, नेट प्रैक्टिस एवं कैंटीन में कराये जा रहे कार्यों को देखा

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** सत्येन्द्र कुमार द्वारा आज खिलाड़ियों/खेल प्रेमियों को के.डी.सिंह बाबू स्टेडियम में संसाधनों के साथ साफ सुथरा और स्वच्छ वातावरण मिले इसके दृष्टिगत स्टेडियम में संचालित स्विमिंग पूल, बैडमिंटन कोर्ट, वालीबाल, बास्केटबाल, क्रिकेट, नेट प्रैक्टिस एवं कैंटीन में कराये जा रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त कार्य समय से एवं मानक के अनुरूप गुणवत्ता बनाये रखते हुए संपादित किए जाए। इसके साथ ही उन्होंने परिसर में लांन टेनिश कोर्ट का निर्माण कराए जाने के भी निर्देश दिये गए।

# ...ताकि शांति से मनाई जा सके कृष्ण जन्माष्टमी



**मसौली बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी** को लेकर रविवार को थाना मसौली में शांति समिति की बैठक सम्पन हुई। क्षेत्राधिकारी रामनगर आलोक कुमार पाठक एव प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने पारम्परिक एव सौहार्दपूर्ण वातावरण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने की अपील की। सीओ रामनगर आलोक कुमार पाठक ने कहा कि इस क्षेत्र के लोग शांतिप्रिय हैं। सभी संप्रदाय के लोग सभी त्योहारों को आपसी एकता व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाते आए हैं। उम्मीद है कि इस त्योहार को भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाकर अपने इतिहास को बनाए रखेंगे। क्षेत्राधिकारी श्री पाठक ने जन्माष्टमी के आयोजनों की जानकारी लेते हुए कन्हैया डोलो को पूर्व में निर्धारित मार्गो से ही निकालने के निर्देश दिये तथा बैठक में उपस्थित लोगो से कहा कि डीजे पर पूर्णतया पाबंदी है आप लोग डीजे का प्रयोग न करे। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने कहा कि समाज मे एकता बहुत जरूरी है और समाज का हर वर्ग चाहता है कि हमसब मिलजुलकर रहे परन्तु कुछ गन्दी मानसिकता के लोग होते है जो जाति धर्म के नाम पर अलगाव पैदा करते है।ऐसे अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रखने में आप सभी लोगो के सहयोग की जरूरत है। निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने आगामी जन्माष्टमी त्योहार मिलजुलकर मनाने की अपील की। इस मौके पर चौकी प्रभारी त्रिलोकपुर मनोज कुमार, रमेश्चंद्र, राज करण सिंह, राकेश यादव, राजेश यादव, वसीम अंसारी पप्पू सोनी, प्रेमनंद वर्मा, अखिलेश यादव, मो0 नफीस, आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो हत्यारोपी किये गिरफ्तार

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना ऊसराहार पुलिस ने हत्या की घटना का सफल अनावरण कर दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमन्चा 315 बोर व खोखा एवं जिन्दा कारतूस बरामद किये। वादी आकाश पुत्र जयराम सिंह यादव निवासी ग्राम इकघरा थाना ऊसराहार जनपद इटावा द्वारा थाना ऊसराहार पर सूचना दी गयी कि उसके पिता जयराम सिंह उम्र करीब 52 वर्ष को सुभाष पुत्र तकत सिंह व बृजेश द्वारा पैसा लेने के लिये इकघरा व कछपुरा के बीच रास्ते पर बुलाकर उनकी हत्या कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

# अमेजिंग इंडियन अवार्ड 2024 से सम्मानित किए गए खाकी वाले गुरु जी

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

- प्रतिष्ठित मीडिया ग्रुप द्वारा नई दिल्ली के ताज पैलेस होटल में आयोजित कार्यक्रम में ट्राफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर कैबिनेट मंत्री किरेन रिजिजू ने किया सम्मानित



समाजसेवा को लेकर जिले के चर्चित व्यक्तित्वों में शुमार पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र कार्यालय में नियुक्त उप निरीक्षक रणजीत यादव को एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। यह उपलब्धि देश की राजधानी नई दिल्ली में प्रतिष्ठित मीडिया ग्रुप द्वारा आयोजित अमेजिंग इंडियन अवार्ड 2024 कार्यक्रम में उप निरीक्षक श्री यादव को सम्मानित किए जाने से जुड़ी है। इस कार्यक्रम में देश के हर राज्य से 12 अलग अलग कैटेगरी से कुल 60 लोगों को नॉमिनी के रूप में आमंत्रित किया गया था।उपस्थित जूरी मेंबर्स ने अपने निर्णय में 12 लोगों को विजयी घोषित किया, जिसमें श्री यादव को मलिन बस्ती के विकास संवर्धन एवं शिक्षा क्षेत्र में किये जा रहे अनुकरणीय प्रयास के लिए अमेजिंग इंडियन अवार्ड 2024 प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया है। मालूम हो कि श्री यादव द्वारा अपनी ड्यूटी को वरीयता देते हुए अयोध्या के जयसिंह वार्ड की मलिन बस्ती के गरीब,असहाय और भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों को वर्ष 2021 से निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। श्री यादव द्वारा शिक्षा की इस मुहिम को अपना स्कूल नाम दिया गया है। श्री यादव ने मलिन बस्ती के बच्चों के माता-पिता को जागरूक करके 28 बच्चों का प्रवेश नजदीक के सरकारी स्कूल में करा दिया है। अब वे सभी बच्चे रोजाना स्कूल जाते हैं।पुलिस की व्यस्ततम ड्यूटी से समय निकाल कर वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने के कारण अयोध्या वासी प्यार से इन्हें ÷खाकी वाले गुरुजी÷ नाम से बुलाते हैं। इस सम्मान से सम्मानित होने के बाद श्री यादव ने कहा कि ÷इस पुरस्कार को अपना स्कूल के बच्चों को समर्पित करते हुए माता-पिता, गुरुजनों परिवारीजन,मित्रों एवं पत्नी गरिमा को धन्यवाद देता हूँ क्योंकि उनके सहयोग के बिना यह सब संभव नहीं था। उन्होंने इस सम्मान तथा पहली हवाई यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए ÷अपना स्कूल÷ के सहयोगी ऋषभ शर्मा, अंशिका सिंह तथा राजन यादव का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### मजदूरों की मौत पर भाजपा नेताओं ने जताया दुख

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**ब्लॉक क्षेत्र** महेवा के ग्राम मेंहदीपुर में दीवाल गिरने से मृत हुए चार मजदूरों तथा घायल हुए एक मजदूर को देखने के लिए पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजक मीनाक्षी चौहान के साथ पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा सांत्वना दी । रविवार को पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने गांव पहुंचकर मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी वहीं घायल अरुण कुमार का हालचाल लिया वहीं हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिया। इस अवसर पर उनके साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजक मीनाक्षी चौहान, जिला संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ सुरेंद्र सिंह भदौरिया ,मंडल उपाध्यक्ष उदय सिंह कुशवाहा ,प्रधान प्रतिनिधि भुवनेश भूषण आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चांदपुर विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः 02/24/ग्रा0पं0/ग्राम निधि/टेंडर प्रकाश/2024-25 दिनांक 24/08/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त आयोग/15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चांदपुर विकास खण्ड बढ़पुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 25/08/2024 से दिनांक 31/08/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 31/08/2024 को अपरान्ह 3 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय चांदपुर पंचायत भवन में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 25/08/2024 से दिनांक 31/08/2024 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. सं. | कार्य का नाम | ग्रा0पं0 का नाम | सामग्री का विवरण | अनु0 लागत | जमानत धनराशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केंद्र में बिजली फिटिंग एवं साइन बोर्ड लगवायी कार्य | चांदपुर | साइन बोर्ड एवं बिजली फिटिंग हेतु सामग्री | 2.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 रु0 |
| 2 | उमेश सिंह के घर से कच्चे रोड तक नाली एवं इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | चांदपुर | ईंट, सीमेंट, गिट्टी टुकड़ा, बालू, मिट्टी पेवर ब्रिक | 2.45 लाख | 2 प्रतिशत | 500 रु0 |
| 3 | सुरेन्द्र सिंह के मकान से सामुदायिक केंद्र तक नाली निर्माण कार्य | चांदपुर | ईंट, बालू, सीमेंट, मौरम आदि | 1.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 रु0 |

प्रधान- (मुन्नी देवी) सचिव- (अतुल अग्निहोत्री)
ग्राम पंचायत चांदपुर विकास खण्ड बढ़पुर, जनपद फर्रुखाबाद।

# मेहंदीघाट पर गंदगी फैलाने बाले दुकानदारों को नोटिस जारी करें: डीएम

- गांधी सभागार में जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति तथा जिला वृक्षारोपण समिति की हुई बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**




बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति तथा जिला वृक्षारोपण समिति की आयोजित बैठक के दौरान कहा कि कहा कि सभी विभाग जहाँ-जहाँ पर वृक्षारोपण किया है उस स्थान का भ्रमण कर यह देख लें कि रोपित वृक्ष सूखे तो नहीं है। अगर कही पर सूख गये है तो उसके स्थान पर नया वृक्ष रोपित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जो भी वृक्ष रोपित किए जाएं। उसकी फीडिंग मेरी लाइफ पोर्टल पर की जाये। उन्होंने नगर पालिकाओं में न्यूनतम एक एकड़ भूमि चिन्हित कर उपवन योजना के तहत वृक्षारोपण की प्लानिंग तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बायो मेडिकल वेस्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि मेडिकल वेस्ट का निस्तारण मानक के अनुसार किया जाए द्य उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-वेस्ट निस्तारण पर प्रभावी कार्यवाही करें। कहा कि कुछ गंगा ग्रामों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य प्रारंभ हो गया है इस संबंध में गांव के नागरिकों को जागरूक किया जाए। कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर स्वच्छता का एक अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि मेहंदीघाट स्थिति गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी की जाएं। उन्होंने अरिन्द नदी का जीर्णोद्धार कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन समिति की आयोजित बैठक के दौरान प्रस्तावित जनपद में प्राचीन उद्यालक ऋषि आश्रम का विकास एवं सौन्दर्याकरण कार्य तथा लाख बहोशी पक्षी विहार का विकास और सौन्दर्याकरण कार्य व माँ अन्नपूर्णा देवी मंदिर तिर्वा का पर्यटन विकास एवं सौन्दर्याकरण कार्य और ब्लॉक तालग्राम के ग्राम सकरवारा वगुलियाई स्थित बजरंग बली मंदिर के पर्यटन विकास पर गहनता से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, प्रशिक्षु स्मृति मिश्रा, डीएफओ, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री द्वारा संबोधित कार्यक्रम को देखा लाइव



कार्यक्रम में मौजूद बीडीओ व शामिल माताएं- बहनें — समृद्धि न्यूज

- बीडीओ ने लखपति दीदियों को सम्मान पत्र वितरण किए

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित लाइव कार्यक्रम को देखा गया। रविवार को विकासखण्ड गुगरापुर सभागार में लाइव संबोधन को लखपति दीदियों सहित आदि माताओं- बहनों ने देखा और सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके शासनकाल में महिलाओं के लिए किए गए विकास कार्यों का खासतौर से जिक्र किया। महिला आरक्षण विधेयक को उनकी सरकार की विशेष उपलब्धि बताते कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च वरीयता दी है। आज देश में महिलाएं सर उठाकर पुरुषों के साथं बराबर कदम से कदम मिलाकर चल रही है। नारी सम्मान में लागू जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार को पहल नारियों की कोई चिंता नहीं थी। खंडविकास अधिकारी उमाशंकर साहू ने प्रधानमंत्री के द्वारा लाइव संबोधन पर चर्चा की। बीडीओ ने बताया कि विकासखंड में 16 लखपति सीआरपी चयनित है। जिसमें एक लखपति सीआरपी को 80 दीदियों को लखपति बनाने का कार्य करने का दायित्व दिया गया है। इसके तहत लखपति दीदियों को सम्मान पत्र वितरण किया गया।

# फातहे बिलग्राम मिशन की कामयाब बैठक तालग्राम में

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**पीरे तरीकत** अनीसुल मशाइख हज़रत मौलाना सय्यद अनस हुसैन वास्ती की सरपरस्ती में मुनअक़िद हुई जिसमें मस्जिदो के इमाम साहिबान,उलेमा,हुफ़्फ़ाज़ व बड़ी तादाद में कस्बे के लोग शामिल रहे। हज़रत सय्यद अनस हुसैन वास्ती ने कमेटी के द्वारा किये जा रहे समाजी व दीनी कामो पर तजज़िया पेश किया। ज़्यादा से ज़्यादा तादाद में कमेटी में शामिल होने और मेम्बरशिप लेने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि माशरे में शराब, सट्टा, जुआ जैसी बुराइयों के उन्मूलन के कमेटी काम करेगी जिसके लिए उन्होंने उपस्थित लोगों से सहयोग मांगा जिस पर सभी लोगों ने हाथ उठाकर समर्थन किया।हज़रत ने फातहे बिलग्राम मिशन की कारकर्दगी पर नज़र डालते हुए बताया कि हज़रत की सरपरस्ती में हर महीने छिबरामऊ में तीन,डुंडवा बुजुर्ग, इस्माइलपुर, सौरिख, सरदापुर, जरारी, हाथरस, बिधूना, बनारस, पुरदिलनगर में एक एक हेल्थ कैम्प लगाया जाता है और बेवाओं को हर महीने वज़ीफ़ा मुकर्रर किया गया है।साथ ही गुरबा व मसाकीन को नए कपड़ों समेत अन्य सामान का वितरण भी किया जाता है। फ्री समर इस्लामिक क्लासेस,फ्री कोचिंग क्लास समेत कई दीनी व समाजी ख़िदमात तंज़ीम अंजाम दे रही है। इस मौके पर बहुत सारे लोगों ने कमेटी की सदस्यता फौरी तौर पर ली। हज़रत की सरपरस्ती में मजीद समाजी व दीनी खिदमात को अंजाम दिया जा रहा है।उपस्थित सभी इस्लामी भाइयो ने हज़रत को दिल से तंज़ीम का साथ देने का भरोसा दिया।

### गमगीन माहौल में कर्बला में दफन हुए ताजिए

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मुस्लिम धर्म के प्रमुख त्यौहार चेहल्लुम के मौके पर नगर में समाजसेवियों एवं समाज के लोगों द्वारा जगह-जगह ताजियों के साथ जुलूस निकाले गए। तो वही दूसरी ओर कई जगहों पर मजलिशों में जिक्र ए कर्बला हो रहा था। शनिवार को मुस्लिम धर्म के गमों का इस्लामिक पर्व चेहल्लुम पूरे गमगीन माहौल के साथ मनाया गया। आयोजक लाल मियां, मुनीर कुरेशी, सूफी मो. कमर, अयूब खान शकील फारूकी, मुन्ना, तालीम, उस्मान आलम, इदरीश, बड़े लल्ला, मो. फैजान, अलीम की अगुवाई में अकीदतमंदों ने ताजियों के जुलूस को सादगी के साथ नगर के मोहल्ला पठान टोला से हजरत इमाम हुसैन आली मकाम का लश्कर उठ कर इमाम चौक, जीटी रोड से तिराहा होते हुए अफसरी मोहल्ला, आजाद नगर, मुजाहिद नगर, तिर्वा रोड से होते हुए क्रॉसिंग फाटक मुरादगंज से वापस होता हुआ कर्बला पर पहुंचा। इस दौरान जुलूस में मौजूद बुजुर्ग एवं नौजवानों सहित बच्चों नें अखाडे खेले। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे, निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, कस्वा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह सहित तमाम पुलिस कर्मी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व शिक्षक की स्मृति में बांटे राजमा: चावल




- समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने कालिका देवी मंदिर के पास किया आयोजन

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**समर्थ** चैरिटेबल ट्रस्ट ने रविवार को पूर्व शिक्षक लालमणि त्रिपाठी का स्मृति दिवस मनाया। इस मौके पर कालिका देवी मंदिर के पास राजमा- चावल बांटे गए। ट्रस्ट के सचिव रजत त्रिपाठी ने बताया कि स्मृति दिवस पर 25 अगस्त को ये आयोजन कई सालों से किया जा रहा है। इस बार राजमा- चावल का वितरण किया गया। व्यवस्था देख रहे अक्षय त्रिपाठी का सहयोग नितिन पांडेय, पिंकू पांडेय, ध्रुव, पिंटू त्रिपाठी, रानू, सुमित यादव आदि ने किया।

## खबरें चलते-चलते

### देर रात्रि घूमते मिले तो भरवाया जायेगा गूगल फार्म: कोतवाल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपराध नियंत्रण हेतु कोतवाली पुलिस द्वारा रात्रि में भ्रमण कर नगर के बाजार की बंद दुकानों, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग, बंद मकानों की चेकिंग की जाएगी। इस दौरान रात्रि में बेवजह घूमते पाए जाने पर गूगल फॉर्म भरवाया जाएगा। साथ ही संबंधित पुलिसकर्मी की मौके पर ही चेकिंग की फोटो लोकेशन के साथ ही गूगल फॉर्म पर अपलोड की जाएगी। यह जानकारी रविवार को स्थानीय कोतवाली कार्यालय में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे ने दी। बताया कि प्रत्येक रात्रि में पुलिसकर्मियो द्वारा धार्मिक स्थलों की चेकिंग कर फोटो लाकेशन के साथ ही अपलोड हो सकेगी। बताया कि इस ऐप के माध्यम से पुलिस जहां एक ओर अपराधों पर अंकुश लगाएगी वहीं दूसरी ओर उनकी सक्रियता के कारण अपराधियों में भी भय व्याप्त होगा।

### वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकारनाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियान के तहत थानाध्यक्ष शशिकान्त कनौजिया थाना सकरावा जनपद कन्नौज के कुशल नेतृत्व में एस0आर0 केस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर किया गया। थाना सकरावा क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ गलत काम करना, तथा वादी की पुत्री गर्भवती प्रतीत होने के सम्बन्ध मे प्रार्थना पत्र दिया।प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधारा पर पाक्सो एक्ट बनाम विकास पुत्र कुवँरपाल के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। थाना सकरावा पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभि0 विकास पुत्र कुवँरपाल निवासी ग्राम सराय प्रताप थाना सकरावा को गिरफ्तार कर।

### किसानों की समस्याओं को लेकर यूनियन करेगा प्रदर्शन

**तिर्वा।** किसानों की समस्याओं को लेकर किसान यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य आगामी 28 अगस्त को विरोध प्रदर्शन करेंगें। किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव बलवीर सिंह एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर उनका यूनियन एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा पर प्रदर्शन करेगा। जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही है।

### गांव के दबंग आश्रम की जमीन पर करना चाह रहे कब्जा

**तिर्वा।** तहसील क्षेत्र के सगरा गांव में स्थित शिव मंदिर के बने आश्रम में पुजारी ने वृक्ष लगवाए थे। जिनको गांव के अराजकतत्वों ने उखाड़ दिए। जिसकी शिकायत पुजारी ने मुख्यमंत्री का पत्र भेजकर की है। शिव मंदिर के पुजारी रामदास ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि यह मंदिर काफी पुराना स्थित है। मंदिर परिसर में पिछले काफी बर्षों से एक आश्रम भी स्थित है। जिसपर उसने वृक्ष लगाए थे। जिनको गांव के कई अराजकतत्वों ने उखाड़ दिए। गांव के दबंग उसकी जमीन पर कब्जा करना चाह रहे हैं।

### मत्स्य जीबी सहकारी समिति का हुआ गठन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड गुगरापुर के मौजा चियासर स्थित बंगलन में गंगा समिति कन्नौज के तत्वाधान में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मत्स्य जीबी सहकारी समिति का गठन किया गया है। गठित समिति में जितेंद्र कुमार को सचिव एवं राहुल कश्यप को सदस्य मनोनीत किया गया है। गंगा समिति की बैठक में अध्यक्षता कर रहे समिति के वीडियो अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति का उद्देश्य गंगा घाट पर अवैध रूप से मछलियों का शिकार करने वाले लोगों पर अंकुश लगाना है। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा गंगा घाट का ठेका उठाया जाएगा। जिसकी रॉयल्टी सरकार के खाते में जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से चियासर, तमियामऊ एवं सिंहपुर के सुशील कश्यप, राम केवल, मिथुन, पंकज, हेमराज, सीताराम, अनिल कठेरिया, सुनील, रामवीर कठेरिया, दाताराम, नंदराम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिला कृषि अधिकारी के खिलाफ किसानों ने खोला मोर्चा



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन बलराज की बैठक में जिला कृषि अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोलने की घोषणा की गई। भारतीय किसान यूनियन बलराज के प्रदेश अध्यक्ष ग्राम मुइया नगला में बैठक की जिसमे किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक की जिसमे कुछ दिन पूर्व आदित्य बीज भंडार को निलंबित किया गया जिला कृषि अधिकारी की मिली भगत से बहाल किया गया उसके पैसे लेकर बहाल किया गया इसी को धरना जिला मुख्यालय पर होगा उसी को लेकर तैयारी की जा रही है इस मौके पर जिला अध्यक्ष कन्नौज चौ प्रताप सिंह, जिला महासचिव श्यामवीर, रामदास, आशीष यादव विजेंद्र यादव, उदयवीर यादव मुनीश शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

# बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव

**समधन, समृद्धि न्यूज़**



**बाबू जागेश्वर** प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान छात्र/छात्राओं ने श्रीकृष्ण व राधा के रूपों से मन मोह लिया। बीता शनिवार को क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट जीटी रोड स्थित विद्यालय बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव द्वारा भगवान श्रीकृष्ण व राधा का पूजन व आरती करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कक्षा दस की छात्रा अनन्या गुप्ता ने कृष्ण व स्फूर्ति सैनी ने राधा का रूप धरकर भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया। इसी क्रम कक्षा 2 के छात्र अनिकेत ने सुदामा का चरित्र निभाया और अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो गीत पर प्रस्तुति देकर मौजूद सभी का मन मोह लिया। साथ ही अन्य छात्राओं ने गोपियों का रूप धारण किया। इस दौरान छात्र/छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण के कई रूपों की प्रस्तुती दी। माखन चुराते श्रीकृष्ण की प्रस्तुती सबसे अधिक मनमोहक रही। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों के धार्मिक ज्ञान में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को देखकर उनका अनुसरण करने की प्रयास करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने बाल अवस्था में असुरों का नाश कर समाज को अराजकता की कठिनाइयों से बचाने का कार्य किया। हमें उनसे प्रेरणा लेकर अपने समाज एवं देश के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। इस मौके पर अल्का दुबे,अंकिता शर्मा, स्वाति अवस्थी ,संजू यादव, मनाली वर्मा, शिवानी दुबे, मुस्कान इदरीसी, संध्या यादव, स्वाति अवस्थी, नाजरीन बानो, खुशी सैनी, रागिनी, लक्ष्मी शर्मा, वैष्णवी पाल, सीमा राजपूत, शिवा पाण्डेय, प्रेमा राजपूत सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएँ मौजूद रहीं।

### श्री कृष्ण जन्मांष्टमी को लेकर नगर में हुई सजावट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** श्री कृष्ण जन्मांष्टमी के पावन त्योहार से एक दिन पूर्व बाहर से आये कारीगरों द्वारा नगर सहित मंदिरों को रंगीन झालरों से सजाकर भव्य रुप प्रदान किया गया। श्रद्धालुओं व युवाओं सहित बच्चों में पर्व को लेकर उत्साह देखा गया भगवान श्री कृष्ण का जन्मदिन मनानें के विशेष केक व पालनें सहित सजावट की वस्तुओं की खरीदरारी करते नजर आ रहे हैं। रविवार को नगर के रेलवे रोड, जीटीरोड, तिर्वारोड सहित राम मंदिर, सती माता मंदिर, गंगेश्वर नाथ मंदिर, पशुपति नाथ मंदिर, संतोष माता मंदिर, मनसा देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों को कारीगरों द्वारा भव्य रुप प्रदान किये जाने का कार्य प्रारम्भ हो गया। वही भगवान श्री कृष्ण का जन्मदिन मनानें का उत्साह लगभग सभी में देखने को मिल रहा है। बाजारों में डिजायनर केक और भगवान के झूले व सजावट के सामान की खरीदारी करते हुये दिख रहे हैं। अधिकतर श्रद्धालु केक काटकर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन मनाते हैं।

# शौच को गए वृद्ध ग्रामीण का पैर फिसलने से ईशन नदी में डूबा



ईशन नदी में वृद्ध को खोजते ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

- कोतवाली क्षेत्र के चिंतापुर्वा गांव के सामने का मामला
- पुलिस ने मुख्यालय से बुलवाई गोताखोरो की टीम

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**कोतवाली क्षेत्र** के चिंतापुर्वा गांव निवासी एक बृद्ध ग्रामीण रविवार की सुबह शौच क्रिया के लिए ईशन नदी के निकट गया था। यहां पैर फिसल जाने के कारण वह नदी में डूब गया। ग्रामीण को डूबता देख आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने उसको बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। मामले की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कोतवाली क्षेत्र के चिंतापुर्वा गांव निवासी रामेश्वर (60) पुत्र रामचरन सुबह 11 बजे के करीब घर से शौच क्रिया करने के लिए खेतों की तरफ गए थे। यहां ईशन नदी के निकट उनका पैर फिसल गया। जिससे वह नदी में डूबने गए। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने जब वृद्ध की चीख-पुकार सुनी, तो उसे बचाने के लिए दौड़े। कुछ युवकों ने नदी में उतरकर उनकी खोजबीन की, लेकिन उनका पता नहीं चला। नुनारी के ग्राम प्रधान सुरजीत यादव ने बताया कि मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को भी दी गई है। पुलिस ने जिला मुख्यालय से गोताखोरो की टीम भेजने का अनुरोध किया है। फिलहाल नदी के आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लगी हुई है। गोताखोरो की टीम के देर शाम तक आने की उम्मीद है।

# सपा नेताओं नें दिव्यांग बच्चों को वितरित किये फल व मिष्ठान



दिव्यांगों को फल व मिष्ठान खिलाते सपाई — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**योजना मानिक** मंदित एवं मानसिक (अनाथ) दिव्यांगजनों हेतु आश्रयगृह सह प्रशिक्षण केंद्र योजना का शुभारम्भ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा वर्ष 2015 में किया गया था और आज पूरे उत्तर प्रदेश में यह योजना लागू है।

यह बात रविवार को नगर के मोहल्ला आजादनगर स्थित लकी हेल्थ डेवलपमेंट एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता दीपू चौहान, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष रामसेवक बाथम, जिला महासचिव अरुण कुमार शर्मा ने कही। वहीं विद्यालय के प्रबन्धक डा. बाईपी सिंह नें पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आभार जताया। इससे पूर्व उन्होनें छात्र-छात्राओं को फल व मिष्ठान वितरित कर उनका हाल जाननें के उपरान्त कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियां सदैव ही जनहित की होती हैं। इस अवसर पर सपा नेता मनी गुप्ता, मोहित पाठक, राजेश गुप्ता, रामनिवास सविता, आर्यन खान आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने नवनिर्मित आदर्श पुलिस चौकी का किया लोकार्पण

- एसपी बोले यह चौकी क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देगी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



नवनिर्मित पुलिस चौकी का लोकार्पण करते एसपी

**पुलिस अधीक्षक** अमित कुमार आनंद द्वारा थाना तालग्राम में नवनिर्मित पुलिस चौकी ÷आदर्श पुलिस चौकी सलेमपुर÷ का लोकार्पण किया गया। थाना तालग्राम क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में चौकी सलेमपुर का एसपी अमित कुमार आनंद ने फीता काटकर उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा इस नए चौकी के उद्घाटन से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी और स्थानीय निवासियों को समय पर सहायता प्राप्त हो सकेगी। सलेमपुर चौकी की स्थापना का उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा में वृद्धि करना है। जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकेगी। यह चौकी क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इससे कानून व्यवस्था और भी मजबूत होगी और नागरिकों को त्वरित सेवा मिलेगी। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक /थाना प्रभारी कपूर कुमार सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### इंदरगढ़ पुलिस ने चार वांरटी किए गिरफ्तार

**तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना पुलिस ने रविवार को विभिन्न मामलों में फरार चल रहे चार वांरटियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष पारूल चैधरी ने बताया थाना क्षेत्र के महादेवपुर्वा गांव निवासी शैलेन्द्र पुत्र रामप्रसाद, मझिला गांव निवासी सुधीर पाण्डेय पुत्र श्रीकृष्ण, जगतापुर गांव निवासी गुलाब सिंह पुत्र सरदार व ऊषा पत्नी चरन सिंह विभिन्नि मामलों में पिछले काफी समय से फरार चल रहे थे। इन सभी को गिरफ्तार करके न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़





# पुलिस भर्ती परीक्षा: तीसरे दिन कुल 3636 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुलिस की** कड़ी सुरक्षा के बीच 18 केंद्रों पर शांति पूर्ण ढंग से पुलिस भर्ती परीक्षा सम्पन्न हुई। सभी परीक्षा कक्षों में तीसरी आंख से निगरानी की गई। डीएम, एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर जायजा लिया।

रविवार को जिले में 18 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस व प्रशासन की कड़ी निगरानी के बीच सिपाही भर्ती परीक्षा शुरू सम्पन्न हुई। पहले दिन की प्रथम व द्वितीय पाली में 3636 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। वहीं 8796 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। प्रत्येक केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट व एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गये। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। परीक्षा केन्द्रों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। प्रत्येक परीक्षा केंद्र

**दोनों पालियों में 8796 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, सुरक्षा रही कड़ी**

पर भारी पुलिस बल लगाया गया है। जनपद में 18 केंद्रों पर 12432 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई। पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में परीक्षा केंद्र बद्री विशाल डिग्री कालेज 480 परीक्षार्थियों में से 341 ने परीक्षा दी। वहीं 139 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 333 ने परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 147 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र क्रिश्चियन इंटर कालेज में प्रथम पाली में 240 परीक्षार्थियों में से 177 उपस्थित रहे। वहीं 63 परीक्षार्थी उनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 173 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी। वहीं 67 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र दुर्गा नारायन डिग्री कालेज प्रथम पाली में 480 परीक्षार्थियों में से 348 ने परीक्षा



बद्री विशाल डिग्री कालेज में प्रवेश करते अभ्यर्थी

दी, वहीं 132 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 340 ने परीक्षा दी। वहीं 140 अनुपस्थित रहे। सिटी गर्ल्स इंटर कालेज प्रथम पाली में 240 परीक्षार्थियों में से 180 ने परीक्षा दी। 60 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 168 ने परीक्षा दी। 72 अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कालेज फरुखाबाद प्रथम पाली में 240 परीक्षार्थियों में से 173 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 67 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 161 ने परीक्षा दी। 79 अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़ प्रथम पाली में 384 में से 285 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 99 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 268 ने परीक्षा दी। 116 अनुपस्थित रहे। राजकीय पॉलीटेक्निक बेवर रोड प्रथम पाली में 240 परीक्षार्थियों में से 168 ने परीक्षा दी। वहीं 72 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 159 ने परीक्षा दी। 81 अनुपस्थित रहे। जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज फतेहगढ़ प्रथम पाली में 240 में से 166 ने परीक्षा दी। 74 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 160 ने परीक्षा दी। 80 अनुपस्थित रहे। रस्तोगी इंटर कालेज प्रथम पाली में 480 में से 333 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 147 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 355 ने परीक्षा दी। 125 अनुपस्थित रहे। कानोडिया गर्ल्स इंटर कालेज प्रथम पाली में 480 में से 358 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 122 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 351 ने परीक्षा दी। 129 अनुपस्थित रहे। महावीर इंटर कालेज खैरबंद प्रथम पाली में 384 में से 254 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 130 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 282 ने परीक्षा दी। 102 अनुपस्थित रहे। महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ प्रथम पाली में 240 में से 162 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 78 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 177 ने परीक्षा दी। 63 अनुपस्थित रहे। एमआईसी इंटर कालेज फतेहगढ़ प्रथम पाली में 408 में से 283 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 125 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 284 ने परीक्षा दी। 124 अनुपस्थित रहे। एनएकेपी इंटर कालेज प्रथम पाली में 384 में से 281 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 103 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 296 ने परीक्षा दी। 88 अनुपस्थित रहे। नारायन आर्य कन्या पाठशाला पीजी कालेज साहबगंज प्रथम पाली में 480 में से 309 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 171 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 321 ने परीक्षा दी। 159 अनुपस्थित रहे। रखा गर्ल्स इंटर कालेज फतेहगढ़ प्रथम पाली में 240 में से 169 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 70 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 175 ने परीक्षा दी। 65 अनुपस्थित रहे। स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज प्रथम पाली में 384 में से 272 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 112 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 276 ने परीक्षा दी। 108 अनुपस्थित रहे। स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज प्रथम पाली में 384 में से 272 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 112 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 276 ने परीक्षा दी। 108 अनुपस्थित रहे।

## डीएम ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0 के0 सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा पुलिस भर्ती परीक्षा के परीक्षा केंद्र रखा बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज फतेहगढ़, राष्ट्रीय जनता इंटर कॉलेज फतेहगढ़, नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद, नारायण आर्य कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय फर्रुखाबाद, सिटी गर्ल्स इंटर कालेज का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया व पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल रूप से सम्पन्न कराने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# खबरें चलते-चलते

## विशेष समुदाय के लोगों ने दलित का मकान तोड़कर की मारपीट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव रसीद कोल्ड के पीछे रहने वाले अहिवरन जाटव का मकान था। जिसको एक विशेष समुदाय के लोगों ने तोड़ दिया तथा गाली-गलौज करते हुए दलित के साथ मारपीट की। थाने में सूचना देने गये दलित को पुलिस ने टरका दिया। जानकारी के अनुसार सुनीता देवी पत्नी अहिवरन सिंह जाटव अपने पुस्तैनी मकान में काफी दिनों से रह रही थी। सुनीता देवी ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया की 18 अगस्त को दिन में 10.00 बजे के लगभग पड़ोस में रहने वाले रफी, लतीफ, शरीफ, नईम पुत्रगण मौला बख्श मेरे घर के सामने पड़ी खाली जगह में निर्माण कार्य करना शुरू किया। जिसका हम लोगों ने विरोध किया। जिस पर उपरोक्त लोगों ने मेरे मकान की दीवार गिरा दी तथा हम लोगों के साथ में लात-घूसा, लाठी-डंडा से मारपीट की। जिसका प्रार्थिनी के परिवार वालों ने वीडियो बनाना चाहा, तो उपरोक्त लोगों ने मोबाइल छीन लिया तथा जब इसकी सूचना थाने पर देने गयी, तो तब तक उपरोक्त लोगों ने मेरे का छप्पर और मकान सब तोड़ दिया। वही पीड़िता की पुलिस ने भी सुनवाई नहीं की और उसे थाने से चलता कर दिया। पीड़िता न्याय के लिए इधर-उधर भटक रही है। पीड़िता ने पुलिस पर थाने से भगाने का आरोप लगाया है।

## नाबालिग पुत्री की बरामदगी के लिए पुलिस के चक्कर लगा रही पीड़िता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाबालिग बालिका को युवका भगा ले गया। जब पुलिस को इस संबंध में पीड़िता की मां थाने में प्रार्थना पत्र देने गयी, तो थानाध्यक्ष ने उसे थाने से भगा दिया। पीड़िता न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रही है। जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम नगला तरी निवासी एक महिला ने कंपिल थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें दर्शाया गया कि उसकी नाबालिक 16 वर्ष पुत्री जो कि कक्षा 12 की छात्रा है, को तेजपाल यादव पुत्र भैया लाल उर्फ कन्हैया लाल निवासी गायों चगा खेरो थाना दातागंज जनपद बदायूं करीब छः माह पूर्व से अपने प्रेमजाल में फंसाये है। वह पूर्व में उसकी पुत्री को भगा ले गया था। तब काफी भाग दौड़ करने के बाद मेरी पुत्री को उन लोगों के वकील के द्वारा मेरे गांव में छोड़ा गया था। दिनांक 20.8.2024 को 5:30 बजे पीड़िता अपने पति व पुत्री के साथ कंपिल स्थित 11 मंजिला मंदिर में दर्शन करने गए थे। उसी समय मेरी पुत्री की नाबालिक का फायदा उठाकर उपरोक्त तेजपाल यादव फिर से उसे भगा ले गया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र दिया, तो उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की और थाने से मुझे भगा दिया। इस संबंध में बीते दिन पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़िता अपनी पुत्री को पाने के लिए भटक रही है, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उसे आशंका है कि उसकी पुत्री के साथ कोई अप्रिय घटना न घटित हो जाये। इसको लेकर वह परेशान है।

## कार ने टेंपो में मारी टक्कर, छह घायल, दो की हालत नाजुक

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के बघार मोड़ पर टेंपो में पीछे से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसमें बैठी सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ से वापस कमालगंज आ रहा है टेंपो में थाना क्षेत्र के भटपुरा निवासी सुबोध दुबे पुत्र बाबूराम दुबे अपनी पत्नी विनीता के साथ टेंपो में सवार होकर याकूतगंज से वापस आ रहे थे। इसके अलावा उसमें बैठी सवारियां पंकज गुप्ता पुत्र दिनेश गुप्ता जो कि पुलिस परीक्षा में लगी ड्यूटी से वापस अपने घर गांधीनगर गुरसहायगंज जा रहे थे। राधा, सुनीता पत्नी आलोक निवासी रसूलपुर थाना गुरसहायगंज, तो वहीं संजीव कुमार निवासी महरुपुर सहजू जो की शेखपुर गुमटी नंबर 137 बी पर गेटमैन के पद पर तैनात हैं, वह भी टेंपो में सवार होकर अपनी ड्यूटी करने जा रहा था, तभी पीछे से चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टेंपो में बैठी सवारियां घायल हो गयीं। इस घटा में गेटमैन का हाथ टूट गया। वहीं टेंपो चालक संजीत कुमार चौरसिया निवासी प्रताप नगर कमालगंज भी घायल हो गया। गंभीर हालत में गेटमैन संजीव कुमार, गुरसहायगंज निवासी मास्टर पंकज गुप्ता को हालत गंभीर होने के कारण लोहिया रेफर कर दिया गया।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**पुलिस** ने वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ थाना कमालगंज में मुकदमा पंजीकृत था। जानकारी के अनुसार सुनील कुमार पुत्र ऊधन सिंह निवासी ग्राम पिथूपुर मेहंदिया थाना कमालगंज जनपद फतेहगढ़ की लिखित तहरीर के आधार पर थाना कमालगंज पर दिनांक 8 अगस्त को दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मु0अ0सं0 168/2024 धारा-137(2)/87 बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत हुआ था। विवेचना के क्रम में अपहृता/पीड़िता के बयान के आधार पर रामजीत वर्मा पुत्र वीरपाल निवासी चिलमिलैया थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज का नाम प्रकाश में आया। रविवार को पुलिस ने रामजीत वर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

# दूसरे दिन भी नहीं हो सकी बोरी में बंद मिली युवती के शव की शिनाख्त

कंपिल, समृद्धि न्यूज

**शक के आधार पर चार हिरासत में, पूछताछ जारी**

**युवती की** हत्या कर शव बोरी में भरकर नहर में फेंक दिया गया। पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। सफलता न मिलने पर शव मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने शक के आधार पर चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है।

जाकारी के अनुसा दोपहर गांव त्योरखास के निकट नहर में मछली मारने आए युवक ने बन्द बोरी में शव पड़े होने की सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की थी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बोरी को नहर से बाहर निकलवाया था। जिसमें युवती का शव मिला था। जिससे दुर्गंध आ रही थी। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से शव शिनाख्त करने की कोशिश भी की थी, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। आज पुनः पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त न हो पाने पर शव को मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने शव की शिनाख्त हेतु आसपास जनपद के अन्य थानों से गुमशुदगी की जानकारी ली। कुछ ग्रामीणों ने दबी जुबान से बताया शव की पहचान जनपद कासगंज के एक गांव निवासी युवती का है। कुछ दिन पूर्व युवती अपने घर से एक युवक के साथ चली गयी थी। स्वजनों के दबाब बनाने पर वह क्षेत्र के एक गांव स्थित अपने मामा के घर आ गयी। जानकारी के अनुसार युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जबकि ग्रामीणों ने प्रेम प्रसंग में युवती की हत्या कर शव फेंकने की आशंका जतायी। पुलिस ने शक के आधार पर क्षेत्र के एक गांव से चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हालंकि पुलिस किसी भी प्रकार की जानकारी की पुष्टि नहीं कर रही है। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जांच चल रही है।

# कान्हा के वस्त्रों व साज सज्जा के सामान से सज गयीं दुकानें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



**जन्माष्टमी की** पूर्व संध्या पर बाजारों में खासी रौनक दिखायी दी। बाजार कान्हा के कपड़ों व झांकी साज सज्जा की दुकानों से सज गया। जिस पर खरीददारों की काफी भीड़भाड़ रही।

जन्माष्टमी का त्यौहार 26 अगस्त यानि आज मनाया जायेगा। जिसकी तैयारियां राधा कृष्ण के मंदिर में जोरशोर से चल रही है। वहीं झांकी सजाने के लिए साज सज्जा का सामान भी खरीदा जा चुका है। बाजार में कन्हा के आकर्षक वस्त्रों व साज सज्जा के सामानों की काफी दुकानें लगायी गयी हैं। जिन पर जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर ग्राहकों की खासी भीड़भाड़ देखी गयी। भक्तों ने अपनी श्रद्धानुसार साज सज्जा के समान की खरीददारी की। हालांकि महंगाई काफी है। इसके बावजूद भी लोगों का कहना है कि त्यौहार तो मनाना ही है। वहीं परचून की दुकानों पर मेवा आदि खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने श्रद्धानुसार मेवा आदि की खरीददारी की। खुल मिलाकर बाजार गुलजार दिखायी दिया। बढ़पुर शीतला माता मंदिर के पास कान्हा के वस्त्रों की दुकान लगाये विमल कुमार सैनी ने बताया कि बिक्री औसत हो रही है। शाम के समय दुकान पर काफी भीड़भाड़ दिखायी दी।

# जमीन पर अवैध कब्जा करने का विरोध करने पर पीटा, मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**निजी जमीन** पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर कब्जा करने का विरोध करने पर झगड़ा फसाद करने पर उतारू एवं गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया है।

कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पहला निवासी घनश्याम सिंह पुत्र स्वर्गीय रामेश्वर दयाल ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया घर के सामने उसकी निजी जमीन व खेत है। घर और खेत के बीच में पक्की सड़क एवं राजकीय नलकूप की नाली गाटा संख्या 548 स्थित है। इसी सरकारी नाली के बीच में इंडिया मार्का सरकारी हेड पंप लगा है। इसी में विपक्षी कश्मीर सिंह पुत्र सुल्तान सिंह दबंगई के बल पर निजी समरसेबिल डाल रखी है। दिनांक 16.08.2024 को इसी जगह पर कश्मीर सिंह बोरिंग करवाने के लिए मशीन मंगवाई। जिस पर पीड़ित ने मशीन लगाने जा रहे मजदूरों से इस की सीध पूर्व या पश्चिम दिशा में करना उत्तर दिशा में मत करना, क्योंकि उधर मेरा खेत है। उसी दौरान कश्मीर सिंह आ गया और मुझे बुलाकर धमकाने लगा कि बोरिंग मेरी मर्जी से होगी। बोरिंग जहां मैं चाहूंगा वहां पर होगी। इसी बात को लेकर गाली गलौज एवं झगड़ा करने लगा। इस बात की जानकारी पीड़ित ने अपनी पत्नी एवं पुत्री को दी गई और घटना का वीडियो बनाने के लिए कहा। इस बात पर कश्मीर सिंह बौखला गया और धमकी दी कि तुम्हें जान से मार देंगे यह तुम्हारे बाप की जगह नहीं है। मां बहन की भद्दी-भद्दी गालियां दी तथा बोरिंग मशीन की बड़ी रिवर इंजन का पटा एवं लोहे के पाइप से हमला करने के लिए दौड़ा। वहीं कश्मीर सिंह का बड़ा पुत्र धीरेंद्र उर्फ श्याम सिंह भी लोहे का पाइप लेकर मारने के लिए दौड़ा। कुछ लोगों ने बीच बचाव किया, लेकिन उक्त लोग नहीं रुके एवं वीडियो बना रही पुत्री का मोबाइल भी छीनने के लिए दौड़े। इस दौरान वहां खड़ी मेरी पत्नी ने पुत्री के बचाव के लिए आगे आयी। जिससे छीना छपटी में पत्नी के कान में पहना हुआ कुंडल वहीं पर गिर गया, जो ढूंढने पर भी नहीं मिला। इस घटना की सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दी गई एवं लिखित शिकायत खुदागंज चौकी पर की गयी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। विपक्षीगण दबंग एवं अपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं जो आए दिन खेत में मल मूत्र इत्यादि करके गंदगी फैलाते हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## सरकारी भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण पर लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कराए जाने के मामले में पुलिस ने क्षेत्रीय लेखपाल उपेन्द्र कुमार की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है

मेरापुर थाना क्षेत्र के संकिसा बसंतपुर तहसील सदर में कार्यरत लेखपाल उपेन्द्र कुमार ने संकिसा बसंतपुर निवासी गोविन्द पुत्र पुलंदर के विरुद्ध संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार संकिसा बसंतपुर तहसील सदर में स्थित गाटा संख्या 808 रकवा 0.506 हे0 भूमि सरकारी अभिलेखों में बंजर भूमि के नाम दर्ज है। जो सरकारी भूमि है। जिसके आंशिक भाग में गोविन्द पुत्र पुलंदर द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिसे रुकवा दिया गया है अतिक्रमणकर्ता को निर्देशित किया गया कि आप अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लें और भूमि खाली कर दें। मना करने के बावजूद पुनः निर्माण कार्य चालू कर दिया। राजस्व व पुलिस बल ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। पुनःनिर्माण कार्य चालू करने की सम्भावना है। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच महिला दरोगा साधना यादव के सुपुर्द की गई।

# भोजपुर प्रभारी बने राशिद जमाल सिद्दीकी, हुआ भव्य स्वागत

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखलेश यादव ने भोजपुर विधानसभा से युवा नेता राशिद जमाल सिद्दीकी को भोजपुर प्रभारी की कमान सौंपी है।

भोजपुर 195 विधानसभा प्रभारी राशिद जमाल सिद्दीकी का कमालगंज में प्रथम आगमन पर बुलबुल कोल्ड स्टोरेज में आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत हुआ। बताते चलें कि इससे पहले 2024 लोकसभा चुनाव में उनकी भूमिका अहम रही है। उनकी कड़ी मेहनत, लगन और भोजपुर विधानसभा का परिणाम देखते हुऐ पार्टी हाईकमान ने उन्हें भोजपुर विधानसभा 195 का प्रभारी नियुक्त कर और 2027 का भावी प्रत्याशी बनाये जाने का संदेशा दिया है। लोकसभा चुनाव की मेहनत से भोजपुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी को 87000 मतदाताओं का वोट पार्टी प्रत्याशी को प्राप्त हुआ था। वहीं प्रभारी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि इस समय वोट बनवाने का कार्य चल रहा है। जिनके भी वोट नहीं बने हैं वह कृपया अपने वोट जरूर बनवाएं। साथ ही हम व हमारी पार्टी सभी को जोड़ने का काम कर रहे हैं। पहले जनता और हमारे बीच में जो दूरियां थीं वह खत्म हो गई हैं। हम जनता से लगातार संपर्क में रहेंगे। पूर्व में हुई गलतियों में सुधार किया जाएगा। इस मौके पर स्वागत के लिए बुलबुल कोल्ड स्टोरेज में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रभारी राशिद जमाल सिद्दीकी ने बताया कि मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल यादव का शुक्रगुजार हूँ कि उन्होंने मुझे इस काबिल समझा और यह बड़ी जिम्मेदारी दी। वहीं राशिद जमाल सिद्दीकी ने बताया कि जनता अब जागरुक हो चुकी है तथा वह पार्टी के साथ में जुड़ना चाहती है। 2027 में हम सब मिलकर एक साथ फिर चुनाव लड़ेंगे और पार्टी को जीत दिलवाएंगे।



स्वागत के दौरान राशिद जमाल सिद्दीकी व कार्यकर्ता

## खोखे के पटले निकालकर हजारों की चोरी

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कस्बा मोहम्मदाबाद में संकिसा रोड पर पुलिस पिकेट के 50 कदम दूरी पर चोरों ने खिलौने की दुकान को बनाते हुए हजारों का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार कृष्ण बलराम नगर रोहिला निवासी प्रदीप कुमार पुत्र रणवीर सिंह की दुकान संकिसा रोड सर्रफा चौराहे पर है। वही सर्राफा बाजार के चौराहे पर पुलिस की पिकेट रहती है। प्रदीप ने बताया की सुबह लगभग 8 बजे उसका पुत्र गौरव दुकान खोलने के लिए आया था जब गौरव ने दुकान खोली, तो दुकान नीचे तीन पटले निकालकर चोरों ने लगभग 15 से 20 हजार का सामान चोरी कर लिया। जिसमे खिलौने, लाइटर, टोकरी तथा चाकू आदि सामान ले गए। प्रदीप ने बताया 8 माह पूर्व भी उसकी दुकान से पटले निकालकर लगभग 8 हजार का सामान चोरी हो गया था, लेकिन उसने उसकी सूचना पुलिस को नहीं दी थी। सुबह डायल 112 आई थी वह जांच करके चली गई। कोतवाली प्रभारी मनोज भाटी ने बताया कि चोरी की तहरीर उन्हें मिल गई है और वह जांच करके जल्द ही चोरों को पकड़कर कानूनी कार्यवाही करेंगे।

# बच्चे समय बर्बाद न करें, पढ़ाई पर दे ध्यान: अम्रता आर्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सपना था, कि देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित करते हुए शिक्षक दिवस रखा, तब से अब तक हर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समृद्धि न्यूज के विशेष विशलेषण समाचार के अंक में शिक्षा की प्रहरी बनी प्राथमिक

**शिक्षा के प्रहरी**

विद्यालय सलेमपुर प्रथम भरखा की सहायक अध्यापिका अम्रता आर्य ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ माता-पिता का ध्यान रखती थी। हाईस्कूल की शिक्षा 1994 में क्वीन विक्टोरिया गर्ल्स इंटर कालेज आगरा से किया।

**हॉवी- आर्ट बनाना व म्युजिक सुनना**

इंटर की पढ़ाई तुलसी देवी गर्ल्स इंटर कालेज आगरा से 1996 में पूर्ण की। 2001 में आगरा यूनिवर्सिटी से बीए किया। 2003 में कानपुर यूनिवर्सिटी से एमए पूर्ण किया। 2005 में खुनखुन गर्ल्स पीजी कालेज लखनऊ से बीएड किया। 2010 में सहायक अध्यापिका बनी। पहली तैनाती प्राथमिक विद्यालय अन्नी बैजल गौरीगंज अमेठी में मिली। 2012 में मेरी शादी हुई। उसके बाद 2012 में ही वहां से स्थानांतरण कराकर फर्रुखाबाद राजेपुर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर प्रथम भरखा में सहायक अध्यापिका के रुप में कार्य ग्रहण किया। तब से अभी तक इसी विद्यालय में अध्यापन कार्य कर रही हूं। विद्यालय में 129 बच्चों का नामांकन है। बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से पढ़ाती हूं और उन्हें होमवर्क देती हूं और अध्ययन लगातार कराती हूं। समय-समय पर बच्चों के अभिभावकों से मिलकर बच्चों का अध्ययन कार्य करती हूं। विद्यालय में विभिन्न जागरुकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। स्कूल चलो अभियान, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, प्रभातफेरी, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण जागरुकता आदि रैली में बच्चों को प्रतिभाग कराया। मेरी सरकार से मांग है कि नई शिक्षा नीति में कुछ बदलाव की जरुरत है। साथ ही शिक्षकों के हितों के देखते हुए सरकार से लगातार मांग की जा रही है कि पुरानी पेंशन बहाल की जाये। क्योंकि पुरानी पेंशन में डीए होता है। यही बुढ़ापे का सहारा है। मेरे प्रेरणा श्रोत पिता एआर आर्य व माता वीना आर्य है। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर से मैं प्रेरित हूं। उन्होंने पिछड़े और दलितों एवं गरीबों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया। स्वामी विवेकानंद की पुस्तके पढ़कर प्रेरित होती हूं। साथ ही गौतम बुद्ध का समरसता का संदेश मानवहित में था, जिसका पालन करती हूं। समय मिलने पर आर्ट बनाती हूं और म्युजिक सुनती हूं। मेरी युवा पीढ़ी से अपील है कि समय को बर्बाद न करें और पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें, समय बहुत बलवान है यह निकल जाता है तो वापस नहीं आता है।

नाम- अम्रता आर्य
पद- सहायक अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर प्रथम भरखा, ब्लाक राजेपुर
पति- नरेन्द्र सिंह, अटेवा शिक्षक
योग्यता- एमए, बीएड, विशिष्ट बीटीसी
प्रेरण श्रोत- मेरे माता पिता
हावी- आर्ट बनाना व म्युजिक सुनना व बच्चों को पढ़ाना
तैनाती- प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर प्रथम भरखा, राजेपुर
मांग- पुरानी पेंशन बहाल की जाये
कार्य- खेल-खेल में बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करना
आदर्श- भगवान गौतम बुद्ध
संदेश- युवा पीढ़ी समय बर्बाद न करें और मन लगाकर पढ़े



**अम्रता आर्य**
**सहायक अध्यापिका**
**प्राथमिक विद्यालय**
**सलेमपुर प्रथम भरखा**



गांधी जयंती पर बच्चों को जानकारी देती अम्रता आर्या

**शिक्षक दिवस के पूर्व समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में शिक्षकों का निःशुल्क शिक्षा के प्रहरी साक्षात्कार विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है।**

# पार्टी का वोट बढ़ाने वाले को ही दिया जायेगा टिकटः चन्द्रपाल सिंह यादव

▸ बैठक में न आने वाले अपने को समझें पदमुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



बीपी मंडल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा नेता — समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी कार्यालय आवास विकास पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। सामाजिक न्याय के पुरोधा बीपी मंडल की जयंती मनाई गई। सपाईयों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने बैठक का एजेंडा पढ़कर सुनाया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जो भी जन पार्टी में महत्वपूर्ण पद चाहते हैं उन्हें आज से ही पार्टी के सभी कार्यक्रमों में लगना पड़ेगा, तभी पार्टी उन्हें कोई पद देने पर विचार करेगी। साथ ही कहा कि जो भी आने वाले पंचायत चुनाव एवं विधान सभा चुनाव में आवेदन के इच्छुक हैं उन्हें अपने क्षेत्र में वोट बढ़ाने का कार्य प्रमुखता से करना है, पार्टी भी उनके नामों पर वरीयता देगी। इसके साथ ही कहा कि वोट बढ़ाने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। जो लोग वोट बढ़ाने का कार्य करेंगे और वोट बढ़वायेंगे उसी के तहत उन्हें टिकट देने पर विचार किया जायेगा। जनपद स्तर पर संगठन द्वारा जो भी प्रभारी बनाये गये थे, चाहे फ्रंटल हो उन्हें भी भंग किया गया है। जिलाध्यक्ष ने सभी को बैठक में आने के लिए निर्देश दिये। जो बैठक में नहीं आयेगा वह अपने को स्वयं को पदमुक्त समझे। पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू, सर्वेश अंबेडकर, राशिद जमाल सिद्दीकी, इलियास मंसूरी, सुभाष चंद्र शाक्य, समीर यादव, सौरभ कटियार, नागेंद्र शाक्य, बृजेश पाल, रमेश चंद्र कठेरिया, मतीन खान, मोहम्मद इजहार खान, केके यादव, नरेंद्र सिंह यादव, चंद्रेश राजपूत आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर वर शिव शंकर शर्मा, राकेश दिवाकर, सिराजुल अफाक मुन्ना, शैलेंद्र सिंह, अमन चतुर्वेदी, मनोज यादव, रवि यादव, नीलम सिंह चौहान, समीर मिर्जा, रामपाल सिंह यादव, अश्विनी यादव, रोमित सक्सेना, रुकमंगल सिंह, जेपी सिंह, हरीश यादव, बृजेश यादव, देवेंद्र सिंह यादव, जिला प्रवक्ता विवेक यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर दादी प्रकाशमणी को किया गया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


दादी प्रकाशमणी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते ईश्वरदास महाराज

**सर्च लाईट** भवन बीबीगंज में दादी प्रकाशमणी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्यअतिथि श्री श्री 108 ईश्वरदास जी महाराज रहे। उन्होंने कहा कि परिवार में एकता बनाना, परिवार को सही दिशा में ले जाना एक दादी का ही मुख्य कर्तव्य होता है। लोगों को विद्वान, वीर, नैतिक मूल्यों का पान कराने वाली एक ही शाक्ति दादी ही रही। अभी कुछ समय पहले मेरा माउण्ट आबू जाने का मुझे सौभाग्य मिला, जहां हमने अलौकिक दादी की शिक्षाओं से सजे सवरे ऐसे जन-मानस को देखा जो अकथनीय है। ऐसी अवस्था, ऐसी व्यवस्था देखी जो अवर्णनीय थी। हम ऐसी अलौकिक दादी की शिक्षाओं जो कि निमित्त भाव, निर्मान भाव, निर्मलवाणी, हैं को अमल में लाकर स्वयं को श्रेष्ट बनाए यही उनके लिए सच्ची श्रद्धान्जली होगी। बी0के मंजू बहन ने दादी के साथ विताए पल एवं उनकी श्रेष्ट शिक्षाओं के, गुणों के वारे में अवगत कराया। तथा भ्राता सुरेश गोयल, ने अपने विचार रखे एवं सभी बी0के0 भाई-बहनों ने दादी को पुष्पांजली अर्पित की।

# गुरु विरजानंद आर्ष गुरुकुल में नवीन सत्र हवन पूजन के साथ सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


हवन में भाग लेते आर्य समाज के लोग व बालक — समृद्धि न्यूज

**भोलेपुर स्थित** आर्य समाज मंदिर में संचालित गुरु विरजानंद आर्ष गुरुकुल के नवीन शिक्षण सत्र के लिए आज ब्रह्मचारियों का वेदारम्भ संस्कार सम्पन्न हुआ। गुरुकुल के आचार्यो के निर्देशन में बालकों को यग्योपवीत धारण कराकर उनका उपनयन संस्कार किया गया। आचार्य ओमदेव शास्त्री ने ब्रह्मचारियों को गुरुमंत्र देकर उन्हें शिक्षण अवधि में अनुशासित रहने का व्रत दिलवाया। अध्यक्षता मंत्री डॉ0 शिवराम सिंह आर्य ने की। उन्होंने कहा वेदारंभ संस्कार एक व्यक्ति के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। इस संस्कार का उद्देश्य व्यक्ति को वेदों का ज्ञान प्रदान करना है। जिससे वह जीवन के सभी मूल्यों का सही रूप से पालन कर सके। आज मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना हेतु हमे स्वामी दयानंद सरस्वती की बातों का अनुशरण करते हुए वेदों की ओर लौटना होगा। आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि वैदिक काल मे गुरुकुल भारतीय संस्कृति की रीड़ हुआ करते थे, इस लोक से लेकर परलोक तक कि उन्नति का मार्ग गुरुकुलों से प्रसस्त होता था। जिसके लिए गुरुकुलों की स्थापना व सहयोग अत्यंत आवश्यक है। आर्य समाज अपने स्थापना काल से इस दिशा में प्रयासरत है, जिसका परिणाम है कि आज देश मे संस्था के सैकड़ों गुरुकुल बालक व बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार दे रहे हैं। समाज के लोगों को भी इसमें सहयोग करने की आवश्यकता है। हरिओम शास्त्री व आचार्य रामप्रकाश आर्य ने यज्ञ सम्पन्न कराया। पतंजलि महिला समिति की प्रभारी अर्चना द्विवेदी व उनकी टीम के द्वारा ब्रह्मचारियों को पुरस्कार व वस्त्रादि भेंट किये गए। इस अवसर पर राहुल वर्मा, जयपाल शास्त्री, प्रकाश नारायण आर्य, सुरेश चंद्र वर्मा, दफेदार आर्य, डॉ0 गौरव वर्मा, साहिल आर्य, अमित आर्य, मीरा सक्सेना, सुमन चौहान, शशिकला दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा नेताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


मन की बात सुनते भाजपा नेता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के कार्यक्रम को जिले में जगह-जगह सुना गया। इसके चलते पूर्वी नगर मंडल के अंतर्गत आने वाले तलैया फजल इमाम शक्ति केंद्र बूथ संख्या 302 पर मन की बात के कार्यक्रम को सुनने के लिए भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक/मंडल प्रभारी अभिषेक त्रिवेदी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। दिव्यांग प्रकोष्ठ के सह जिला संयोजक डॉ0 अमूल्य गंगवार, जनार्दन गंगवार, सुरेश वाल्मीकि, शोभा रानी सहित कई लोग मौजूद रहे। अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह सार्वजनिक कार्यक्रम है। कार्यक्रम के माध्यम से नरेंद्र मोदी समाज में विशेष योगदान भूमिका निभाने वाले व्यक्तियों को उनका आत्मबल बढ़ाने के लिए उनसे सीधा संपर्क करते हैं।

## खबरें एक नजर में

### प्रत्येक विधानसभा में 75 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा सदस्यता अभियान पश्चिम मण्डल की कार्यशाला का आयोजन सिंधी धर्मशाला में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान 2024 का शुभारंभ एक सितंबर से होना है। प्रत्येक विधानसभा का लक्ष्य 75 हजार सदस्य बनाने का है। प्रत्येक मंडल पर 15000 या प्राप्त मतों का 75 प्रतिशत सदस्य बनने व प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी ने निर्धारित किया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 31 अगस्त को प्रत्येक बूथों पर सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन होगा। उन्होंने कार्यकर्ता, पदाधिकारियों से कहा कि सभी सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करें। पार्टी से निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना है। विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा की सदस्यता अभियान का दायित्व प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी से निभाएं। यह सदस्यता आने वाले 10 वर्षो की कार्ययोजना निर्धारित करने वाली होगी। मण्डल अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने बताया कि सदस्यता अभियान का पहला चरण 1 से 25 सितंबर तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण 1 से 15 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। 16 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक पदाधिकारी कम से कम 200 सदस्य जोड़ने का स्वसंकल्प लेकर के जाए और मंडल को हमेशा की तरह जनपद में प्रथम बनाने में अपनी भूमिका का निर्वाहन करें। मण्डल प्रभारी सरस्वती वर्मा ने हर व्यक्ति को 31 अगस्त को बूथों पर जाकर कार्यशाला को सफल बनाये। इस अवसर पर अभिषेक त्रिवेदी, डीएस राठौर, बबिता पाठक, भास्कर दत्त द्विवेदी, अभिषेक बाथम, वीर बहादुर पाल, अनिल श्रीवास्तव, प्रमोद मिश्रा, रामकिशोर सैनी, विरजु शाक्य, हरगोविंद सैनी, अजीत पांडेय, संजीव गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

### यूपीएस पेंशन स्कीम छलावा हैः राजेश निराला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर सेनापति में सम्पन्न हुई। वक्ताओं ने कहा कि यूपीएस पेंशन स्कीम एनपीएस की तरह एक छलावा है। अगर इतनी अच्छी है तो पहले सांसद, विधायकों पर लागू की जाये। उसके बाद कर्मचारियों पर लागू की जाये। अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष राममुरारी शुक्ला ने कहा कि चित्रकूट में प्रांतीय अधिवेशन में जनपद से आधा सैकड़ा लोग प्रतिभाग करेंगे। जिला मंत्री मुन्नू सिंह तोमर ने कहा कि यूपीएस एक छलावा है। पुरानी पेंशन भीख नहीं बल्कि अधिकार है। शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश संयोजक राजेश निराला ने कहा कि यूपीएस स्कीम अगर इतनी अच्छी है तो सरकार सांसद, विधायकों पर लागू करें। इस मौके पर संरक्षक ज्योति स्वरुप अग्निहोत्री, वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, नानक प्रकाश शुक्ला, बृजमोहन कुमारी, बृजकिशोर सिंह किशोर, विजेन्द्र कुमार श्रीमाली, रमेश पाल सिंह राठौर, देवेन्द्र सिंह गौर, सोवरन सिंह, गोविंद सिंह, शीलचन्द्र पाण्डेय, वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, रामविलास अग्निहोत्री, आनंद त्रिवेदी, अहिवरन सिंह गौर, प्रमोद चन्द्र गंगवार, सेठ बहादुर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने न्याय समिति का गठन कर जिला कार्यालय पर लगायी शिकायत पेटिका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


शिकायत पेटिका के साथ मौजूद कांग्रेसी — समृद्धि न्यूज

**प्रदेश की** जनता अपनी समस्याओं को लेकर पीड़ित हैं, जिनकी कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है और वह त्राहि-त्राहि कर रही है। शासन प्रशासन की उदासीनता के कारण पात्र व्यक्ति को उसका हक नहीं मिल पा रहा है। रविवार को नगला दीना भोलेपुर स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर प्रेसवार्ता में सोशल आउटरिच विभाग के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने बताया कि पेटिका के माध्यम से आने वाली लोगों की तमाम समस्याओं के निस्तारण के लिए जिले स्तर पर न्याय समिति का गठन एवं प्रदेश स्तरीय न्याय समिति का गठन किया जा चुका है। जो समस्यायें जिला स्तरीय है उनका निस्तारण सम्बन्धित कमेटी के द्वारा किया जायेगा। सोशल आउटरीच विभाग की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी कानपुर जोन डॉ0 दीप्ति सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता जो अपनी समस्याओं के निवारण को लेकर काफी लंबे समय से प्रयासरत है, परन्तु शासन के द्वारा उसकी समस्या के निराकरण की दिशा में कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है और न कहीं सुनवाई हो रही है। उक्त मामले पर कांग्रेस पार्टी काफी संजीदा है और जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल आउटरीच विभाग द्वारा कांग्रेस दिलाएगी।

दीप्ति सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के शुरूआती चरण में प्रदेश के उन जनपदों को प्राथमिकता के तौर पर शामिल किया गया, जहां से कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चनुाव में जीत दर्ज की है। इसके साथ ही प्रदेश के जनपद गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ को भी शामिल किया गया था। उत्तर प्रदेश के 19 जिलों में पेटिका लगायी जा चुकी है। फर्रुर्खाबाद जिले में जिला कांग्रेस कार्यालय पर सोशल आउटरीच विभाग द्वारा शिकायत पेटिका रखी जायेगी एवं अन्य पेटिकाएं अपने जनपद स्तर पर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, पुलिस अधीक्षक, विकास भवन, अस्पताल आदि स्थानों पर पेटिका लगाई जायेगी। पेटिका में आई शिकायतों का समुचित निस्तारण जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा। प्रार्थना पत्र में व्हाट्सएप, ई-मेल आइडी व फोन नम्बर लिखा होना जरुरी है। इस अवसर पर कौशलेन्द्र यादव, अर्चना सिंह राठौर, मनोज गंगवार, पूर्ण प्रकाश शुक्ला, जीशान कुरैशी, अमित शर्मा, अमित कुमार, डा0 अरूण अगिनहोत्री, वरूण त्रपाठी, कमल बाथम, आदेश मिश्रा, अनुराग कुमार, ओम प्रकाश सिंह राठौर, अभिनय गंगवार, राजेश सिंह, विवेक वाजपेयी, फरमान, इमरान अंसारी, हिलाल शफीकी आदि पदाधिकारी मौजूद रहें।

# सरकार विकल्प न देकर पुरानी पेंशन बहाल करें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


शिक्षक संतोष कुमार दुबे व सतेन्द्र सिंह

**सरकार द्वारा** यूपीएस का विकल्प देने पर शिक्षकों ने एतराज करते हुए अपनी राय रखी कि एनपीएस से यूपीएस का विकल्प सरकार दे सकती है तो ओपीएस का विकल्प सरकार क्यों नहीं दे रही है।

क्रिश्चियन इंटर कालेज के शिक्षक व शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार दुबे ने बताया कि यदि सरकार एनपीएस से यूपीएस का विकल्प दे सकती है तो फिर ओपीएएस का विकल्प देने में सरकार को क्या दिक्कत है। यदि यूपीएस में बेसिक का 50 प्रतिशत दे सकते है, तो ओपीएस में भी 50 प्रतिशत ही तो देना होता है। नाम बदलने से काम नहीं बदलता है। यह जितनी भी योजनाएं लाई जा रही सभी स्कीम है, तभी तो रोज बदलना पड़ रहा है। अभी तक एनपीएस की तारीफ की जा रही थी, अब यूपीएस की। जबकि सच यह कि ओपीएस ही सामाजिक सुरक्षा का कवच है, जो बुढ़ापे की लाठी है और देश का लाखों कर्मचारी ओपीएस की ही मांग कर रहा है। मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज के शिक्षक व शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री सतेन्द्र सिंह ने सरकार से मांग की है कि पुरानी पेंशन बहाल की जाये। जो कि शिक्षक व कर्मचारियों के हित में है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नवीन योजना यूनाइटेड पेंशन स्कीम (यूपीएस) जो की 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी, लेकिन इसमें 31 मार्च 2025 को रिटायर्ड होने पर वाले कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। इस नवीन योजना की सबसे बड़ी कमी इसमें जीएफ जैसा कोई भी लाभ नहीं मिलेगा तथा पुरानी पेंशन की भांति इसमें हर वर्ष दो बार डीए की बढ़ोतरी भी नहीं होगी, एवं इस नवीन योजना में 25 वर्ष की निश्चित न्यूनतम सेवानिवृत्ति से पहले मूल वेतन के 12 महीने के औसत वेतन का 50 प्रतिशत ही केवल देय होगा। 25 वर्ष न्यूनतम सेवा की बाध्यता इस योजना में नहीं होनी चाहिए थी, जबकि पुरानी पेंशन में 20 वर्ष की न्यूनतम सेवा पर 50 प्रतिशत पेंशन धनराशि हर महीने पेंशन के रूप में वापस होती थी। केंद्र सरकार को सरकारी कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन बहाली की ही घोषणा करनी चाहिए।

# नुक्कड़ नाटक कर रेल संरक्षा जागरुकता के तहत किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरुक करती किरन कुमारी कश्यप

**पूर्वोत्तर रेलवे** भारत स्काउट एवं गाइड महादेवी वर्मा ग्रुप फतेहगढ़ में वरिष्ठ मण्डल संरक्षाधिकारी नीतू के निर्देशन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन ग्रुप लीडर किरन कुमारी कश्यप की देखरेख में आयोजित हुआ। यात्रियों को जागरुक करते हुए जानकारी दी गई कि यात्रा के दौरान ट्रेन में ज्वलनशील पदार्थ स्टोव, गैस सिलेण्डर, कैरोसिन, पैट्रोल, डीजल, विस्फोटक पदार्थ इत्यादि धूम्रपान बीड़ी, सिगरेट, पायेदान यात्रा, छत, वफर पर कपलिंग, चलती रेलगाड़ी में ना एसपी करें, केवल आपात स्थिति में ही एसपी का प्रयोग करें। दिव्यांगजन कोच में अनाधिकृत यात्रा ना करें। ट्रैक पासिंग/ट्रैक के किनारे जानवर मवेशी ना चराये और ना ही ट्रैक को पार करें। सभी को रेल संरक्षण की जानकारी दी और उन सबको जागरूक किया। साथ स्काउट गाइड के बच्चों ने यात्रियों को समझाया और बताया कि आप लोग और लोगों को भी रेल संरक्षण के बारे में बताएं। इस अवसर पर गाइड कैप्टन ज्योति शुक्ला, आरपीएफ और स्टेशन कार्यालय अधीक्षक ने सहयोग किया।

# अनुष्का फाउंडेशन द्वारा क्लब फुट से पीड़ित बच्चों का हुआ चिकित्सीय परीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


पीड़ित बच्चे का परीक्षण करते चिकित्सक

**जब किसी** घर में कोई नवजात जन्म लेता है तो परिवार की खुशियां देखते ही बनती हैं, लेकिन अगर घरवालों को पता चले की बच्चे के पैर टेडे मेडे है तो सारी खुशी न जाने कहां चली जाती है। इसी को लेकर भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जन्मजात दोष से पीड़ित बच्चों का निःशुल्क इलाज किया जाता है। इसी को लेकर कानपुर से आए आर्थो डॉ राजेश वाजपेई ने लोहिया चिकित्सालय में क्लब फुट से पीड़ित बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण किया और डा0 नीरज को इस बारे में बारीकियां भी सिखाई। अनुष्का फाउंडेशन से ब्रांच मैनेजर सैय्यद अली फैजान और क्लब फुट से पीड़ित बच्चे मौजूद रहे। लोहिया अस्पताल में शनिवार को अनुष्का फाउंडेशन से आलोक बाजपेयी ने क्लब फुट से ग्रसित बच्चों का इलाज किया। अब तक 84 बच्चों का इलाज चल रहा है।

# उप निदेशक ने डॉ. रामकृष्ण राजपूत के संग्रहालय के डिजिटलीकरण पर दिया जोर

▸ नीमकरोरी धाम व संकिसा का किया भ्रमण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


संग्रहालय का निरीक्षण करते डा. संजय गर्ग

**राष्ट्रीय** अभिलेखागार के उपनिदेशक डॉ0 संजय गर्ग ने शनिवार को जनपद का दौरा किया और इतिहासविद डॉ0 रामकृष्ण राजपूत के संग्रहालय का भ्रमण किया। संग्रहालय में मौजूद दुर्लभ वस्तुओं और ऐतिहासिक दस्तावेजों ने डॉ0 गर्ग को अत्यंत प्रभावित किया। इसके अलावा उन्होंने नीम करौली धाम और संकिसा का भी दौरा किया। डॉ0 राजपूत के साथ बैठक में डॉ0 गर्ग ने पांडुलिपियों के संरक्षण पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक दस्तावेज राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं और इनका संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने संग्रहालय को और अधिक व्यवस्थित करने और आधुनिक तरीकों से संरक्षित करने पर जोर दिया। डॉ0 गर्ग ने सुझाव देते हुए कहा कि संग्रहालय में मौजूद दस्तावेजों का डिजिटलीकरण किया जाना चाहिए, ताकि उन्हें अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके और संरक्षित किया जा सके। संग्रहालय में एक आधुनिक म्यूजियम गैलरी बनाई जानी चाहिए। जहां इन दुर्लभ वस्तुओं और दस्तावेजों को प्रदर्शित किया जा सके। डॉ0 गर्ग ने पांचाल शोध एवं विकास परिषद् के संयुक्त सचिव भूपेंद्र प्रताप सिंह और मोहम्मद आकिब खां से भी मुलाकात की। उन्होंने जिले के इतिहास और संस्कृति के संरक्षण के लिए परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की और भविष्य में और अधिक सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### नेशनल म्यूजियम की टीम ने संग्रहालय का किया गहन निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** राष्ट्रीय संग्रहालय के महानिदेशक डॉ0 बीआर मणि के निर्देश पर नेशनल म्यूजियम की एक टीम ने जिले के प्रख्यात इतिहासविद डॉ0 रामकृष्ण राजपूत के निजी संग्रहालय का भ्रमण किया। नेशनल म्यूजियम सहायक क्यूरेटर योगेश मल्लीनाथपुर ने डॉ0 राजपूत के संग्रह में मौजूद प्राचीन सिक्कों, हस्तलिपियों और विभिन्न कलाकृतियों का गहन निरीक्षण किया। इनमें से कई वस्तुएं ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। विशेषज्ञों ने संग्रह में मौजूद दुर्लभ वस्तुओं और ऐतिहासिक दस्तावेजों की प्रशंसा की। नेशनल म्यूजियम की टीम ने डॉ0 राजपूत के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि वे इस संग्रह को वैज्ञानिक तरीके से संरक्षित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। साथ ही वे इस संग्रह को जनता के लिए प्रदर्शित करने की भी योजना बना रहे हैं।

# युवा पीढ़ी के राजनीति में आने से विकसित भारत का लक्ष्य जल्द होगा हासिल : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर उनके आह्वान पर बड़ी संख्या में ऐसे नौजवान राजनीति में आने के लिये तैयार बैठे हैं जिनकी पृष्ठभूमि राजनीतिक नहीं है और इससे देश को विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए नयी उर्जा, नया जोश एवं नया अनुभव मिलेगा।

श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में इसका उल्लेख करते हुए कहा कि इस साल उन्होंने लाल किले से बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीतिक व्यवस्था से जोड़ने का आह्वान किया है। उनकी इस बात पर जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई है।



इससे पता चलता है कि कितनी बड़ी संख्या में देश के युवा, राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं। बस उन्हें सही मौके और सही मार्गदर्शन की तलाश है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें इस विषय पर देश-भर के युवाओं के पत्र भी मिले हैं। सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों ने कई तरह के सुझाव भी भेजे हैं। कुछ युवाओं ने पत्र में लिखा है कि ये उनके लिए वाकई अकल्पनीय है। दादा या माता-पिता की कोई राजनीतिक विरासत नहीं होने की वजह से, वे, राजनीति में चाहकर भी नहीं आ पाते थे। कुछ युवाओं ने लिखा कि उनके पास जमीनी स्तर पर काम करने का अच्छा अनुभव है, इसलिए, वे लोगों की समस्याओं को सुलझाने में मददगार बन सकते हैं।

### हर घर तिरंगा अभियान ने देश को एकसूत्र में बांध दिया : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर तिरंगा और पूरा देश तिरंगा अभियान की कामयाबी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आज कहा कि हर घर तिरंगा वेबसाइट पर की गयीं पाँच करोड़ से ज्यादा सेल्फी ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया है। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में इसका उल्लेख करते हुए कहा कि 'हर घर तिरंगा और पूरा देश तिरंगा' इस बार ये अभियान अपनी पूरी ऊंचाई पर रहा। देश के कोने-कोने से इस अभियान से जुड़ी अद्भुत तस्वीरें सामने आई हैं। हमने घरों पर तिरंगा लहराते देखा – स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय में तिरंगा देखा। लोगों ने अपनी दुकानों, दफ्तरों में तिरंगा लगाया, लोगों ने अपने डेस्कटॉप, मोबाइल और गाड़ियों में भी तिरंगा लगाया। जब लोग एक साथ जुड़कर अपनी भावना प्रकट करते हैं, तो इसी तरह हर अभियान को चार चाँद लग जाते हैं। उन्होंने टीवी स्क्रीन पर तस्वीरों को साझा करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के रियासी की हैं। यहाँ 750 मीटर लंबे झंडे के साथ तिरंगा रैली निकाली गई और ये रैली दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज पर निकाली गई। जिसने भी इन तस्वीरों को देखा, उसका मन खुशी से झूम उठा। श्रीनगर के डल लेक में भी तिरंगा यात्रा की मनमोहक तस्वीरें हम सबने देखी। अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट कामेंग जिले में भी 600 फुट लंबे तिरंगे के साथ यात्रा निकाली गई। देश के अन्य राज्यों में भी इसी तरह, हर उम्र के लोग, ऐसी तिरंगा यात्राओं में शामिल हुए। स्वतंत्रता दिवस अब एक सामाजिक पर्व भी बनता जा रहा है, ये, आपने भी अनुभव किया होगा। लोग अपने घरों को तिरंगा माला से सजाते हैं। 'स्वयं सहायता समूह' से जुड़ी महिलाएं लाखों झंडे तैयार करती हैं। ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर तिरंगे में रंगे सामानों की बिक्री बढ़ जाती है। श्री मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के हर कोने, जल-थल-नभ- हर जगह हमारे झंडे के तीन रंग दिखाई दिए। हर घर तिरंगा वेबसाइट पर पाँच करोड़ से ज्यादा सेल्फी भी पोस्ट की गई। इस अभियान ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया है और यही तो 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' है।

## मन की बात से मिलती है समृद्ध भारत की प्रेरणा

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को इंदिरानगर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 113वां संस्करण सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम युवा पीढ़ी, मातृशक्ति के उत्थान एवं सभी को प्रेरणा देने का काम करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बेहतर और समृद्ध भारत की प्रेरणा भी मिलती है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के कोने-कोने में हो रहे उत्कृष्ट कार्य को आगे लाने का काम किया है। ऐसे अनगिनत कार्य देश के सामने लाए गए हैं, जिस ओर किसी का ध्यान नहीं जाता था। इस कार्यक्रम के माध्यम से छोटे स्थानों पर होने वाले बड़े कार्यों को देश-दुनिया के सामने लाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी लोगों के प्रयासों को प्रोत्साहन देकर उनका विश्वास जगाते हैं।



प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में तिरंगा यात्रा का जिक्र किया। मनुष्य और जानवरों के बीच के प्रेम पर भी प्रकाश डाला है। क्रिएटिविटी के माध्यम से जानवरों की रक्षा एवं फिट इंडिया के बारे में भी प्रधानमंत्री ने सभी को बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम ने यह एहसास कराया कि भारत देश एक बड़े परिवार की भांति है। जहां हर एक नागरिक की देश को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पुनः विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। पूरी दुनिया प्रधानमंत्री की बातों को पूर्ण गंभीरता से लेती है। भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

### मजबूत किया जा रहा आत्मनिर्भर भारत की नींव

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आयुष्मान भारत के तहत 10 करोड़ परिवारों को पांच लाख तक का बीमा प्रदान किया गया है। हर साल किसान सम्मान निधि को सीधा लाभार्थियों के खातों में भेजा जा रहा है। फसल बीमा योजना से किसानों की फसल को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, मुद्रा योजना के माध्यम से युवाओं को रोजगार एवं आत्मनिर्भर भारत की नींव को मजबूत किया जा रहा है।

### सदस्यता अभियान-2024 में भी शामिल हुए मुख्यमंत्री धामी

कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भाजपा महानगर देहरादून की ओर से आयोजित सदस्यता अभियान-2024 में भी सम्मलित हुए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक सविता कपूर, खजान दास, दुर्गेश्वर लाल, बंशीधर भगत आदि उपस्थित थे।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच सीईसीए पर नवंबर में होगी अगले दौर की बातचीत

- भारत वऑस्ट्रेलिया सीईसीए वार्ता का 10वां दौर सिडनी में आयोजित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्?ट्रेलिया के अधिकारी व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर अगले दौर की बातचीत नवंबर में कर सकते हैं। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (सीईसीए) वार्ता का दसवां दौर 19-22 अगस्त को ऑस्ट्रेयिा के सिडनी में संपन हुआ।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में बताया कि भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच सीईसीए वार्ता का दसवां दौर 19-22 अगस्त को सिडनी में संपन्?न हो गया है। इस बैठक में वस्तुओं, सेवाओं, डिजिटल व्यापार, सरकारी खरीद, वस्तु उत्पत्ति



के नियम और कृषि-तकनीक के क्षेत्रों पर बातचीत हुई। मंत्रलाय के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच प्रत्येक विषय पर गहन चर्चा हुई। मंत्रालय के मुताबिक सीईसीए वार्ता का अगला दौर नवंबर में होने की संभावना है। मंत्रालय ने कहा कि सीईसीए वार्ता का 10वां दौर 9वें दौर के समापन से लगभग 5 महीने के अंतराल के बाद आयोजित किया गया। हालांकि, इन सभी ट्रैक के साथ-साथ अन्य शेष ट्रैक पर अभिसरण लाने के लिए इन दोनों राउंड के बीच अंतर-सत्रीय बैठकें आयोजित की गईं। बयान के मुताबिक ऑस्ट्रेलियाई पक्ष ने अगले दौर की वार्ता से पहले 23 सितंबर को भारत-ऑस्ट्रेलिया कृषि तकनीक मंच (आईएएटीएफ) की पहली बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है। इस नए मंच का गठन ऑस्ट्रेलिया ने किया है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि सीईसीए वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के मुख्य वार्ताकार और अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने किया।

### खत्म हुआ भारत-श्रीलंका की सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास मित्र शक्ति

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका की सेनाओं के बीच श्रीलंका के मदुरु ओया स्थित आर्मी ट्रेनिंग स्कूल में चल रहा संयुक्त सैन्य अभ्यास मित्र शक्ति का समापन रविवार को भव्य समारोह के साथ हो गया। अभ्यास के आखिरी दिन भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने श्रीलंका के सीडीएस जनरल शैवेन्द्र सिल्वा से टेलीफोनिक वार्ता करके दोनों देशों की सेनाओं के संयुक्त सैन्य अभ्यास मित्र शक्ति सहित आपसी हित और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। भारत और श्रीलंका के बीच 12 अगस्त से शुरू हुए संयुक्त सैन्य अभ्यास मित्र शक्ति के 10वें संस्करण का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना और शहरी आतंकवाद से निपटने में क्षमताओं को बढ़ाना और दोनों सेनाओं के बीच सहयोग को मजबूत करना था। इस लिहाज से भारतीय और श्रीलंकाई सेना के बीच अंतर-संचालन क्षमता में वृद्धि होने के साथ ही आपसी सहयोग मजबूत हुआ।

## चिराग पासवान फिर बने लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

एजेंसी

**रांची (झारखंड)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की रविवार को होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान सेवा विमान से रांची पहुंचे थे। रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल रेडिशन ब्लू तक पार्टी कार्यकर्ताओं ने चिराग पासवान का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक हिस्सा लिया, जहां सर्वसम्मति से उन्हें लोजपा का फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने का बाद उन्होंने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया।

इसके पूर्व एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि उनकी इच्छा है कि राज्य में उनकी पार्टी विधानसभा का चुनाव लड़े और अपनी पार्टी की मजबूत उपस्थिति झारखंड में दर्ज कराए। हम इस राज्य के लिए बेहतर सोचते हैं। चिराग पासवान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वह बिहारी हैं और जब उन्होंने जन्म लिया था तब बिहार झारखंड एक था। आज वह केंद्र की सरकार में मजबूत विभाग के मंत्री हैं। ऐसे में वह चाहेंगे कि यह राज्य विकास के मामले में मजबूती से आगे बढ़े। अपने विभाग के माध्यम से वह राज्य की हरसंभव मदद करने की कोशिश करेंगे। चिराग पासवान ने कहा कि आज रांची में होने वाली पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में कई एजेंडे पर चर्चा होगी, जिसमें एससी-एसटी आरक्षण में उप वर्गीकरण के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर भी बात होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस मामले पर जल्द केंद्र सरकार सकारात्मक फैसला ले लेगी। इसके बाद वे सीधा बिरसा चौक गये, जहां उन्होंने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## खबरें एक नजर में

### झारखंड में बीजेपी नेताओं के खिलाफ केस दर्ज

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव का ऐलान अक्टूबर में होना तय माना जा रहा है। राज्य में चुनाव से पहले ही सियासी दलों में संग्राम छिड़ गया है। ऐसे में एक बड़ी खबर सामने आई है। बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जिसके बाद से बीजेपी मुश्किलों से घिर गई है। झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी मुश्किल में घिरती दिखाई दे रही है। राज्य में पुलिस ने बीजेपी नेताओं के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने केंद्रीय मंत्री संजय सेठ समेत कई भाजपा सांसदों और विधायकों पर भड़काऊ भाषण देने के आरोप में मामला दर्ज किया है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफविरोध प्रदर्शन करते हुए सीएम आवास का घेराव किया। पुलिस का आरोप है कि बीजेपी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़े और पुलिस पर पथराव भी किया हालांकि पुलिस ने बीजेपी प्रदर्शनकारियों को सीएम आवास के बाहर विरोध करने की इजाजत नहीं दी थी। इसी दौरान हंगामा शुरू हो गया। पुलिस ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन कर रहे बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पहले पथराव किया। जिसके बदले में पुलिस ने पानी की बौछारें और आंसू गैस के गोले छोड़े साथ ही पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। इसके साथ ही वहां उपस्थित केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ समेत कई विधायकों और सांसदों पर भड़काऊ भाषण देने का भी आरोप लगाते हुए थ्् दर्ज किया है जिसे लेकर विपक्ष भी बीजेपी पर हमलावर है। सवाल ये उठ रहे है कि क्या चुनाव से पहले ही हार के डर से बौखलाई बीजेपी राज्य का माहौल खराब करने के लिए हिंसा का रास्ता अपना रही है।

### खेल के प्रति आपका जुनून हमेशा याद आएगा : कोहली

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली ने अपने पूर्व साथी खिलाड़ी शिखर धवन के अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा के बाद उनके लिए एक भावुक नोट लिखा है। कोहली ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि आपने हमें अनगिनत यादें दी हैं। खेल के प्रति आपका जुनून हमेशा याद आएगा। विराट ने एक्स पर लिखा, %%शिखर, आपके निडर डेब्यू से लेकर भारत के भरोसेमंद सलामी बल्लेबाजों में से एक बनने तक, आपने हमें संजोने के लिए अनगिनत यादें दी हैं। खेल के प्रति आपका जुनून, आपकी खेल भावना और आपकी ट्रेडमार्क मुस्कान याद आएगी, लेकिन आपकी विरासत हमेशा जिंदा रहेगी। यादों, अविस्मरणीय प्रदर्शन और हमेशा दिल से नेतृत्व करने के लिए धन्यवाद। मैदान से बाहर आपकी अगली पारी के लिए आपको शुभकामनाएं गब्बर ।%% भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी थी। उनके ऐलान के एक दिन बाद विराट कोहली ने इस पर प्रतिक्रिया दी है।

### विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा करेंगे टोंगा का दौरा

**नई दिल्ली।** विदेश और कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा 28-29 अगस्त को प्रशांत द्वीप समूह फोरम के (पीआईएफ) नेताओं की संवाद भागीदारों के साथ बैठक में भाग लेने के लिए टोंगा दौरा करेंगे। प्रशांत द्वीप मंच (पीआईएफ) प्रशांत क्षेत्र में शीर्ष अंतर-सरकारी संगठन है, जिसमें 18 सदस्य हैं, अर्थात् ऑस्ट्रेलिया, कुक द्वीप समूह, माइक्रोनेशिया, फिजी, फ्रेंच, पोलिनेशिया, किरिबाती, नाउरू, न्यू कैलेडोनिया, न्यूजीलैंड, नियू, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी, मार्शल द्वीप, समोआ, सोलोमन द्वीप, टोंगा, तुवालु और वानुअतु। 2002 से भारत इस मंच का संवाद भागीदार रहा है।

### विधायक ने खूंटी में शौचालय निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**खूंटी।** आजादी से पूर्व हमारे पुरखों ने जिस उद्देश्य से खूंटी की हृदयस्थली में महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला का निर्माण कराया था, उसे सार्थक बनाने की आवश्यकता है। अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान की अध्यक्षता में गठित नई कमेटी जिस प्रकार से इस धर्मशाला के पुराने स्वरूप को विकसित करने का काम कर रही है, वह सराहनीय है। मुझे पूरा विश्वास है कि धर्मशाला निर्माण का उद्देश्य निश्चित ही पूरा होगा। ये बातें खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कही। विधायक रविवार को महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला में अपनी विधायक निधि से बनने वाले 10 यूनिट शौचालय निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस धर्मशाला में लोगों को हर तरह की सुविधा मिल सके, इसके लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। अगली बार जब वह विधायक चुने जाएंगे, तो इस धर्मशाला में जो भी कमियां रह गई हैं उन्हे प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर इसे सुविधा संपन्न धर्मशाला के रूप में विकसित किया जाएगा।

## भगवान महाकाल की नगरी में धूमधाम से मनाया जाएगा जन्माष्टमी का पर्व

एजेंसी

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन में सोमवार, 26 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। भगवान कृष्ण के सभी धार्मिक स्थलों पर कृष्ण जन्माष्टमी की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। भगवान कृष्ण की शिक्षा स्थली जहां भगवान ने 14 विद्याएं और 64 कलाएं सीखी थी, ऐसे सुप्रसिद्ध सांदीपनि आश्रम में जन्माष्टमी के भव्य आयोजन की तैयारियां की गई है।

सांदीपनि आश्रम के प्रमुख पुजारी पंडित रूपम व्यास ने बताया कि जन्माष्टमी के दिन प्रात 7 से रात्रि 11 तक श्रद्धालु लाइन में लगकर भगवान के दर्शन कर सकेंगे। आश्रम में संस्कृति विभाग के माध्यम से भगवान कृष्ण की लीलाओं पर केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। रात्रि 10.30 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जन्माष्ठमी पर्व में शामिल होंगे और भगवान का दर्शन, पूजन और अभिषेक करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव महाआरती में भी शामिल होंगे। श्रद्धालु रात्रि 1 बजे तक भगवान के दर्शन कर सकेंगे। भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता के प्रसिद्ध स्थल नारायणा धाम, महिदपुर में भी कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा। 25 से 27 अगस्त तक मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा नारायण धाम में श्री कृष्णा आख्यान की कला अभिव्यक्तियां थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को धार के श्वेता गुंजन जोशी और साथी द्वारा भक्ति गायन तथा मथुरा के गिरधर गोपाल शर्मा और साथी द्वारा रासलीला की प्रस्तुति दी जाएगी। गोपाल मंदिर उज्जैन के प्रशासक अजय धनके ने बताया कि बाबा महाकाल की सवारी और कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व एक ही दिन होने से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह हैं। इस शुभ अवसर पर सोमवार को शाम 6 बजे गोपाल मंदिर पर हरिहर मिलन होगा। रात्रि 10 बजे मुख्यमंत्री डॉ. यादव गोपाल मंदिर में भगवान का दर्शन करेंगे। रात्रि 12 बजे तक भगवान के दर्शन पूजन, अभिषेक और आरती की जाएगी।

### पालनार कैंप के आपसास के गांवों के युवाओं ने की शाह से मुलाकात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों के कैंप पालनार के आसपास के 5 गांवों के युवाओं ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से रविवार को रायपुर में मुलाकात की। इनमें से कई युवा पहली बार बीजापुर से निकलकर राजधानी रायपुर पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे। गृहमंत्री शाह ने इन बच्चों से हाल-चाल पूछा और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इन बच्चों ने राजधानी रायपुर के भ्रमण के दौरान पुरखौती मुक्तागन, महानदी भवन मंत्रालय, मीवान स्टील प्लांट, मैग्नेटो मॉल, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, पुरखौती मुक्तांगन, रेलवे स्टेशन और मैग्नेटो माल का भ्रमण किये। 23 अगस्त की रात को ही ये युवा रायपुर पहुंच चुके थे। युवा कल गंगरेल बांध घूमते हुए वापस बीजापुर लौट जाएंगे। गृहमंत्री शाह भी 23 अगस्त को तीन दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे थे।

## ऐलान : देहरा व हरोली को मिली बड़ी सौगातें

- सीएम सुख शिक्षा योजना' व 'राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना की शुरुआत

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने दो नई योजनाओं का ऐलान किया है। इनमें 'मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना' और 'राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में रविवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। कैबिनेट में मुख्यमंत्री सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के विधानसभा हलकों देहरा और हरोली के लिए भी बड़ी घोषणाएं हुई हैं।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि कैबिनेट ने 'मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना' लागू करने का फैसला लिया। इस योजना का उद्देश्य विधवाओं, निराश्रित महिलाओं, तलाकशुदा महिलाओं और दिव्यांग अभिभावकों को अपने बच्चों का पालन-पोषण और



शिक्षा प्रदान करने में सहयोग प्रदान करना है। योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त योजना के तहत स्नातक, स्नातकोत्तर और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की फीस और छात्रावास व्यय के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। कैबिनेट में 'राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना-2023' के तहत ई-टैक्सियों की खरीद के लिए 10 प्रतिशत मार्जिन मनी जमा कराने और बैंक द्वारा ऋण की किश्त के वितरण के उपरान्त तीन माह के भीतर 50 प्रतिशत उपदान प्रदान करने को भी मंजूरी दी गई। इस योजना का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए यूको बैंक को ऋण स्वीकृति के लिए नोडल बैंक नामित किया गया है और हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक व कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक को प्रैफर्ड बैंक के रूप में नामित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को 7.9 प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज दर पर ऋण प्रदान किया जाएगा। कैबिनेट ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के दौरान नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी में पहले से दाखिल बच्चों के लिए आयु में छः माह की छूट को स्वीकृति प्रदान की। इससे उन्हें पहली कक्षा तक अगली उच्च कक्षाओं में दाखिले की अनुमति मिल सकेगी।

## महिलाओं से पुरानी परंपराओं पर सवाल उठाने की अपील है पीछा करती परछाइयां

समृद्धि न्यूज

**मुंबई।** कुछ साल पहले, जब इला अरुण को थिएटर विशेषज्ञ और लाइटिंग डिजाइनर निसार अल्लाना ने हेनरिक इब्सेन के नाटक को रूपांतरित करने के लिए आमंत्रित किया, तो इला ने इस नॉर्वेजियन नाटककार की कहानियों में खुद को डुबो दिया। इला को उनकी रचनाएं इतनी प्रासंगिक लगीं कि वे उन्हें भारतीय संदर्भ में पुनः कल्पित करने लगीं। 2016 में पहली बार उनके द्वारा इब्सेन के लिखे गए नाटक घोस्ट्स का रूपांतरण पीछा करती परछाइयाँ, मंच पर प्रदर्शित किया गया और अब इसका टेलीप्ले संस्करण ज़ी थियेटर के माध्यम से छोटे पर्दे पर उपलब्ध होगा।

इस नाटक का निर्देशन अभिनेता और निर्देशक के के रैना ने किया है और भारत भर में पचास से अधिक सफल प्रस्तुतियों के बाद, इसका प्रीमियर 25 अगस्त को



टाटा प्ले पर होगा। इला ने इब्सेन की कहानी को एक पारम्परिक राजस्थानी घराने में बसाया है, जहाँ पीढ़ीगत वेदना व्यापित है। इला इसमें रानी यशोधरा (बाई साहेब) की केंद्रीय भूमिका निभा रही हैं, जो परंपरा और परिवार की इज्जत के कारण अपने दिवंगत पति महाराजा कुंवर विराज भानु प्रताप सिंह के राज़ छिपाने के लिए मजबूर है। लेकिन जब ये विषैले राज़ वर्तमान में प्रकट होते हैं, तो उसके युवा पुत्र पर विनाशकारी प्रभाव डालते हैं। ये मार्मिक भूमिका टीवी कलाकार परम सिंह ने निभाई है। के के रैना इसमें एक पितृसत्तात्मक पुजारी का किरदार निभाते नजर आएंगे। इसमें प्रियाम्वदा कांत और विजय कश्यप भी महत्वपूर्ण किरदारों में नज़र आएंगे। टेलीप्ले का फिल्मांकन निर्देशक सौरभ श्रीवास्तव ने किया है । अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, इला कहती हैं, ÷मैं राजस्थान से हूँ और वहाँ के माहौल की समझ ने मुझे बाई साहेब के उलझे हुए चरित्र को जीवंत करने में मदद की। राजस्थानी महिलाएँ बहुत कोमल और पारम्परिक लगती हैं, लेकिन साथ ही वे एक योद्धा का शौर्य भी रखती हैं। बाई साहेब भी एक पारंपरिक महिला हैं और संकट के समय में वह अपने बेटे की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करती है। नाटक में निहित नारीवाद के बारे में बात करते हुए, इला कहती हैं, कोई फर्क नहीं पड़ता कि एक महिला किस युग की है, क्योंकि उसे हमेशा एक महिला ही समझा जाता है और उस से हर युग में परंपरा के अनुसार चलने की उम्मीद की जाती है।

स्वच्छ महोबा स्वस्थ्य महोबा सुन्दर महोबा

महोबा संरक्षण एवं विकास समिति व नगर पालिका परिषद, महोबा

के संयुक्त तत्वाधान में वीरभूमि के प्राचीन ऐतिहासिक कजली मेला की 843वीं वर्षगाँठ पर आयोजित

"महोबा कजली महोत्सव-2024"

के पावन अवसर पर समस्त आगन्तुक अतिथियों, क्षेत्रवासियों का हार्दिक अभिनंदन करते हैं।

इस अवसर पर

नगर पालिका परिषद, महोबा अपने सम्मानित नागरिकों से अपील करती है कि :-



- महोबा नगर आपका है इसलिए इसे साफ-सुथरा बनाने में सहयोग करें।
- कचरे को निर्धारित स्थलों पर डस्टबिन में ही डालें।
- अपने पशुओं को सड़क पर अन्ना न छोड़ें। कृपया बाँधकर रखें।
- मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु स्थापित लाइटों को क्षति न पहुँचायें।
- प्रतिबन्धित सिंगल यूज प्लास्टिक व थर्माकोल से बने उत्पादों का प्रयोग न करें।
- अपने समस्त करों का भुगतान समय से करके विकास में सहभागी बनें।



(अवधेश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, महोबा



(सन्तोष चौरसिया)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, महोबा



(राम प्रकाश)
अपर जिलाधिकारी (वि0रा0)
महोबा



(मृदुल चौधरी)
जिलाधिकारी
महोबा